www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 1 नवम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक-207 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए





देश में लोकतंत्र व एकता का आधार सरदार पटेल के... 02

■ दिल्ली नगर निगम की बैठक में फिर हंगामा
■ प्रदूषण व डेंगू के खिलाफ कांग्रेस पार्षदों ने किया... 03

■ इजराइल ने हमास के सैकड़ों ठिकानों पर किए हमले
■ गाजा के नीचे 400 किलोमीटर से अधिक लंबी सुरंगें 07

अभिनेत्री सत्यमवदा सिंह की 'चांद जलने लगा'... 10

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति व उप राष्ट्रपति ने सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को आज उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सरदार पटेल की जयंती को देश भर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्रीमती मुर्मू और श्री धनखड़ ने मंगलवार को यहां पटेल चौक स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मेरी माटी-मेरा देश अमृत कलश यात्रा का समापन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली के कर्तव्य-पथ पर मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर कर्तव्य पथ एक ऐतिहासिक महायज्ञ का साक्षी बन रहा है। इस दौरान उन्होंने देशभर से लाई गई मिट्टी को भारत कलश में डालकर तिलक लगाया और वीरों और वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि दी। पीएम ने मेरा युवा भारत पोर्टल भी लॉन्च किया।

### दो नवम्बर को केजरीवाल को गिरफ्तार करने की तैयारी : आतिशी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से डर लगता है इसलिए दो नवम्बर को उन्हें गिरफ़्तार करने की तैयारी है। सुश्री आतिशी ने कहा कि श्री केजरीवाल से ख़ौफ़ खाए बैठे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा उन्हें गिरफ़्तार करने की तैयारी में है।

### सारा अब्दुल्ला से तलाक ले चुके हैं सचिन पायलट



**जयपुर।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट अपनी पत्नी सारा अबदुल्ला से तलाक ले चुके हैं। उनके चुनावी हलफनामे से यह खुलासा हुआ है। सारा अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला की बेटी हैं। सचिन पायलट और सारा अबदुल्ला की शादी 2004 में हुई थी।

### कुपवाड़ा में वाहन खाई में गिरने से 4 की मौत


**श्रीनगर।** जम्मू एवं कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में मंगलवार को एक वाहन के खाई में गिरने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, कुपवाड़ा जिले के करनाह के नवागाबरा इलाके में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद वाहन खाई में गिर गया।

---

हैकिंग अलर्ट पर सियासी उबाल

# विपक्षी नेताओं की जासूसी करवा रही सरकार : राहुल

## राहुल बोले, सरकार की नीतियों के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहेंगे



**मेरे ऑफिस के लोगों के साथ ही विपक्ष के कई नेताओं को यह मैसेज आया है। हमारे पास इसकी पूरी लिस्ट है : राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

■ कांग्रेस नेता ने कहा, वे इससे डरने वाले नहीं हैं
■ विपक्ष के नेताओं को एप्पल का नोटिस आया

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को सरकार पर जासूसी कराने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष के नेताओं के फोन की टेपिंग हो रही है और उनके कार्यालय में भी इसी तरह की गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है लेकिन वह डरने वाले नहीं है और सरकार की नीतियों के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहेंगे। श्री गांधी ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्ष के नेताओं की जासूसी हो रही है और उनका कार्यालय भी इसकी जद में है।

विपक्ष के नेताओं को एप्पल का नोटिस आया है जिसमें लिखा है कि सरकार द्वारा आपके फोन को हैक करने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा ये मैसेज मेरे ऑफिस के लोगों के साथ ही विपक्ष के कई नेताओं को आया है। हमारे पास इसकी पूरी लिस्ट है। सरकार अब विपक्ष के नेताओं की जासूसी कर रही है। आज ही एप्पल का नोटिफिकेशन आया है कि आप सरकार के निशाने पर हैं। सरकार हमारी जासूसी करा रही है। हमारे फोन टेप कराए जा रहे हैं लेकिन सरकार को समझ लेना चाहिए की इससे उन पर कोई फर्क नहीं पड़ता। जितना टेपिंग करना चाहिए, जितना फोन रिकॉर्ड करना चाहिए करे, हम पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ता।

**मुद्दों से ध्यान भटकने का काम कर रही सरकार**

श्री गांधी ने कहा मेरे कार्यालय में भी कई लोगों को इस तरह का संदेश मिला है। केसी वेणुगोपाल, सुप्रिया श्रीनेत, पवन खेड़ा को भी यह संदेश मिला है। इस तरह के काम करके भाजपा सरकार मुद्दों से ध्यान भटकने का काम कर रही है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सरकार उनके तथा विपक्ष के अन्य नेताओं के फोन की टेपिंग करवा रही है। इस संदर्भ में उन्होंने सबूत के तौर पर फोन निर्माता कंपनी से ई-मेल पर मिली चेतावनी की प्रति भी संवाददाता सम्मेलन के दौरान दिखाई। उनका कहना था सरकार के इशारे पर हमलावर उनके फोन से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं।

**इन नेताओं ने शेयर किए स्क्रीनशॉट्स**

- तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा
- शिवसेना (उद्धव) प्रियंका चतुर्वेदी
- कांग्रेस नेता शशि थरूर
- कांग्रेस नेता पवन खेड़ा
- कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल
- कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ऑफिस वर्कर्स
- एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी
- आप सांसद राघव चड्ढा
- सपा नेता अखिलेश यादव

**कुछ की आलोचना करना आदत हो गई : अश्विनी**

केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, इस देश में हमारे कुछ आलोचक हैं जिनकी आलोचना करने की आदत हो गई है। ये लोग देश की उन्नति को पचा नहीं सकते। एप्पल ने 150 देशों में ये सूचना जारी की है। एप्पल के पास कोई जानकारी नहीं है।

### मोदी सरकार में नंबर एक की हैसियत में है अडानी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार में उद्योगपति अडानी नंबर एक की हैसियत में है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वही करते हैं जो अडानी कहते हैं। श्री गांधी ने कहा मोदी की आत्मा अडानी में है और उनकी ताकत अडानी के पास है। श्री मोदी वही करने को विवश होते है जो अडानी उनसे करवाना चाहते हैं। देश के सभी क्षेत्रों के उद्योगों पर अडानी का एकाधिकार है और वह आए दिन हर उद्योग पर कब्जा कर रहे है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जैसे ही अडानी पर सवाल उठाए जाते हैं ईडी, सीबीडी सक्रिय हो जाती हैं लेकिन मोदी सरकार को समझ लेना चाहिए कि अब अडानी बच नहीं सकते। पूरे देश की और पूरे विपक्ष की निगाह अडानी पर है और सरकार का प्रयास लोगों को भटकाने का है।

---

कांग्रेस ने राजस्थान के लिए चौथी सूची की जारी

# गौरव वल्लभ को टिकट धारीवाल का नाम नहीं



■ अब तक 151 सीटों के प्रत्याशी घोषित हो चुके

**56 प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया**

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कई दौर की बैठकों के बाद कांग्रेस पार्टी ने अपनी चौथी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने इस लिस्ट 56 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए है। इसमें भी पार्टी ने अधिकतर पुराने विधायकों को ही फिर चुनावी रण में उतारा है। 200 विधानसभा सीटों में से अब तक 151 सीटों के प्रत्याशी घोषित हो चुके है। अब 49 सीटों की घोषणा बाकी है। पार्टी की इस लिस्ट में भी मंत्री शांति धारीवाल, महेश जोशी और धर्मेंद्र राठौड़ का नाम नहीं है। कांग्रेस ने उदयपुर से राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ को उम्मीदवार बनाया है, जबकि पूर्व विदेश मंत्री और भाजपा के दिवंगत नेता जसवंत सिंह के बेटे मानवेंद्र सिंह को सिवाना से टिकट दिया गया। यह टिकट राहुल गांधी के कोटे का माना जा रहा है। कांग्रेस ने पायलट गुट के विधायक खिलाड़ी लाल बैरवा का टिकट काट दिया गया है, जबकि नसीराबाद से शिवप्रकाश गुर्जर नए चेहरे को उतारा गया है। बीकानेर पूर्व से यशपाल गहलोत, पीलीबंगा से विनोद गोठवाल, श्रीमाधापुर से दीपेंद्र सिंह शेखावत, रानीवाड़ा से रतन देवासी, खंडेला से महादेव सिंह को चुनाव मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस ने मांडल से एक बार फिर राजस्व मंत्री रामलाल जाट को चुनाव मैदान में उतारा है। बूंदी से हरिमोहन शर्मा के नाम पर मुहर लगाई गई है। तिजारा से इमरान खान को टिकट दिया गया है। कुछ दिन पहले ही उन्हें बसपा ने अपना प्रत्याशी घोषित किया था। उनका मुकाबला भाजपा के बाबा बालकनाथ से होगा। इमरान तिजारा इलाके में मजबूत चेहरा हैं, जबकि वरिष्ठ नेता दुर्रुमियां का टिकट काट दिया गया है। पार्टी ने कुंभलगढ़ से गणेश परमार के पुत्र योगेश को टिकट दिया है। पाली की बाली विधानसभा सीट से बद्रीराम जाखड़ को कांग्रेस का टिकट दिया गया है।

---

सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बॉन्ड पर हुई सुनवाई

# चुनावी बॉन्ड से हो रही घूसखोरी

## प्रशांत भूषण ने कहा, चुनावी बॉन्ड में पारदर्शिता नहीं होने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा



■ सारी जानकारियां सार्वजनिक हो

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजनीतिक दलों को चंदा देने की चुनावी बॉन्ड व्यवस्था के खिलाफ याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के पहले दिन याचिकाकर्ता पक्ष ने जिरह की। याचिकाकर्ताओं की तरफ से प्रशांत भूषण और कपिल सिब्बल समेत दूसरे वकीलों ने इस व्यवस्था को अपारदर्शी बताया और इससे भ्रष्टाचार की आशंका जताई। बुधवार को इस पर सरकार जवाब देगी।

वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के सामने कहा कि चुनावी बॉन्ड योजना दरअसल कॉर्पोरेट घरानों से रिश्वत लेने का एक तरीका है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के बारे में जानकारी के नागरिकों के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है। शीर्ष अदालत के पिछले फैसलों का हवाला देते हुए भूषण ने कहा कि अगर नागरिकों को उम्मीदवारों के बारे में जानने का अधिकार है, तो उन्हें निश्चित रूप से यह भी जानने का अधिकार है कि राजनीतिक दल को कौन फंड कर रहा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की एक संवैधानिक पीठ मामले की सुनवाई कर रही है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की जनहित याचिका पर दलील देते हुए भूषण ने बताया कि इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम ने एक अपारदर्शी उपकरण पेश किया है। इस वजह से सरकार के अलावा किसी को पता नहीं चल पाता कि किसने किसको कितना योगदान दिया।

---

मराठा आरक्षण को लेकर आंदोलन हिंसक हुआ

# पुणे-मुंबई हाईवे जाम, धाराशिव में ट्रेन रोकी

■ आठ जिलों में किया जा रहा है प्रदर्शन
■ उस्मानाबाद में भी प्रशासन ने कर्फ्यू लगाया



**बीड,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर शुरू हुआ आंदोलन हिंसक हो गया है। यह राज्य के मराठवाड़ा इलाके के 8 जिलों में फैल गया है। इनके अलावा पुणे, अहमदनगर में भी प्रदर्शन हो रहे हैं। मुंबई-पुणे एक्सप्रेस पर 6 किमी जाम लग गया। इन शहरों में आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं।

बीड और माजलगांव के बाद मंगलवार को जालना के पंचायत बॉडी ऑफिस में आग लगा दी गई। इसके पहले उमरगा कस्बे के नजदीक तुरोरी गांव में भी सोमवार देर रात आगजनी हुई। तुरोरी में प्रदर्शनकारियों ने कर्नाटक डिपो की एक बस में आग लगा दी थी।

**सरकार ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई**

राज्य सरकार ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उधर, इस आंदोलन से सबसे ज्यादा प्रभावित बीड शहर के बाद उस्मानाबाद में भी प्रशासन ने कर्फ्यू लगा दिया है। बीड में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। वहीं, जालना शहर में भी पिछले 12 घंटों में तीन लोगों ने सुसाइड करने की कोशिश की। यहां भी पिछले 13 दिनों से प्रदर्शन जारी है। शिंदे सरकार विधानसभा का स्पेशल सेशन बुलाने पर विचार कर रही है। सके लिए कैबिनेट मीटिंग हो सकती है। इसमें मराठाओं को आरक्षण देने के लिए अध्यादेश लाया जा सकता है। आंदोलन के नेता मनोज जारंगे ने कहा कि आधा नहीं, पूरा आरक्षण लेंगे। कोई भी ताकत आ जाए, महाराष्ट्र के मराठा नहीं रुकेंगे। विधायकों, सांसदों को आरक्षण मिलने तक मुंबई में रहना चाहिए।

---

गजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी जानकारी

# अब तक 8,525 फिलिस्तीनी मारे गए



**मरने वालों में से 130 स्वास्थ्य कार्यकर्ता**

**तेल अवीव,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। गजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि 7 अक्टूबर के हमास के हमलों के बाद से इजरायली सेना के हमलों में 8,525 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि मरने वालों में से 130 स्वास्थ्य कार्यकर्ता थे। बयान में यह भी कहा गया कि 15 अस्पताल नष्ट हो गए।

बयान में कहा गया है कि कम से कम 32 स्वास्थ्य देखभाल केंद्र भी नष्ट हो गए और काम नहीं कर रहे हैं। गाजा के अल-शिफा अस्पताल ने कहा कि ईंधन की कमी के कारण, अस्पताल के जनरेटर बंद हो जाएंगे, जिससे एक बड़ी स्वास्थ्य आपदा होगी। शिफा अस्पताल के प्रवक्ता महदित अब्बास ने बताया कि 50,000 विस्थापित लोग शिफा अस्पताल में हैं। इजरायल का यह आरोप कि अस्पताल हमास लड़ाकों का ठिकाना है, पूरी तरह से झूठ और निराधार है। अब्बास ने आगे कहा, इजरायली सेना अस्पताल में छिपे लड़ाकों की एक भी तस्वीर जारी नहीं कर सकी। वे कल्पना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की दुनिया में गए, उसका समर्थन करने के लिए, जो उन्होंने अपनी कल्पना में खींची थी। अल-शिफा अस्पताल के प्रवक्ता ने दुनिया भर के पत्रकारों और अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस को भी अस्पताल का दौरा करने और खुद यह देखने के लिए आमंत्रित किया कि क्या अस्पताल पर लड़ाकों का कब्जा है।

---

# चंद्रबाबू नायडू 52 दिन बाद जेल से रिहा हुए



■ सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**राजमुंदरी,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। कथित कौशल विकास घोटाले में 52 दिन जेल में बिताने के बाद आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्राबाबू नायडू मंगलवार को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय से मिली अंतरिम जमानत के बाद राजमुंदरी केंद्रीय कारागार से बाहर आ गए।

जेल से बाहर आने के बाद उनके परिवार के सदस्यों और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के नेताओं और सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जेल के बाहर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने 40 साल लंबे राजनीतिक करियर में उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। उन्होंने कहा, न तो मैंने कुछ गलत किया और न ही किसी को कुछ गलत करने दिया। नायडू ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना तथा देश-विदेश के अन्य हिस्सों में तेलुगु लोगों को उनके समर्थन और एकजुटता के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वह उनके समर्थन और मुख्यमंत्री के रूप में उनके किए गए विकास कार्यों को उजागर करने के लिए हमेशा उनके ऋणी रहेंगे। टीडीपी प्रमुख ने राजनीतिक दलों और उनके नेताओं को भी उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

---

# मणिपुर में पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या

**संदिग्ध आतंकवादियों ने पुलिस दल पर किया हमला**

**इंफाल,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। संदिग्ध उग्रवादियों ने मंगलवार को मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के मोरेह में एसडीपीओ की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि संदिग्ध आतंकवादियों ने पुलिस दल पर उस समय हमला किया जब वे मोरेह के ईस्टर्न शाइन स्कूल मैदान में एक हेलीपैड के प्रस्तावित निर्माण स्थल की समीक्षा कर रहे थे, जिसमें एसडीपीओ चिंगथम आनंद कुमार घायल हो गए, जिन्हें तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। मारे गए पुलिस अधिकारी के पेट में गोली लगी थी। आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

---

**मौसम** *मौसम विभाग के बताया, नवम्बर में नहीं सताएगी सर्दी*

# नवम्बर में थोड़ा गर्म रहेगा मौसम

**नई दिल्ली, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। अक्टूबर में ठंडक का एहसास होने लगा, लेकिन नवम्बर का महीना कैसा बीतेगा ? मौसम विभाग की मानें तो नवंबर में देश के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर रह सकता है। इसका मतलब नवंबर थोड़ा गरम रह सकता है। मौसम विभाग ने कहा है कि उत्तर पश्चिम एवं पश्चिम मध्य भारत के कुछ इलाकों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में नवंबर में अधिकतम तापमान के सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।**

**सामान्य से ऊपर रह सकता है न्यूनतम तापमान**

मौसम विभाग ने मंगलवार को कहा कि उत्तर पूर्वी मॉनसून के तहत दक्षिण भारत के मुख्य क्षेत्र में 1901 के बाद छठी बार अक्टूबर में सबसे कम बारिश हुई है। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि 1980 से 2022 के आंकड़ों से पता चलता है कि तमिलनाडु और आसपास के क्षेत्रों में उत्तर पूर्वी मॉनसून के तहत बारिश की शुरुआत में विलंब की प्रवृत्ति है।



**अक्टूबर में कम बारिश हुई**

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उत्तर पूर्वी मॉनसून के तहत दक्षिण प्रायद्वीप के मुख्य क्षेत्र में 1901 के बाद अक्टूबर के महीने में छठी बार सबसे कम बारिश हुई है।

**अल नीनो का असर**

दक्षिणी प्रायद्वीप में तटीय आंध्र प्रदेश के पांच उपमंडल, रायलसीमा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, दक्षिणी कर्नाटक के अंदरुनी हिस्से और केरल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जब-जब अल नीनो और हिंद महासागर डिपोल सक्रिय था तब-तब तमिलनाडु और उसके आसपास के इलाकों में अक्टूबर के महीने में कम बारिश दर्ज की गई है।

# देश

उवाच

"यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इंडिया अलायंस गठबंधन की आंतरिक स्थिति वर्तमान में अच्छी नहीं है और पांच राज्यों में चुनाव की पूर्व संध्या पर ऐसा नहीं होना चाहिए।

-उमर अब्दुल्ल, नेकां के उपाध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 28.0 | 20.0 |
| मुंबई | 31.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 23.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 26.0 |

# देश में लोकतंत्र व एकता का आधार सरदार पटेल के विचार : ओम बिरला

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आधुनिक भारत को आकार देने में सरदार पटेल के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि एक सशक्त संविधान तैयार करने में लौह पुरुष की सराहनीय भूमिका को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कि सरदार पटेल के विचार हमारे देश में लोकतंत्र व एकता का आधार हैं। बिरला ने कहा कि हमारे पास एक मजबूत और महत्वपूर्ण संविधान है, जो सरदार पटेल जैसे हमारे नेताओं के अथक प्रयासों का परिणाम है। बिरला ने यह भी कहा कि सरदार पटेल का जीवन हम सभी के लिए एक प्रेरणास्रोत है, जिससे हमें पूरी निष्ठा से देश के कल्याण के लिए समर्पित होने की प्रेरणा मिलती है। बिरला ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों का उद्गम स्थल या लोकतंत्र की जननी कहलाने वाले भारत के पास एक महत्वपूर्ण विरासत है। बिरला ने इस बात का उल्लेख भी किया कि सरदार पटेल जैसे नेताओं के अमूल्य योगदान से देश की लोकतांत्रिक विरासत समृद्ध हुई है। बिरला ने भारत की आजादी के समय विभिन्न रियासतों को एकजुट करते हुए उन्हें नवगठित राष्ट्र में शामिल करने में सरदार पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख भी किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के कारण ही सरदार पटेल को आधुनिक भारत के वास्तुकार की उपाधि मिली।



■ सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर की श्रद्धांजलि अर्पित

### सरदार पटेल की दृढ़ प्रतिबद्धता का किया उल्लेख

ओम बिरला ने एकजुट और समावेशी भारत के प्रति सरदार पटेल की दृढ़ प्रतिबद्धता के बारे में भी बात की, जो हमारे देश के लोकतंत्र और एकता की आधारशिला है। बिरला ने आगे कहा कि सरदार पटेल का दृष्टिकोण, नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का शाश्वत स्रोत रहेगी। बिरला ने कार्यक्रम के आयोजन स्थल, संविधान सदन और विशेष रूप से विदेशी अधीनता से स्वतंत्रता के बाद लोकतंत्र की स्थापना तथा राष्ट्र-निर्माण की यात्रा के साक्षी रहे प्रतिष्ठित केंद्रीय कक्ष के महत्व के बारे में भी बात की। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री और वस्त्र मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय विधि और न्याय, संसदीय कार्य और संस्कृति राज्य मंत्री, अर्जुन राम मेघवाल और राज्य सभा में विपक्ष के नेता, मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की।

संसद सदस्यों, पूर्व संसद सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और राज्य सभा के महासचिव, पी.सी. मोदी तथा लोक सभा और राज्य सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दी।

### प्रतिभागियों को दिलाई एकता की शपथ

लोकसभा अध्यक्ष ने युवा प्रतिभागियों से कहा कि यह गर्व की बात है कि सरदार पटेल ने हमारे देश और देशवासियों के प्रति अटूट समर्पण की भावना के साथ, इसी कक्ष में बैठकर एक मजबूत संविधान तैयार किया, जिससे प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए अधिकार, समानता और न्याय सुनिश्चित हुआ। बिरला ने प्रतिभागियों को एकता की शपथ दिलाई और उनसे अपने और देश के सुनहरे भविष्य के लिए दृढ़ संकल्प से प्रयास करने का आग्रह किया। यह कहते हुए कि नए भारत का निर्माण नई पीढ़ी द्वारा किया जाएगा। बिरला ने प्रतिभागियों से नई ऊर्जा से चुनौतियों का सामना करते हुए नई दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया। इस अवसर पर उत्तराखंड विधान सभा की अध्यक्ष, ऋतु खंडूरी भूषण भी उपस्थित।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर उत्तर रेलवे ने रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया

**नई दिल्ली,** 31 नवम्बर (देशबन्धु) उत्तर रेलवे ने भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया। इस अवसर पर, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री शोभन चौधुरी ने स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली में उत्तर रेलवे मुख्यालय कार्यालय और दिल्ली मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों को 'एकता शपथ' दिलाई। ए. के. सिंघल, अपर महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे, सुखविंदर सिंह मंडल रेल प्रबंधक, दिल्ली और दिल्ली मंडल के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। रेलवे सुरक्षा बल टीम द्वारा मार्च पास्ट का भी आयोजन किया गया। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी द्वारा 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमें उत्तर रेलवे और दिल्ली मंडल के लगभग 200 अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्टेट एंट्री रोड, कनॉट प्लेस इनर सर्कल और फिर वापसी में दौड़कर उत्साहपूर्वक भाग लिया।



## फोन हैक कर जासूसी की कोशिश कर रही सरकार : अखिलेश यादव

**लखनऊ,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि सरकार को वरिष्ठ नेताओं के मोबाइल फोन हैक और जासूसी के आरोपों की जांच करानी चाहिए और बताना चाहिए कि ऐसा क्यों किया जा रहा है। पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यादव ने कहा कि मुझे एप्पल कंपनी से मैसेज मिला कि आपका फोन हैक किया जा रहा है। यह बहुत अफसोस की बात है कि सत्ता के इशारे पर वरिष्ठ नेताओं के फोन राज्य की एजेन्सियां हैक कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि वे लोकतंत्र में आपकी आजादी और निजता क्यों छीनना चाहते हैं। यह जासूसी क्यों और वह भी इस हद तक कि बड़े नेताओं के फोन सर्विलांस पर लिए जा रहे हैं। लोकतंत्र में ऐसी किसी चीज के लिए कोई जगह नहीं है। सरकार को जांच करानी चाहिए और बताना चाहिए कि ऐसा क्यों हो रहा है।



मेरा भी फोन हैक किया गया, जांच कराए सरकार : यादव

भाजपा सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

यादव ने कहा फोन हैंकिंग के शिकार विभिन्न राजनीतिक दलों के कई वरिष्ठ नेता हैं मगर सत्ता में बैठे लोगों को पता होना चाहिए कि जब जनता आपके खिलाफ हो तो यह जासूसी क्या कर लेगी।

मेरा मानना है कि यह निगरानी, दूसरों के फोन हैक करना, इसके लिए विशेषज्ञों को नियुक्त करना और अन्य देशों से मदद लेना, यह उन लोगों द्वारा किया जा रहा है जिन्हें लोकतंत्र पसंद नहीं है।

### सत्ताधारी काम करें, कान न लगाएं

अखिलेश ने कहा कि जासूसी कराने वालों के अपने दल वाले इससे ज्यादा डरे हैं। बेहतर होता कि सत्ताधारी काम करें, कान न लगाएं। उन्होंने मीडिया से कहा कि हमारी तैयारी से भाजपा के लोग घबराए हुए हैं। यह भाजपा के वही लोग हैं, जो लोगों को मिलने से पहले उन्हें साबुन से नहलाते हैं। इस देश ने वो समय भी देखा है, अगर किसी ने छू लिया तो नहा करके आते थे। छुआ हुआ खाना नहीं खाते थे।

## सार संक्षेप

### सेना कमांडर ने लद्दाख के अग्रिम इलाकों का किया दौरा

**श्रीनगर।** उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने मंगलवार को सर्दियों के लिए ऑपरेशनल तैयारियों और सीमा रक्षा बुनियादी ढांचे के विकास की समीक्षा करने के लिए लद्दाख के अग्रिम इलाकों का दौरा किया। सेना मई 2020 में चीन के साथ गतिरोध के बाद लद्दाख की बर्फीली ऊंचाइयों पर लगातार चौथी बार सर्दियों की तैयारी कर रही है।

### ओडिशा में छापेमारी के दौरान 71 अवैध हथियार जब्त

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मयूरभंज जिले के सिमिलिपाल अभयारण्य के पास दूसरे चरण की छापेमारी के दौरान मंगलवार को वन और पुलिस कर्मियों ने 71 अवैध हथियार जब्त किए। इससे पहले अगस्त में पहले चरण की छापेमारी में 156 देशी बंदूकें जब्त की गईं और 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इसके साथ ही अभयारण्य से जब्त किए गए हथियारों की कुल संख्या 227 हो गई। गत अगस्त में सिमिलिपाल में शिकारियों द्वारा दो वन अधिकारियों की हत्या के बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने बेखौफ घूम रहे और जंगली जानवरों को मारने वाले शिकारियों को पकड़ने के लिए जंगल में तीन प्लाटून पुलिस बल तैनात किया गया है।

### केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर के खिलाफ मामला दर्ज

**कोच्चि।** केरल पुलिस ने बम धमाकों के बारे में बयान देने को लेकर केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रविवार सुबह यहां के येहोवा में एक प्रार्थना सभा कक्ष में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों को लेकर चंद्रशेखर की ओर से दिए गए बयान को लेकर मामला दर्ज किया। कोच्चि पुलिस की साइबर सेल ने सार्वजनिक आदेश का उल्लंघन करने के लिए धारा 120, धारा 153 व धारा 153 ए के तहत मामले दर्ज किए।

### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से तीन की मौत

**दमोह/भोपाल।** मप्र के दमोह जिला मुख्यालय में अवैध रूप से संचालित एक पटाखा फैक्ट्री में आज विस्फोट होने से तीन लोगों की मौत हो गयी और 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें एक को जबलपुर रैफर किया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस घटना में दुख व्यक्त किया है। पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के अनुसार दमोह कोतवाली थाना अंतर्गत नया बाजार 5 बड़े पुल के पास अवैध रूप से संचालित एक पटाखा फैक्ट्री में दोपहर अचानक विस्फोट हो गया। इस घटना में अपूर्व खटीक, रिंकी और एक अन्य की मौत हो गई। इस घटना में दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बीएसइबी कार्यालय पर एसटीईटी अभ्यर्थियों का हंगामा

**पटना,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के तरफ से हर साल अब तक एक बार माध्यमिक शिक्षा पात्रता परीक्षा (एसटीईटी) का आयोजन किया जाता है। इसमें राज्यभर के शिक्षक अभ्यर्थी हिस्सा लेते हैं। इसके पीछे का मकसद होता है कि वह राज्य सरकार के तरफ से सरकारी टीचर बनने को लेकर जो परीक्षा ली जा रही है उसमें शामिल होने के पात्र हो। इस परीक्षा में मूल रूप से बीएड, डीएलएड, एमएड डिग्री वाले शामिल होते हैं। ऐसे में इस बार जो परीक्षा आयोगित की गई उसमें बड़े पैमाने पर सर्वर गड़बड़ी की बातें निकल कर सामने आ रही है। जिसको लेकर टीचर स्टूडेंट लगातार बीएसइबी का चक्कर काट रहे हैं। ऐसे में अब आज एक बार फिर इन अभ्यर्थी ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति गेट के पास जमकर हंगामा किया है।



■ बोर्ड की गड़बड़ी से बदला विषय, अब नहीं हो रहा सुधार

दरअसल, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के तरफ से इस बार जो एसटीईटी परीक्षा ली की गई थी उसमें सर्वर समस्या के कारण कई स्टूडेंट के विषय बदल दिए गए। इसके बाद इन स्टूडेंट ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति आकर सुधार को लेकर आवेदन भी दिया। उसके बाद उन्हें यह कहा गया कि आपलोग पहले परीक्षा में शामिल हो इस समस्या को बाद में दूर कर लिया जाएगा। इसके बाद अब ये अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और परीक्षा का परिणाम भी जारी कर दिया।

### शिवराज के बयान पर कमलनाथ का पलटवार

## जय-वीरू ने ही किया था गब्बर के अत्याचार का हिसाब

**भोपाल,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले राज्य में मंगलवार को शोले फेम जय-वीरू की जोड़ी के सुर्खियों में बने रहने के बीच पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को संबोधित करते हुए कहा कि जय और वीरु ने ही अत्याचारी गब्बर सिंह का हिसाब किया था। कमलनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, शिवराज जी, जय और वीरु ने ही अत्याचारी गब्बर सिंह का हिसाब किया था। मध्य प्रदेश 18 साल से अत्याचार से त्रस्त है। अत्याचार के अंत का समय आ गया है। बाक़ी आप समझदार हैं। इसके पहले शिवराज चौहान ने बिना किसी का नाम लिए कहा था कि कांग्रेस की जय-वीरू की जोड़ी के बीच लूट के माल के बंटवारे का झगड़ा है। समझा जा रहा है कि उनका ये बयान कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के संदर्भ में था। गौरतलब है कि दिग्विजय सिंह और कमलनाथ के बीच आ रही अनबन की खबरों पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तंज कसा था, जबकि कमलनाथ इन खबरों को पूरी तरह से फेक बता चुके हैं।



मध्य प्रदेश 18 साल से अत्याचार से त्रस्त है अब अत्याचार के अंत का समय आ गया है : कमलनाथ

#### यह बोले थे शिवराज

शिवराज ने सवाल उठाते हुए कहा था कि यह जय और वीरू की जोड़ी है, जिसे दिल्ली बुलाया गया। अब वो कहते हैं कि भाजपा भ्रम फैला रही है तो दिल्ली क्यों बुला रही है! कांग्रेस के जय और वीरू झगड़ रहे हैं और ये लड़ रहे हैं लूट के माल के लिए। जय और वीरू तो लूटते ही थे, इनका झगड़ा है लूट के माल के लिए। पहले भी 2003 तक मिस्टर बंटाधार में पूरे प्रदेश को लूटा और बर्बाद कर दिया सवा साल में कमलनाथ जी ने भी लूट का अड्डा बना दिया था। अब आगे कौन लूटे और कितना लूटे और उसमें कितनी हिस्सेदारी हो झगड़ा इनका केवल इस बात का है। अब दिल्ली भी पता नहीं इन पर किस मुद्दों पर चर्चा कर रही है। क्या दिल्ली भी इसमें शामिल है। विधानसभा चुनाव के इस दौर में दोनों ही पार्टियों के नेताओं की ओर से चुनावी तीर छोड़े जा रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जहां पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर निशाना साथ रहे हैं। वहीं, जवाब में कमलनाथ भी शिवराज सिंह पर बराबर हमला कर रहे हैं। जय-वीरू और गब्बर से पहले भी शिवराज और कमलनाथ दोनों एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करते रहे हैं।

### केंद्रीय नेतृत्व के दौरों को लेकर हुई दिल्ली में बैठक : कांग्रेस

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को सोमवार को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दिल्ली बुलाए जाने की खबरों को लेकर कमलनाथ ने कहा कि मध्य प्रदेश चुनाव के मद्देनजर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के प्रदेश में दौरों को लेकर दिल्ली में बैठक हुई थी। कमलनाथ ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के प्रदेश में दौरों को लेकर कल दिल्ली में बैठक हुई। बैठक में तीनों नेताओं के दौरे और सभाओं को लेकर विचार मंथन हुआ।

## नीतीश सरकार ने युवाओं के साथ किया बड़ा धोखा : उपेंद्र कुशवाहा

**पटना,**31 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार में शिक्षक बहाली को लेकर घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ जहां सरकार इसे अपनी बड़ी उपलब्धि बता रही है तो वहीं विपक्षी दल शिक्षकों की नियुक्ति में फर्जीवाड़ा का आरोप लगा रहे हैं। जीतन राम मांझी के बाद अब राष्ट्रीय लोक जनता दल के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने भी कहा है कि नीतीश-तेजस्वी की सरकार ने बिहार के युवाओं के साथ बड़ा धोखा किया है।

उपेंद्र कुशवाहा ने कहा है कि ऐसा लग रहा है जैसे बिहार सरकार ने राज्य के नौजवानों के साथ मजाक किया है। तेजस्वी यादव जब बिहार के डिप्टी सीएम नहीं थे तब बहुत घोषणा कर रहे थे उनकी सरकार आएगी तो बिहार में डोमिसाइल नीति लागू करेंगे और बिहार के युवाओं को नौकरी मिले इसको सुनिश्चित करेंगे। बिहार में अब उनकी सरकार है लेकिन जो पहले से थोड़ी सी सुरक्षा थी राज्य के नौजवानों के लिए उसे भी समाप्त कर के ओपन फॉर ऑल कर दिया गया। जिसका नतीजा हुआ कि बिहार के युवाओं की बड़े पैमाने पर हकमारी हो गई और पड़ोसी राज्य के युवा यहां आकर नौकरी कर रहे हैं।



■ शिक्षकों की नियुक्ति में फर्जीवाड़ा का लगाया आरोप

### नियुक्ति पत्र देकर दिखावा करना चाहती है सरकार

राष्ट्रीय लोक जनता दल के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि बिहार की सरकार ने पूरी तरह से राज्य के युवाओं के साथ खिलवाड़ किया है। जिस तरह से शिक्षक भर्ती परीक्षा का रिजल्ट आया है, बिहार के नौजवानों और शिक्षक अभ्यर्थियों के मन में परेशानी दिख रही है। सरकार आनन-फानन में काम करती है तो नजीता यही होता है। इतना ही नहीं बहुत सारे लोग जो पहले से नौकरी कर रहे हैं उनके फिर से नियुक्ति पत्र देकर सरकार दिखावा करना चाहती है। ऐसे हालात में बिहार की सरकार पूरे अराजक माहौल में चल रही है।

## कॉलेज में घुसकर प्रोफेसर को मारी गोली

**पटना/सीतामढ़ी,**31 अक्टूबर (देशबन्धु)। सीतामढ़ी जिले के श्री राधा कृष्ण गोयनका कॉलेज में घुसकर अपराधियों ने प्रोफेसर को गोली मार दी है। जख्मी प्रोफेसर को इलाज के लिए सीतामढ़ी शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रोफेसर का नाम रवि पाठक है। बता दें कि वे कॉलेज में फिजिक्स डिपार्टमेंट के एसओडी पद पर हैं और वे अपनी ड्यूटी पर थे। इसी दौरान अपराधी कॉलेज के अंदर घुसे और प्रोफेसर को गोली मार दी। घटना के बाद कॉलेज परिसर में अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर सदर डीएसपी रामकृष्ण पहुंचे और मामले की तफ्तीश में जुट गए। प्रोफेसर को गोली लगने के वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल कायम है। बताया जा रहा है कि रवि पाठक कॉलेज परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बैठे थे इसी दौरान अपराधी पहुंचे और उनके ऊपर फायर कर दी। इस दौरान गोली रवि पाठक के जबड़े में गोली लगी। बताया जा रहा है कि उनकी स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। कॉलेज में ठेकेदारी का काम भी बड़े व्यापक तौर पर चल रहा है ऐसे में ठेकेदारी के वर्चस्व को लेकर रवि पाठक को निशाना बनाए जाने की बात सामने आ रही है।

## उपद्रवियों ने हमारे विधायक प्रत्याशी पर हमला किया : चंद्रशेखर राव

**मिर्यालागुडा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने मंगलवार को मिर्यालागुडा में आयोजित आशीर्वाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीआरएस उम्मीदवार भास्कर राव को एक लाख वोटों से जिताएं। सभी महत्वपूर्ण बैठकों में भास्कर राव मेरे साथ रहते हैं। तेलंगाना में दस साल से कर्फ्यू नहीं लगा, कोई धार्मिक दंगा नहीं हुआ। राज्य शांतिपूर्वक प्रगति कर रहा है। राज्य के गठन के समय प्रति व्यक्ति आय में तेलंगाना का स्थान कहीं न कहीं था, आज हम शीर्ष पर हैं। एक-एक कर सब कुछ ठीक करते हुए, तेलंगाना केवल दस वर्षों में प्रति व्यक्ति आय में 70 वर्षों से चले आ रहे तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों को पछाड़कर नंबर एक पर है। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि प्रति व्यक्ति बिजली खपत में तेलंगाना नंबर वन है। हर घर में पेयजल आपूर्ति करने वाले राज्यों में तेलंगाना नंबर एक पर है। जल्द ही सिंचाई के पानी का कष्ट भी पूरी तरह से दूर हो जाएगा। किसान वर्ग को समग्र विकास की राह पर ले जाने की यात्रा इसी तरह चलती रहे तो बेहतर होगा। दूसरे लोग आएँगे तो अनावश्यक परेशानी होगी। कांग्रेस के उपद्रवियों ने हमारे बीआरएस सांसद और विधायक प्रत्याशी पर चाकुओं से हमला किया। उसकी जान बचाई जा सकी है। हमने कभी अराजकता, बुराइयां, अत्याचार, षडयंत्र, झगड़े नहीं किये। परमेश्वर की शक्ति ने लोगों का भला किया है। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि पहले हर साल हैदराबाद में चाकूबाजी, सांप्रदायिक दंगे और कर्फ्यू होते थे। लेकिन पिछले दस साल से चींटी ने भी नहीं काटा। बीआरएस ने अल्पसंख्यकों के लिए कई सरकारी आवासीय विद्यालय स्थापित किए हैं।



चिंता | *कम नहीं हो रहीं जम्मू फ्रंटियर के बार्डर से सटे गांवों में रहने वालों की परेशानियां*

# पिछले कुछ वर्षों में पाक बढ़ाता जा रहा गोलीबारी का दायरा

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। जम्मू फ्रंटियर के गांवों में रहने वालों की दुखभरी दास्तानों की शुरुआत फिर से हो गई है। जम्मू सीमा पर गोलाबारी का क्रम फिर से आरंभ हो गया है। नतीजन गांवों के उजड़ने और बसने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।**

यह भी एक कड़वा सच है कि जम्मू बार्डर के गांवों का हर घर सीने पर पाकिस्तानी गोलियों का जख्म लिए हुए है। और फिर से आरंभ हुई गोलीबारी ने एक बार फिर दन जख्मों को हरा कर दिया है। शायद ही किसी घर की ऐसी दीवार हो जिस पर गोलाबारी के निशान न हों। बच्चों को तो सुरक्षित स्थानों पर भेज देते हैं, लेकिन परिवार का हिस्सा पशु धन को किसके हवाले छोड़ें। ऐसा मंजर है, पाकिस्तान से लगते बार्डर से सटे अरनिया क्षेत्र के गांवों का। एक साल के बाद फिर से पाक सेना द्वारा सीजफायर उल्लंघन का ही परिणाम है कि अला गांव के सैनी समुदाय के लोग अपना दुखड़ा बयां करते भावुक हो जाते हैं।



■ पाकिस्तान रेंजरों द्वारा दागे जा रहे अधिक क्षमता वाले मोर्टार शेल

सभी लोग गोधन को लेकर चिंतित हैं। गायों व भैंसों को खुला छोड़ नहीं सकते और गले में रस्सी बंधी हो और वह मर जाए, यह कैसे सहन करेंगे। अतीत में गोलाबारी के कारण कई लोगों को औने-पौने दाम में पशुओं को बेचना पड़ा।

अबकी चिंता यह भी है कि गांव व घर छोड़कर चले जाएं तो कहीं चोर सक्रिय न हो जाएं। इस कारण उनकी नींद भी उड़ चुकी है। हालांकि एक साल से इंटरनेशनल बार्डर पर शांति बनी हुई थी। पर यह सच है कि पिछले वर्षों में पाक गोलाबारी का रेंज बढ़ाता ही जा रहा है। पिछले कुछ वर्ष से पाक रेंजरों ने अपनी तोपों के रेंज बढ़ाकर सीधा भारतीय रिहायशी गांवों की तरफ निशाना साध रखा था। जीरो लाइन के अलावा छह किमी के दायरे के गांव भी अब पाक गोलाबारी से सुरक्षित नहीं माने जाते रहे हैं। बार्डर के साथ लगते साबा, रामगढ़, अरनिया, आरएस पुरा, हीरानगर, अखनूर, पल्लांवाला, छंब आदि सेक्टरों में होने वाली पाक गोलाबारी से रिहायशी गावों पर गोलाबारी का संकट है। पाक रेंजरों की तरफ से आम लोगों को नुकसान पहुंचाने के लिए हर किस्म के अधिक क्षमता वाले मोर्टार शेलों को भी चार दिन पहले हुई गोलाबारी में प्रयोग में लाया गया है।

मौजूदा समय में अरनिया सेक्टर में पाक रेंजरों द्वारा दागे गए अधिक क्षमता वाले मोर्टार शेल इस बात का पुख्ता सबूत हैं। पाक रेंजरों ने अरनिया सेक्टर में अधिक क्षमता वाले ऐसे कई मोर्टार शेल दागे, जिनसे हर तरफ तबाही का मंजर स्थापित हुआ। पाक की इन नापाक हरकतों और आम जनता को पहुंचाए जाने वाले नुकसान ने अब सीमांत लोगों के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। पाक तोपों के बढ़ते रेंज के आगे सीमात लोगों को अब कहीं पर भी अपना जीवन सुरक्षित महसूस नहीं होता। वर्ष 2015 से लेकर मौजूदा समय तक पाक गोलाबारी की शैली में लगातार बदलाव हुआ है। पहले तो सरहद पर होने वाली पाक गोलाबारी का सिलसिला जीरो लाइन तक ही सीमित रहता था, जिसका आम जनजीवन पर कोई असर नहीं पड़ता था।

**उल्टा पुल्टा**

पत्नी : तुम्हारे इस नरक में तुम्हारी गुलामी करते-करते मैं तंग आ गई। लगता है पिछले जन्म में मैंने बहुत बुरे कर्म किए होंगे।
पति : तो अब तो अच्छे कर लो।
मायके जाओ और मेरे घर को स्वर्ग बनाओ...!!!
फिर हुई पतिदेव की जोरदार कुटाई...

# दिल्ली नगर निगम की बैठक में फिर हंगामा

■ कांग्रेस व भाजपा के पार्षदों ने सदन में किया प्रदर्शन ■ हंगामे के बीच पेश 58 प्रस्तावों में 54 को मिली मंजूरी




**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम की मंगलवार को बुलाई गई सदन की बैठक एक बार फिर हंगामें की भेंट चढ़ गई। इस हंगामें के बीच ही 58 प्रस्ताव पेश किए गए जिनमें से 54 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई वहीं तीन प्रस्तावों को स्थगित और एक प्रस्ताव को रद्द कर दिया गया। दरअसल सदन की कार्यवाही का वक्त 11 बजे तय था लेकिन करीब 20 मिनट देरी से पहुंची महापौर के सदन में आते ही भाजपा पाषर्दों ने इस पर आपत्ति जताई। वहीं कांग्रेसी पार्षदों ने डेंगू के आंकडों के मुद्दे और प्रदूषण और सूचीबद्ध एजेंडा पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। कांग्रेस के सदस्यों ने राष्ट्रीय राजधानी में डेंगू के मामलों से जुड़े आंकड़े जारी करने में पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाया और प्रदूषण के मुद्दे पर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। कुछ ने हाथो में तख्तियां और पोस्टर लिए हुए थे। इनमें से कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश बेंच पर चढ़ गई और प्रदर्शन करने लगी। वहीं भाजपा के पार्षदों ने सूचीबद्ध एजेंडा पर प्रदर्शन किया। विपक्षीय सभी पार्षदों ने एजेंडा की कॉपी फाडकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बीच महापौर ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। मेयर ने कहा कि आज की बैठक में भी सबसे शर्मनाक ये रहा कि विपक्ष के पार्षदों ने सदन की कार्यवाही में बाधा डाली। सदन की शुरुआत होने से पहले ही हंगामा किया। उनसे बार-बार आग्रह किया गया की शांतिपूर्वक सदन चलने दें और सदन की गरिमा बनाए रखें, ताकि दिल्ली की जनता व निगम कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की जा सके।

### पांच हजार कर्मचारियों को नियमित करने का प्रस्ताव पास

दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल और नेता सदन मुकेश गोयल के साथ आज महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित किया। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि अक्तूबर माह के इस सदन में आज आम आदमी पार्टी की निगम सरकार ने सर्वसम्मति से दिल्ली की जनता व निगम के कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण प्रस्तावों को पारित किया है। सदन में लाए गए सभी प्रस्तावों से दिल्ली की जनता और नगर निगम के कर्मचारियों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कर्मचारियों को दिवाली के अवसर पर कर्मचारियों को तोहफा दिया है। उन्होंने अपना वादा निभाते हुए 5 हजार सफाई कर्मचारियों को नियमित किया।

साथ ही लगभग 3100 डीबीसी कर्मचारियों, जो वर्षों से अपने हक की लड़ाई लड़ रहे थे, उन्हें एमटीएस बनाया गया है।

## निगम संविधान का मखौल उड़ा रही है आप : इकबाल सिंह



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने आज आम आदमी पार्टी पर दिल्ली नगर निगम अधिनियम और संवैधानिक प्रक्रिया का मखौल उड़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी निगम अधिकारियों के साथ मिलकर स्थायी समिति से संबंधित प्रस्तावों को सीधे निगम सदन से पास करवा रही है जो पूरी तरह गैर कानूनी है। उन्होंने बताया कि निगम सदन की बैठक में इस बार एजेंडा में 51 विषय सम्मिलित थे जिसमें से अधिकांश को पहले स्थायी समिति से पास करवाना चाहिए था उसके बाद उन्हें निगम सदन में विचार विमर्श के लिए लाया जा सकता था। मगर आम आदमी पार्टी स्थायी समिति की प्रक्रिया को दरकिनार करते हुए अब सभी प्रस्तावों को निगम अधिकारियों के साथ मिलकर सीधे सदन से पास करवाकर भ्रष्टाचार के नए आयाम खोलना चाहती है।

## प्रदूषण व डेंगू के खिलाफ कांग्रेस पार्षदों ने किया प्रदर्शन

### निगम में की आवश्यकता अनुसार नए सफाई कर्मचारियों की भर्ती की मांग



**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी में जानलेवा प्रदूषण व डेंगू की बीमारी को लेकर मंगलवार को दिल्ली नगर निगम की बैठक में कांग्रेस पार्षदों ने बैनर व तख्तियां हाथ में लेकर महापौर शैली ओबेरॉय, निगम अधिकारियों व प्रशासन को चेताया। जैसे ही निगम की बैठक शुरू हुई कांग्रेस के निगम पार्षद अपनी बात विस्तार से सदन में रखना चाहते थे, जब महापौर ने उन्हें इजाजत नहीं दी तो पार्टी के पार्षदों ने अपनी सीटों से उठकर वैल में जाकर निगम में बैठे अधिकारियों व प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

कांग्रेस पार्षदों में कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश, नाजिया खातून, शीतल, शगुफ्ता चौधरी, सबिला बेगम, हाजी जरीफ और समीर अहमद के अलावा निगम प्रभारी जितेन्द्र कुमार कोचर और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगजीवन शर्मा निगम में मौजूद थे। कांग्रेस के पार्षदों ने जानलेवा प्रदूषण व डेंगू को लेकर अपने गले में बैनर लटका रखें थे, जिसमें निगम से जवाब व हिसाब मांगा गया था। इसके अलावा कांग्रेस पार्षदों की मांग थी कि दिल्ली में अस्थाई सफाई कर्मचारियों सहित निगम में सभी अन्य कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से पक्का किया जाए। पार्टी पार्षदों की यह भी मांग थी कि निगम में आवश्यकता अनुसार नए सफाई कर्मचारियों की भर्ती भी की जाए। कांग्रेस पार्षदों की नारेबाजी के बीच महापौर ने बिना चर्चा के ही एजेंडा पास कर दिया, जो गैर कानूनी है। निगम में कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश ने आरोप लगाया कि हमें जानबूझ कर नहीं बोलने दिया गया और महापौर शैली ओबेरॉय तानाशाही कर रही है। उन्होंने कहा कि चुने हुए पार्षदों को न बोलने देना लोकतंत्र की हत्या है, जिसे कांग्रेस सहन नही करेगी। उन्होंने कहा कि पार्षदों को दिल्ली की जनता के हक में आवाज उठाने अधिकार है, जिसका इस्तेमाल हम करते रहेंगे।

**सार संक्षेप**

### एसुस ने भारत में अपनी रिटेल उपस्थिति को किया सुदृढ़



**नई दिल्ली।** देश भर में ब्रैंड की रिटेल उपस्थिति का विस्तार करने की दिशा में विशेष कदम बढ़ाते हुए, ताइवान की प्रमुख टेक जायंट कंपनी, एसुस इंडिया ने अपने एक्सक्लूसिव स्टोर की शुरुआत करने की घोषणा की है। 365 वर्ग फुट में फैला हुआ यह नवीनतम एक्सक्लूसिव स्टोर इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्यूटर हार्डवेयर की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो एसुस फ्लैगशिप प्रोडक्ट्स, जैसे वीवोबुक, ज़ेनबुक, रिपब्लिक ऑफ गेमर्स लैपटॉप्स, गेमिंग डेस्कटॉप्स, ऑल-इन-वन डेस्कटॉप्स और एक्सेसरीज़ को शामिल करता है। गुड़गांव स्थित यह स्टोर ब्रैंड का दूसरा एक्सक्लूसिव स्टोर है। इस प्रकार, हरियाणा में यह ब्रैंड कुल आठ एईएस स्टोर्स की उपलब्धि हासिल कर चुका है। इस रिटेल विस्तार के बारे में बात करते हुए, जिग्नेश भावसार, नेशनल सेल्स मैनेजर-पीसी एंड गेमिंग बिज़नेस, एसुस इंडिया, ने कहा, हम भारत में अपनी रिटेल उपस्थिति के विस्तार की घोषणा करते हुए बेहद गर्वित महसूस कर रहे हैं। हरियाणा के गुरुग्राम हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है।

### एनएचआरसी ने दिल्ली के मुख्य सचिव, डीडीए के वीसी से मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सिरसपुर में डीडीए कॉलोनी में लोहे का गेट गिरने से एक नाबालिग की मौत लेकर पर मंगलवार को दिल्ली के मुख्य सचिव, दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और दिल्ली पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी किया। आयोग ने इस मामले पर चार सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने 31 अक्टूबर को आई मीडिया रिपोर्टों पर स्वतः संज्ञान लिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के सिरसपुर में डीडीए की एक कॉलोनी में एक क्षतिग्रस्त प्रवेश द्वार गिरने से पांच वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई। आयोग की ओर से जारी बयान में कहा गया कि कथित तौर पर यह घटना 28 अक्टूबर को हुई थी और पीड़ित के परिवार के सदस्यों तथा निवासियों ने दावा किया कि उन्होंने टूटे हुए गेट के बारे में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और डीडीए से कई बार शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। आयोग के बयान में कहा गया है कि अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि क्षतिग्रस्त गेट के संबंध में शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के अलावा अगर पीड़ित परिवार को किसी प्रकार की राहत प्रदान की गई है तो आयोग को सूचित करें। दिल्ली के पुलिस आयुक्त से अपेक्षा की जाती है कि वह आयोग को मामले में दर्ज प्राथमिकी की स्थिति की जानकारी देंगे।

### युवा कांग्रेस ने रक्तदान कर किया सरदार पटेल व इंदिरा को नमन

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को पुण्यतिथि और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को जयंती पर नमन करते हुए मंगलवार को रक्तदान का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस के युवा संगठन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली, राज्यसभा सांसद जेबी मैथर, वरिष्ठ नेता जय प्रकाश अग्रवाल, पार्टी प्रवक्ता अलका लांबा, पार्टी सचिव अभिषेक दत्त विधायक दीपिका पांडे सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

# देश में हर घंटे 53 सड़क हादसे व होती है 19 लोगों की मौत

### केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट में खुलासा




**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश में हर घंटे 53 सड़क हादसे और इसमें 19 लोगों की मौत हुई। यह आंकड़ा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से भारत सड़क दुर्घटनाएं-2022 के शीर्षक से जारी एक रिपोर्ट में जारी किया गया है। इसमें बताया गया है कि साल 2022 के दौरान देश में कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें से 1,51,997 यानि 32.9 फीसदी हादसे राष्टीय राजमार्ग पर हुए। जबकि 1,06,682 यानि 23.1 फीसदी दुर्घटनाएं राज्य राजमार्गो और 2,02,633 यानि 43.9 फीसदी दुर्घटनाएं अन्य सड़कों पर हुई। रिपोर्ट में बताया गया कि सालाना आधार पर सडक हादसे में 11.9 फीसदी की वृद्धि हुई है और उनसे होने वाली मृत्यु की दर 9.4 फीसदी बढ़ गई। जबकि हादसों में घायल होने वालों की संख्या में 15.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि सड़क हादसे में मरने वालों में बडी तादात उन लोगों की है,जिन्होंने सुरक्षात्मक साधनों की अनदेखी की। केवल सीट बेल्ट न पहनने से 16,716 लोगों की मौत हुई। जिसमें से 8,384 लोग चालक और बाकी 8,331 लोग सहयात्री थे। इसके अलावा हेलमेट न पहनने वाले 50,029 दोपहिया सवार भी इन हादसों में मारे गए। रिपोर्ट बताती है कि लगातार चौथे साल भी युवा इन हादसों के सबसे ज्यादा शिकार हुए। इनमें 66.5 फीसदी युवा 18 से 45 आयुवर्ग के थे। जबकि 18 से 60 साल के आयुवर्ग में जान गवाने वालों कीमंत्रालय सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए मजबूत उपाय करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्रालय सड़क उपयोगकर्ता व्यवहार, सड़क बुनियादी ढांचे, वाहन मानकों, यातायात नियमों को लागू करने और दुर्घटना की रोकथाम में प्रौद्योगिकी की भूमिका जैसे विभिन्न पहलुओं पर भी कार्य कर रहा है। सड़क दुर्घटनाओं के कई कारणों से होती हैं, इसलिये केंद्र सरकार और राज्य सरकारों दोनों की सभी एजेंसियों के ठोस प्रयासों के माध्यम से समस्याओं को कम करने के लिए बहु-आयामी दृष्टिकोण को अपनाने की आवश्यकता होती है।



■ नई दिल्ली में शक्ति स्थल पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे। साथ में हैं पार्टी नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी व अन्य कांग्रेसी नेता। फोटो इम्तियाज खान

## सुकून के संदेश के साथ निरंकारी संत समागम संपन्न



**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। सभी में इस परमात्मा का रूप देखते हुए सबके साथ प्रेम का भाव अपनाने से ही संसार में सुकून स्थापित हो सकता है। यह प्रतिपादन निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 76वें वार्षिक निरंकारी समागम के समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने समागम में पधारकर सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी निरंकारी भक्तों को समागम की शुभकामनाएं दी। साथ ही मिशन द्वारा समय समय पर किए जा रहे जनकल्याण के कार्यों हेतु भूरि भूरि प्रशंसा की। निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में पिछले तीन दिनों से हर्षोल्लास एवं आनंदमयी वातावरण में आयोजित हुए इस दिव्य संत समागम का मंगलवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। सत्गुरु माता जी ने आगे फरमाया कि संसार में प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक रूप में जो बहुमुखी विभिन्नता देखने को मिलती है यह इसकी सुंदरता का प्रतीक है। इस सारी रचना का रचियता एक ही निराकार परमात्मा है और उसी का अक्स, उसी का नूर हर किसी के अंदर समाया हुआ है।

## त्योहारी सीजन में गेमिंग के शौकीनों के लिए स्माश ने पेश किए ऑफर्स

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी संख्या में फॉलोवर्स के साथ स्माश एक लाइफ स्टाइल और मनोरंजन ब्रांड है, जो वर्तमान में उपलब्ध सबसे नवीनतम गेम उपलब्ध करवाता है। कॉर्पोरेट और पारिवारिक आनंद के लिए एक सर्वव्यापी डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित, मनोरंजन सुविधा, गेमिंग और आनंद का अनुभव प्रदान करती है।

उत्सव की रणनीति पर बात करते हुए, स्माश के कंसल्टिंग सीएमओ, अवनीश अग्रवाल ने कहा कि स्माश एक अनूठा गेमिंग और मनोरंजन क्षेत्र है, जिसका माहौल खेल मनोरंजन अनुभवों को फिर से परिभाषित करने की अवधारणा का पालन करता है। हमारे केंद्रों की सुविधाएं नए जोड़े गए गेम्स के उत्साह और शानदार आकर्षणों को प्रियजनों के साथ समय बिताने के आनंद को जोड़े रखती है। त्योहारों का मौसम खुशियों, उपहारों के आदान-प्रदान और हमारे जीवन को और अधिक आकर्षक बनाने से जुड़ा है। हम स्माश में इन समारोहों में भाग लेने और अपने ग्राहकों के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए उत्साहित हैं। इन ऑफर्स के साथ, ग्राहकों को अपने उत्सव को समृद्ध बनाने का अवसर मिलता है। इस समय स्माश के 30 केंद्र हैं, जो भारत के 21 शहरों में मौजूद हैं। कंपनी का लक्ष्य सभी आयु वर्ग के लिए पूर्ण मनोरंजन केंद्र विकसित करना है। कंपनी को ट्वाइलाइट बॉलिंग जोन के लिए काफी प्रशंसा मिली है। अपने चुपचाप विस्तार और आधुनिक सोच के साथ, स्माश को भारत के शीर्ष गेमिंग डेस्टीनेशन के रूप में खुद को और मजबूत करने की उम्मीद है।

## राजधानी में करवा चौथ पर कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

### कहीं लगाई गई मेहंदी, कहीं जमकर हुई खरीदारी



**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली के बाजारों में करवाचौथ का उल्लास साफ नजर आ रहा है। जिसके चलते कारोबारियों के चेहरे पर खुशी के साथ बाजार भी खिल उठे हैं। सरोजनी नगर, सदर बाजार, लाजपत नगर समेत दूसरे बाजारों में सूट, साड़ियां, कालीन, गहने व श्रृंगार समेत अन्य सामान आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं। उधर, करवा चौथ के मद्देनजर दिल्ली में सुहागिनों के लिए विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। आदित्य केयर एंड एजुकेशन सोसायटी के संस्थापक अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने मंगलवार को पुष्प विहार कार्यालय में सुहागिनों के पवित्र त्योहार की पूर्व संध्या पर मेहंदी रस्म का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने फ्री मेंहदी लगवाकर त्योहार की शुरुआत की। अनिल गुप्ता ने मेंहदी मेले के विषय में बताया कि पिछले कई सालों से हम इस उत्सव को मनाते आ रहे हैं।

**प्रदर्शन** *बिजली कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर किया प्रदर्शन*

# लंबित मांगें न मानने पर दी हड़ताल की चेतावनी

**नई दिल्ली, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली के बिजली कर्मचारी 6 नवम्बर 2023 से बिजली कंपनी मुख्यालय नेहरू प्लैस पर अनिश्चत कालीन धरने की शुरुआत करेंगे और दिवाली पर हड़ताल पर जाकर काली दिवाली मनाएंगे। यह बात ठेकेदारी हटाओ राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा ने मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर प्रचण्ड प्रदर्शन के बाद कही। दिल्ली की केजरीवाल सरकार को खुली चुनौती देते हुए मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डीसी कपिल ने कहा कि यदि सरकार ने हमारी लंबित मांग 5 नवम्बर तक नहीं मानी तो 6 नवम्बर, सोमवार से बीएसईएस राजधानी पॉवर लिमिटेड के नेहरु प्लैस मुख्यालय पर अनिश्चत कालीन धरने की शुरुआत की जायेगी,**

और डायरैक्ट एक्शन की घोषणा की जाएगी, जिससे इस बार दिल्ली की दिवाली काली हो सकती है। मंगलवार को मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास का घेराव किया गया और दिवाली पर दिल्ली की बिजली गुल करने की घोषणा की गयी। मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष डीसी कपिल ने कहा कि ठेकेदारी प्रथम रूप में एक शोषणकारी प्रथा है। यह अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी वर्ग के आरक्षण के खिलाफ षड्यंत्र है। इस प्रथा के तहत राजनेताओं, अधिकारियों और ठेकेदारों की तिगड़ी मिलकर, ठेकाकर्मियों को मिलने वाले वेतन को सरेआम लूट रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने अपने 2013, 2015 और 2020 के चुनावी घोषणा पत्रों में जो वादा किया था लेकिन सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है। केजरीवाल सरकार के नौ वर्षो के शासनकाल में मात्र 432 युवाओं को सरकारी नौकरी मिल पाई है। पांच लाख 32 हजार सरकारी पद खाली पड़े हुए है। इन पदों पर स्थायी भर्ती करने की बजाय, आउटसोर्स को बढावा देकर ठेका प्रथा को बढ़ावा दिया जा रहा है। ठेका प्रथा के विरोध में मोर्चा दर्जनों बार धरने, प्रदर्शन, रैलियां और घेराव कर चुका है मगर सरकार मनमानी और हठधर्मिता पर अड़ी हुई है। मुख्यमंत्री आवास के घेराव और प्रदर्शन के जन सैलाब को मोर्चे के राष्ट्रीय मुख्य विधिक सलाहकार और सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट भानु प्रताप सिह, जनाब महमूद पारचा, राष्ट्रीय चेयरमैन राजकुमार धिंगान व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश घाघट ने भी सम्बोधित किया।




■ ठेकेदारी प्रथम रूप में एक शोषणकारी प्रथा यह अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी वर्ग के आरक्षण के खिलाफ षड्यंत्र है : कपिल

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भः निविदा सूचना संख्या 59/2023–2024 दिनांक 11.10.2023**
**क्र.सं. 02 निविदा संख्या 77236028 खुलने की तिथि 06.11.2023.**

उपरोक्त संदर्भित निविदा में, निविदाकर्ताओं को निमंत्रण और निर्देश दस्तावेज के खंड संख्या 9.0 (e) को संशोधित किया गया है। निविदा को खोलने की तिथि भी 06.11.2023 से बढ़ाकर 16.11.2023 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। **नोटः** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है।

**दिनांकः 31.10.2023** **3400/23**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**पत्र सं.** 128–डब्लू/280/निविदा सूचना/23–24/डब्लू–I (NIT-43) दिनांक : 30.10.2023
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, प्रथम/ के तहत डीडब्ल्यूएनए, आरआरडीई, बीबीडीई, टीआरआर, एसएचडीएम, एसएफडीई, पीकेडीई, एमएलडीई, पीएचडब्ल्यूआर, केएलई, जीआरए, आरयूजी, बीएचडी, करनाल, केकेडीई, नरेला और समालखा में आरजीएम/टीटीएम, साइडिंग (सिविल इंजीनियरिंग भाग) का प्रावधान–मैं/दिल्ली. |
| अनुमानित लागत | रू. 44998701.8/– |
| धरोहर राशि | रू. 375000/– (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। **नोटः** एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई–1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 ) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधि | 12 महीने |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | दिनांक 24.11.2023 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 24.11.2023 को 15.00 बजे। |
| निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है। | www.ireps.Gem.in पर उपलब्ध है। |
| सामान प्रकार के कार्य | ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |

**नोट** : शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। **3392/23**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "इन 6 स्पेशल स्टील स्पैन की कुल लंबाई 360 मीटर है। आरआरटीएस कॉरिडोर का निर्माण कार्य सराय काले खां से आगे बढ़ते हुए गाजीपुर ड्रेन के समानांतर आगे बढ़ता है और इन छह स्टील स्पैन की स्थापना के साथ ही अब गाजीपुर ड्रेन को पार कर लिया है।

पुनीत वत्स, एनसीआरटी सी प्रवक्ता

## प्राधिकरण ने सील की निर्माणाधीन इमारत

■ अदालत स्थगन के बाद भी अवैध रूप से चल रहा था निर्माण

■ 600 वर्गमीटर है एरिया, बनाई जा रही थी दुकानें

**नोएडा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण की बिना अनुमति और अदालत स्थगन के बाद भी सेक्टर 104 ग्राम हाजीपुर में अवैध निर्माण किया जा रहा था। ये निर्माण निश्यान बिल्डकाम प्राइवेट लिमिटेड खसरा संख्या 412 पर किया जा रहा था। प्राधिकरण के विशेषा कार्याधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह और सर्किल-8 की टीम ने अवैध निर्माण को रोकते हुए निर्माणाधील बिल्डिंग को सील किया। यहां अवैध रूप से कमरे और दुकानों का निर्माण किया जा रहा था।



ओएसडी ने बताया कि खसरा नंबर-412 हाजीपुर गांव में है। इसके पास ही स्टालिन मॉल बना हुआ है। 12 अप्रैल 2023 को जमीन पर सिविल कोर्ट ने यथा स्थित बनाने का आदेश दिया था। इसके बाद भी यहा चोरी छिपे निर्माण कराया गया। इसकी जानकारी मिलने पर प्राधिकरण ने नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा। जवाब नहीं आने पर मंगलवार को प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने निर्माणाधीन इमारत को सील कर दिया।

ओएसडी ने बताया कि नोएडा की जमीन पर अवैध निर्माण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यहां करीब दो मंजिला का निर्माण हो चुका था। जिसमें नीचे छह से दुकाने और उनके ऊपर कमरे बनाए गए है। इस दौरान ग्रामीणों ने हल्का विरोध भी किया । लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस बल के समझाने पर वो शांत हो गए।

## एनईए चुनाव में राजकुमार और बिमला देवी पैनल ने जारी किया घोषणा पत्र

**नोएडा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन के चुनाव दो नवम्बर को होने है। इसके लिए मंगलवार को राजकुमार ने अपना 27 सूत्रीय और बिमला देवी पैनल में अपना 12 सूत्रीय घोषणा पत्र जारी किया। इस बार दो पैनल और दो निर्दलीय प्रतिभागियों की ओर से नामांकन पत्र जमा किया गया। दो राजकुमार चौधरी पैनल में अध्यक्ष पद के लिए राजकुमार सिंह, महासचिव जितेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, वीरपाल सचिव नीरज राणा, अमित कुमार एवं कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र है।

वहीं दूसरा बिमला देवी पैनल की ओर से अध्यक्ष पद के लिए बिमला देवी (अध्यक्ष), योगेश भाटी (महासचिव), सुमित शर्मा (उपाध्यक्ष), प्रसादी गौतम (उपाध्यक्ष), नरेश चंद (सचिव), रणधीर कुमार सिंह (सचिव) और राजपाल सिंह (कोषाध्यक्ष) के रूप में चुनावी मैदान में है। नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी चुनाव की पर्यवेक्षक होंगी। इसके अलावा चुनाव अधिकारी के तौर पर जीएम राजेश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है।



■ जीते तो कर्मचारियों से किए गए वादे करेंगे पूरे, 2 नवम्बर को होने हैं चुनाव

सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में विजय रावल अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन कर है है। सहायक चुनाव अधिकारी विजय रावल ने बताया कि चुनाव में हिस्सा लेने वाला पैनल सात पदों पर चुनाव लड़ सकता है। नियमों का उल्लंघन करने पर चुनाव उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी। चुनाव में 927 कर्मचारी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**राज कुमार पैनल ने 27 सूत्रीय घोषणा पत्र जारी किया जिसमें से मुख्य बिंदु**

नोएडा और ग्रेटर नोएडा के नियमित अधिकारियों एवं कर्मचारियों लाई गई आवासीय भूखंड योजना 2011(01) के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-डब्ल्यू-05 में आवंटित भूखंडों का कब्जा दिलाया जाना। शासन की ओर से लागू की गई केंद्रीय सेवा नियमावली के अंतर्गत स्थानांतरण नीति से समूह घ और ग के पूरी तरह से स्थानांतरण नीति से अलग करना

अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति कर्मचारियों एवं वर्ष 2014 से नियुक्त मस्टरोल कर्मचारियों को यमुना विकास प्राधिकरण में भूखंड आवंटित कराना। प्राधिकरण द्वारा अन्य अस्पतालों के अतिरिक्त जेपी, फोर्टिस, मैक्स, धर्मशिला अस्पताल को भी पैनल में शामिल करवाना व कैशलेस करवाना। सेवा निवृत कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा उपलब्ध करवाना।

### बिमला देवी पैनल ने जारी किया 12 सूत्रीय घोषणा पत्र

दूसरी तरफ बिमला देवी का पैनल भी चुनाव जीतने का दावा कर रहा है। इस पैनल को भरोसा है कि पूर्व में नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन में अध्यक्ष रह चुके नोएडा प्राधिकरण के रिटायर कर्मचारी नेता चौधरी कुशलपाल सिंह की रणनीति के बलबूते पर उनका पैनल आसानी से चुनाव जीत जाएगा। नोएडा प्राधिकरण के 47 वर्ष के इतिहास में पहली बार कोई महिला कर्मचारी अध्यक्ष पद पर दावेदारी कर रही है। इस कारण नोएडा प्राधिकरण की सभी महिला कर्मचारी एकजुट होकर बिमला देवी को जिताने का प्रयास कर रही हैं। इस पैनल को जातीय समीकरण पर भी भरोसा है। उनका मत है कि प्राधिकरण में मौजूद एससी/एसटी वर्ग के मतदाताओं का झुकाव भी उनकी तरफ है। आपको बता दें कि नोएडा प्राधिकरण में एससी मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है। सेक्टर-डब्ल्यू-5 ग्रेटरनोएडा में प्लॉट दिलाने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर है। इस रिट में और कर्म चारियों को जोड़ा जाएगा। अनुकंपा पर लगे सभी कर्मी को आवासीय भूखंड और भवन दिलाया जाएगा। सेवानिवृति के बाद भी कर्मचारियों को कैशलेस मेडिकल की सुविधा दिलाई जाएगी।

## सार संक्षेप

### डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में मनाया गया 'हैलोवीन डे'



**नोएडा।** डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में मंगलवार को 'हैलोवीन डे' मनाया गया। इस अवसर पर बच्चे के साथ-साथ सभी आयु वर्ग के दर्शकों के लिए अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया गया। मॉल में मौजूद दर्शकों ने इस आयोजन का जमकर लुत्फ उठाया। इस दौरान ग्रीन आइलैंड, बेस्ट ड्रेस और बेस्ट कॉस्ट्यूम जैसी प्रतियोगिताओं में दर्शकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में लगे डीजे और संगीत ने लोगों में रोमांच भर दिया। मॉल में पहुंचे अधिकांश लोगों के कपड़े दानव, शैतान, भूत, पिशाच, ममी, कंकाल, वैम्पायर, वेयरवोल्फ और चुडैलों आदि से प्रभावित नजर आए। हैलोवीन पर लोग डरावने कपड़े पहनते हैं और जमकर पार्टी करते हैं। डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया की मदद से सभी दर्शकों ने हैलोवीन को यादगार बनाया। मॉल में मौजूद लोगों ने इस मौके का जमकर लुत्फ उठाया। इसी तर्ज पर मॉल में हैलोवीन डे मनाया गया।

### चलती कार में लगी आग कूदकर चालक ने बचाई जान


**नोएडा।** नोएडा में चलती कार में आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि मिनटों में पूरी कार को उसने चपेट में ले लिया। इस दौरान चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। आसपास के लोगों ने बिसरख थाना पुलिस और दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी। मौके पर दमकल की गाड़ी ने करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सीएफओ ने बताया कि कार में तकनीकी फाल्ट या शॉट सर्किट की वजह से आग लगी। आग को बुझा दिया गया है। कोई जनहानि नहीं हुई है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि पंकज कुमार देवल पुत्र यशपाल सिंह देवल निवासी इको विलेज फर्स्ट बिसरख में रहते है। सोमवार रात को वह अपनी गाड़ी टाटा टियागो रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी16 पीबी 3999 से अपने ऑफिस बहरामपुर से अपने घर जा रहा थे।

### रिटायर्ड आईएएस ने महिला को जड़े थप्पड़

**नोएडा।** नोएडा में एक बार फिर लिफ्ट में कुत्ते को ले जाने को लेकर विवाद हो गया। इस बार रिटायर्ड आईएएस और दंपति के बीच मारपीट हो गई। ये मामला नोएडा के सेक्टर 108 के पार्क लोरेट सोसाइटी से आया है। रिटायर्ड आईएस अधिकारी ने एक महिला को ताबड़तोड़ थप्पड़ जड़ दिए। जबकि बाद में महिला का पति रिटायर्ड आईएएस के साथ मारपीट करता दिखा। सारी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। वायरल वीडियो में महिला अपने साथ कुत्ते को लिफ्ट में ले जाना चाह रही थी। रिटायर्ड आईएएस लिफ्ट में कुत्ते को ले जाने से मना करते है। दोनों के बीच विवाद होने पर महिला रिटायर्ड आईएएस से उनका मोबाइल छीन लेती है। इससे विवाद और बढ़ जाता है। रिटारयर्ड आईएएस महिला के थप्पड़ जड़ देता है। एक के बाद कई थप्पड़ जड़ता है। इसके बाद महिला का पति आता है और आईएएस के साथ मारपीट करता है। घटना की सूचना कोतवाली सेक्टर-39 को दी जाती है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो की जांच करती है। जांच में दोनों पक्षों के बीच हुए मारपीट की दिखती है। हालांकि बाद में दोनों पक्षों ने लिखित में समझौता कर लिया। बता दे नोएडा में लिफ्ट में कुत्ते को ले जाने पर विवाद के पहले भी कई मामले सामने आ चुके है। नोएडा प्राधिकरण ने डॉग पॉलिसी लागू की है। इसके तहत यदि लिफ्ट में डॉग को ले जाना है तो मुंह पर मजल होना जरुरी है।

## राजेन्द्र नगर में चला जीडीए का हथौड़ा

**गाजियाबाद,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) का अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान जोन सात में चला। जहां के बिल्डरों द्वारा अवैध रूप से बनाए गए भवनों में जीडीए प्रवर्तन दल ने तोड़फोड़ की। इस दौरान कुछ लोगों ने इसका विरोध भी किया लेकिन जीडीए अधिकारियों की सख्ती के आगे वह कुछ न कर सके और उन्हें बैरंग वापस लौटना पड़ा। जोन 7 के प्रभारी के नेतृत्व में प्रबंधन दल की टीम राजेंद्र नगर सेक्टर-3 में पहुंची और वहां पर अवैध रूप से निर्मित की गई यूनिट को तोड़ दिया गया। कई यूनिट ऐसी भी थी जिनमें मानचित्र के विपरीत निर्माण किया गया था। मानचित्र के विपरीत किए गए निर्माण को भी हथोड़ा बजाकर तोड़ा गया।



## नगर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ की विभागीय समीक्षा, ली प्रगति रिपोर्ट



**गाजियाबाद,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर निगम मुख्यालय में समस्त विभागीय अधिकारियों तथा जोनल प्रभारी के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित प्रोजेक्ट्स पर तेजी से कार्य, त्योहारों की व्यवस्था को बेहतर करने, कर तथा करेतर की वसूली को बढ़ाने के लिए के लिए निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों से चल रहे कार्यों की प्रोग्रेस को भी जाना। बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, महाप्रबंधक जल आनंद त्रिपाठी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी से राज्य स्मार्ट सिटी द्वारा स्वीकृत किए गए समस्त परियोजना, अमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन तथा विभिन्न जन लाभकारी योजनापर विस्तृत जानकारी ली। कार्य की प्रगति को बढ़ाने के लिए भी अधिकारियों को नगर आयुक्त ने कहा। समस्त जोनल प्रभारी तथा मुख्य करण निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव से संपत्ति कर से छूटे हुए भवन तथा मानक से कम टैक्स लगे हुए भवन पर विशेष ध्यान देते हुए मानक के अनुरूप कर वसूली करने, जी आई एस सर्वे में चिन्हित भावनाओं का राजस्व से सत्यापित मिलान कर व फीडिंग कराकर बिल जारी करने के लिए भी निर्देश दिए। दीपावली छठ पर्व अन्य त्योहारों के अवसर पर नगर आयुक्त द्वारा विशेष व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देश दिए जिसके क्रम में स्वच्छता के प्रति शहर को जागरूक करने के लिए भी कहा। समस्त विभागीय अधिकारियों को नगर आयुक्त ने बैठक के दौरान अपने-अपने विभाग संबंधित कार्यों की प्रति सप्ताह समीक्षा करने के लिए भी निर्देश दिए। टैक्स वसूली को लेकर विशेष जोर देते हुए जोनल प्रभारी को भी अपने टीम को मोटिवेट करने के लिए कहा गया।

## संभव सुनवाई में नगर आयुक्त ने अधिकारियों को दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश




**गाजियाबाद,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम मुख्यालय में जनसुनवाई संभव का आयोजन हुआ जिसमें 19 संदर्भ प्राप्त हुए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा आगंतुकों की समस्याओं को सुना गया तथा उन पर तत्काल कार्रवाई के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए, संभव में अधिकांश शिकायतें जलकल विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। संभव में विजयनगर, पटेल नगर, राजेंद्र नगर, ब्रिज विहार व अन्य क्षेत्र से आए हुए निवासियों ने अपनी समस्याएं रखी बृज विहार से आए हुए आगंतुक द्वारा पानी की समस्या रखी गई जिस पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा ओमप्रकाश ए ई जलकल विभाग को 2 दिन में पानी की पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण करने के लिए कहा। नगर आयुक्त ने संभव में प्राप्त समस्याओं पर दो दिवस के भीतर कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए।



## सपा नोएडा महानगर ने बड़े धूमधाम से मनाई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

**नोएडा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्टर-53 स्थित समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय में महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में सपा नोएडा महानगर ने बड़े धूमधाम से लौह पुरुष और देश के प्रथम गृह मंत्री व उप प्रधानमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई। महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल दृढ़ संकल्प वाले कुशल व सशक्त प्रशासक थे। उनके प्रयासों और निर्णय के कारण देश की स्वतंत्रता के पश्चात 565 रियासतों को भारत में सम्मिलित किया गया। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं दूर दृष्टि का ही परिणाम है कि आज भारत अखंड है। महासचिव विकास यादव व विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल कांग्रेस से अलग होकर सोशलिस्ट कांग्रेस की स्थापना की थी। राम मनोहर लोहिया उन्हें अपना गुरु मानते थे। मीडिया प्रभारी गौरव कुमार यादव व रामपाल विश्वकर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को मरणोपरांत साल 1991 में भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम में मुकेश प्रधान, मोहम्मद नौशाद, अजब सिंह प्रधान, पिंटू यादव, टीटू यादव, अनिल पाल, शालिनी खड़ी ,नेहा पांडे, उदयवीर प्रधान, विपिन चौहान, लोकपाल यादव, रोहित यादव, शाहिद अंसारी, उदय सिंह, बिल्लू सैफी, मोहम्मद शाहिद हुसैन, सिकंदर पासवान मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## अवैध संबंधों के चलते हुई सुपरवाइजर की हत्या



■ इंजीनियर स्टूडेंट के साथ मिलकर दंपति ने गला रेता

**नोएडा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्टर-40 में फ्लैट के अंदर सोमवार को 55 वर्षीय सुपरवाइजर शशि शर्मा की हत्या कर दी गई। आठ घंटे के अंदर पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। ये हत्या अवैध संबंधो के कारण की गई। जिसे शशि शर्मा की कथित प्रेमिका, उसका पति और एक साथी ने मिलकर अंजाम दिया। इन तीनों को सर्विलांस की मदद से महामाया फ्लाईओवर के नीचे से गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान भरत चौहान, राजा तिवारी और सीमा देवी पत्नी भरत चौहान हुई। इसमें राजा तिवारी मैकेनिकल इंजीनियरिंग का स्टूडेंट है। एडीसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि भरत चौहान और सीमा देवी की शादी 2006 में हो गई। विवाह के बाद दोनों प्लाट नंबर-56 ए-8 सेक्टर-62 में एक कमरा बनाकर रहने लगे। दोनों के चार बच्चे भी है। सीमा ने वहीं एक चाय की दुकान खोल ली।

### नोएडा प्राधिकरण में ठेकेदार के यहां था सुपरवाइजर

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि शशि शर्मा नोएडा प्राधिकरण के ठेकेदार के यहां सुपरवाइजर थे। वह सेक्टर-40 के इस फ्लैट में अकेले रह रहे थे। जिस फ्लैट में शशि की हत्या हुई है, उसमें वह करीब दो साल से रह रहे थे। इसके अलावा वह प्राधिकरण के एक ठेकेदार के साथ बीते 30 साल के काम कर रहे थे।



## आरआरटीएस कॉरिडोर के दिल्ली सेक्शन में स्थापित किए गए 6 स्पेशल स्टील स्पैन

**गाजियाबाद,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। एनसीआरटीसी ने आरआरटीएस कॉरिडोर के दिल्ली सेक्शन में स्थापित किए जा रहे सभी छह स्पेशल स्टील स्पैन सफलतापूर्वक स्थापित कर दिए हैं। ये स्पेशल स्टील स्पैन न्यू अशोक नगर से आनंद विहार की ओर गाजीपुर ड्रेन और कोंडली चौराहे को पार करने के लिए स्थापित किए गए हैं। इन स्टील स्पैन को एक के बाद एक क्रम में स्थापित किया गया है, जिससे यह आरआरटीएस कॉरिडोर पर स्पेशल स्टील स्पैन को जोड़कर तैयार किया जाने वाला अब तक का सबसे लंबा स्टील स्पैन वायाडक्ट खंड बन गया है।

एनसीआरटी सी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इन 6 स्पेशल स्टील स्पैन की कुल लंबाई 360 मीटर है। आरआरटीएस कॉरिडोर का निर्माण कार्य सराय काले खां से आगे बढ़ते हुए गाजीपुर ड्रेन के समानांतर आगे बढ़ता है और इन छह स्टील स्पैन की स्थापना के साथ ही अब गाजीपुर ड्रेन को पार कर लिया है।

उन्होंने बताया कि लगभग 40 से 50 मीटर चौड़े गाजीपुर ड्रेन के समीप स्टील स्पैन की स्थापना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था, क्योंकि यह ड्रेन कॉरिडोर अलाइनमेंट के डायगनल बहता है। इसी के मद्देनजर बहते गाजीपुर ड्रेन में पिलर्स निर्माण के लिए गहरी नींव बनाई गई। यहां मौजूद व्यस्त सड़कों और दिल्ली जल बोर्ड की बड़ी पाइप लाइनों की वजह से भी यह कार्य चुनौतीपूर्ण था।

इन स्पेशल स्टील स्पैन को पिलर्स बनाने के बाद उनपर स्थापित किया गया है और इन स्टील स्पैन से आगे खिचड़ीपुर की दिशा में कुछ दूरी पर अंडरग्राउंड रैम्प तैयार हो रहा है, जो इस एलिवेटेड सेक्शन को अंडरग्राउंड बनाई गयीं टनल से होते हुए भूमिगत आनंद विहार स्टेशन से जोड़ेगा।

आरआरटीएस कॉरिडोर के एलिवेटेड सेक्शन में वायाडक्ट के निर्माण के लिए एनसीआरटीसी आमतौर पर औसतन 34 मीटर की दूरी पर पिलर निर्माण करता है। हालांकि, कुछ जटिल क्षेत्रों में जहां कॉरिडोर नदियों, पुलों, रेल क्रॉसिंग, मेट्रो कॉरिडोर, एक्सप्रेस वे या ऐसे अन्य मौजूदा ढांचों को पार कर रहा है, वहां पिलर्स के बीच इस दूरी को बनाए रखना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं होता। ऐसे क्षेत्रों में पिलर्स को जोड़ने के लिए स्पेशल स्पैन का उपयोग किया जाता है। इन छह स्पेशल स्टील स्पैन के स्थापित होने से 82 किमी लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर 70 किमी लंबे एलिवेटेड हिस्से में अब तक स्थापित किए गए स्पेशल स्टील स्पैन की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। इससे पहले, दिल्ली मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के लिए 6 स्पेशल स्टील स्पैन स्थापित किये गए थे, जिनमें एक स्पैन मेरठ में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे (डीएमई) पर, एक स्पेशल स्पैन रेलवे की मुख्य रेललाइन पर वसुंधरा में, एक स्टील स्पैन गाज़ियाबाद स्टेशन के पास, दो स्टील स्पैन दुहाई डिपो की ओर जा रहे आरआरटीएस वायाडक्ट के लिए और एक स्पैन ईपीई (दुहाई) को पार करने के लिए स्थापित किए गए हैं।

## ठंड के साथ बढ़ेगा स्मॉग का दायरा, रहे सावधान!

■ अब तक लगाया गया 63 लाख का जुर्माना

■ रोजाना 1400 किमी पानी का छिड़काव

**नोएडा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। आने वाले दिन नोएडा के लिए चुनौती भरे हो सकते हैं। आईएमडी की मुताबिक 2 नवम्बर तक वातावरण धूल भरा रहेगा। न्यूनतम तापमान 15-16 डिग्री रहेगा। बादल छाए रहेंगे। इससे वातावरण में पीएम-2.5 और पीएम-10 के कण की संख्या भी बढ़ेगी। जिससे एयर क्वालिटी इंडेक्स में बढ़ोतरी हो सकती है। पिछले कई दिनों से दिल्ली, नोएडा और ग्रेटरनोएडा में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ा है। इसको देखते हुए दिल्ली-एनसीआर में शनिवार को ग्रेडेड रिस्पांस ऐक्शन प्लान (ग्रेप) का दूसरा चरण लागू कर दिया गया है। दिल्ली- एनसीआर में बढ़ते पलूशन को देखते हुए पहले से ही ग्रेप-1 के नियम लागू हैं। इसके तहत 500 वर्ग मीटर से अधिक के प्राइवेट निर्माण और किसी भी इमारत के विध्वंस से जुड़े काम को करने की मनाही है। पैनल ने ग्रेप-2 लागू करते हुए अपने आदेश में कहा कि दिल्ली- एनसीआर में तत्काल प्रभाव से ग्रेप-2 के सभी नियम लागू किए जाते हैं। इसके साथ-साथ ग्रेप-1 के नियम पहले जैसे ही लागू रहेंगे।

### रोजाना 1400 किमी पानी का छिड़काव

उड़ती धूल को नियंत्रित करने के लिए नोएडा प्राधिकरण की ओर से रोजाना 1400 किमी में पानी का छिड़काव किया जा रहा है। ये काम दस सर्किल में अलग-अलग 42 टैंकरो से किया जा रहा है। रोजाना 340 किमी मैकेनिकल स्वीपिंग की जा रही है। अब तक 8 हजार टन सीएंडडी वेस्ट को एकत्रित किया जा चुका है। जिसकी मॉनिटरिंग आईसीसीसी के जरिए की जा रही है। ये इंटीग्रेटड कमांड कंट्रोल सेंटर है। जिसमें सभी वाहनों जैसे वाटर स्प्रिंकल मशीन, मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन के अलावा स्मॉग गन लोकेशन की लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। इनका रोजाना का डाटा भी लिया जा रहा है। ताकि प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके।

### जिले के 11 हॉट स्पॉट जहां प्रदूषण होता है ज्यादा

**यमुना पुश्ता रोड**

सेक्टर-115, 116, 74 से 79

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे

सेक्टर-150

दादरी रोड

सेक्टर-62 से 104

सेक्टर-62

ग्रेटर नोएडा वेस्ट

यूपीएसआईडी, सूरजपुर साइट सी

तिलपता, परी चौक, कासना

पुलिस लाइन सूरजपुर से गौर चौक

### 14 टीम 63 लाख का जुर्माना

नोएडा में 10 सर्किल है। इसके अलावा 14 लोगों की एक स्पेशल टीम बनाई गई है। जिनके लिए एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया गया है। इस टीम ने 1 अक्टूबर यानी ग्रेप लागू होने से अब तक करीब 180 संस्थानों, ठेकेदार, कंस्ट्रक्शन कार्य की संस्था पर 63 लाख से ज्यादा का जुर्माना लगाया है। वहीं 95 सोसाइटी को जनसेट के लिए नोटिस जारी किए गए है। हालांकि जनसेट में नियमों के अनुसार छूट दी गई है।

### इन चीजों पर अब लग गईं पाबंदियां

ग्रेप को कुल चार चरणों में बांटा गया है। जब हवा की गुणवत्ता खराब (एक्यूआई 201- 300) रहती है तब पहला चरण लागू किया जाता है। वहीं जब वायु गुणवत्ता बहुत खराब (एक्यूआई 301-400) के बीच रहती है तो दूसरा चरण लागू किया जाता है। वायु गुणवत्ता के 'गंभीर' और 'अति गंभीर' हो जाने पर तीसरा और चौथा चरण लागू किया जाता है। दिल्ली- एनसीआर में पहला और दूसरा चरण लागू कर दिया गया है। इन दोनों चरणों के तहत जो भी पाबंदियां आती हैं वो अब लागू होंगी।

### ग्रेप के दूसरे चरण में पाबंदियां

होटल-रेस्टोरेंट के तंदूर में कोयले और लकड़ी जलाने पर पाबंदी आवश्यक सेवाओं के अलावा बाकी जगहों पर डीजल संचालित जेनरेटर पर पाबंदी नए मानकों और डुअल मोड वाले डीजल जेनरेटर को ही छूट पहले से चिह्नित हॉट स्पॉट पर प्रदूषण फैलाने वालों पर कार्रवाई प्रदूषण के स्रोत की पहचान और उनकी रोकथाम निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर प्रदूषण फैलाने वालों पर कार्रवाई बिजली की सप्लाई बेहतर की जाएगी, ताकि लोग डीजल जेनरेटर का इस्तेमाल न करें सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए पार्किंग शुल्क बढ़ाया जा सकता है।

उवाच "

यह जिला औद्योगिक क्षेत्र होने तथा अधिक यातायात होने की दृष्टि से पर्यावरण को लेकर अत्यंत संवेदनशील जनपद है। डस्ट पॉल्यूशन की रोकथाम के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा अभियान संचालित किया जाए ताकि डस्ट उत्सर्जन पर अंकुश लगाया जा सके।
**मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी**



# यीडा के छोटे औद्योगिक भूखंड योजना में 2638 उद्यमियों ने किया आवेदन

**ग्रेटर नोएडा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक प्राधिकरण के उद्योगों के लिए छोटे भूखंडों की योजना में 2638 उद्यमियों ने आवेदन किया है। योजना में 109 भूखंड शामिल हैं। योजना में आवेदन 27 अक्टूबर को आवेदन करने की अंतिम तिथि थी। इसमें टॉय पार्क, हैंडीक्राफ्ट और एमएसएमई पार्क के भूखंड शामिल हैं। इसमें ड्रा के जरिए आवंटन किया जाएगा। इस योजना में निवेश के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने 6 अक्टूबर को छोटे औद्योगिक भूखंडों की योजना लॉन्च की थी। यमुना प्राधिकरण की औद्योगिक भूखंडों की योजना में 2638 आवेदन आए हैं। इस योजना में 300 वर्ग मीटर से लेकर 4000 वर्ग मीटर तक भूखंड हैं। इनका आवंटन ड्रा के जरिये होगा। ड्रा 17 नवम्बर को निकाला जाएगा।

**■ यमुना प्राधिकरण 109 औद्योगिक भूखंड के लिए निकाली थी योजना**
**■ 17 नवम्बर को होगा ड्रा से आवंटन**

यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर-28, 29, 32 और सेक्टर-33 में 4000 मीटर से छोटे औद्योगिक भूखंडों की योजना छह अक्टूबर को निकाली थी। इस योजना में 300 से 4000 वर्ग मीटर तक के भूखंड हैं। ये भूखंड हैंडीक्राफ्ट पार्क, एमएसएमई पार्क और ट्वाय पार्क में हैं। इस योजना में 27 अक्टूबर तक आवेदन लिए गए। इस योजना में 104 भूखंड हैं और इसमें 2638 आवेदन आए हैं। सबसे अधिक 450 वर्ग मीटर के भूखंड के लिए आवेदन आए हैं। इसमें 32 भूखंड हैं और इसके लिए 1161 आवेदन आए हैं। सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि ड्रा तय समय पर करा लिया जाएगा। 17 नवम्बर ड्रा निकाला जाएगा।

## यीडा के आवासीय भूखंड योजना में असफल आवेदकों के पैसे 3 नवम्बर तक होंगे वापस

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण की आवासीय योजना में असफल आवेदकों को पंजीकरण धनराशि के लिए अभी इंतजार करना होगा। बैंक प्रबंधन को 31 अक्टूबर तक पैसा वापस करना था, लेकिन वह काम पूरा नहीं कर पाया। अभी 50 प्रतिशत लोगों को पैसा मिलना बाकी है। इस योजना 1.30 लाख लोगों ने आवेदन किया था। इस योजना में 1184 भूखंड थे। प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बैंक प्रबंधन से जल्द से जल्द पैसे वापस करने के लिए कहा है। अब बैंक अधिकारी तीन नवम्बर तक सभी आवेदकों पैसा भेजने की बात कर रहे हैं।

# पॉड टैक्सी परियोजना को लेकर यीडा ने निविदा डालने की तिथि बढ़ाई

**ग्रेटर नोएडा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। जेवर एयरपोर्ट से फिल्म सिटी के बीच चलने वाली पॉड टैक्सी परियोजना के लिए निविदा डालने की तिथि यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने एक बार फिर बढ़ा दी है। निविदा डालने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर थी, जिसे प्राधिकरण ने 27 नवम्बर तक बढ़ा दिया है। पॉड टैक्सी परियोजना में दो कंपनियों ने निविदा डाली थी।

पॉड टैक्सी परियोजना को लेकर कई बड़ी विदेशी कंपनियों ने रूचि दिखाई है। विदेश में कुछ कंपनियों ने त्योहार के चलते निविदा डालने की तिथि आगे बढ़ाने का अनुरोध यमुना प्राधिकरण किया था। जिस पर प्राधिकरण ने निविदा डालने की तिथि एक बार फिर आगे बढ़ा दिया। प्राधिकरण को उम्मीद है कि कोई बड़ी कंपनी इस परियोजना को पूरा करेगी। इस परियोजना में 641.53 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

यमुना प्राधिकरण ने जेवर एयरपोर्ट और फिल्म सिटी के बीच पॉड टैक्सी चलाने की योजना बनाई है। इसके कॉरिडोर की लंबाई 14.6 किलोमीटर होगी। यह कॉरिडोर एलिवेटेड होगा। एयरपोर्ट से फिल्म सिटी की दूर छह किलोमीटर है। इसके अलावा यह कॉरिडोर औद्योगिक सेक्टर में जाएगा।

**■ सिर्फ दो कंपनियों ने दिखाई रूचि**
**■ अब 27 नवम्बर अंतिम तिथि**

परियोजना को मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। पॉड टैक्सी परियोजना के लिए टेंडर डालने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर थी। पहले समय सीमा 10 अगस्त थी। फिर इसे 10 सितम्बर तक बढ़ा दिया गया था। तकनीकी निविदा 30 अक्टूबर खुलने की रखी गई थी। परियोजना में 25 अक्टूबर तक सिर्फ दो कंपनियों ने निविदा डाली थी। प्राधिकरण तकनीकी और आर्थिक मानदंडों के आधार पर कंपनी का चयन करेगा। प्राधिकरण डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) नीति के तहत इस परियोजना को पूरा करेगा।

# भाकियू अंबावता ने प्राधिकरण के सीईओ के सामने रखी गांव व शहरों की समस्या

**ग्रेटर नोएडा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन अंबावता का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विकास प्रधान के नेतृत्व में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एनजी रवि कुमार से मिला। इस संबंध में संगठन के प्रदेश महासचिव कृष्ण नागर ने कहा कि जब से गांवों में पंचायत व्यवस्था खत्म हुई है, तब से सभी समस्याओं के लिए किसानों को प्राधिकरण का रूख करना पड़ता है, जिससे समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। गांवों में संपूर्ण सफाई व्यवस्था खराब है, गांवों में नालियां टूटी पड़ी है, सीवर ओवरफ्लो हो रहे हैं। कई गांवों में शमशान नहीं बने हैं, गांवों के मुख्य रास्ते क्षतिग्रस्त है प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में लाइब्रेरी बनाने एवं शहरी क्षेत्र में पानी की सप्लाई समय से नहीं हो पा रही है, जिससे ग्रेटर नोएडा शहर के लोग पिछले 8 दिन से परेशान है इन सभी समस्याओं को सीईओ ने गंभीरता से लेते तत्काल समस्याओं का निराकरण करने एवं पानी की पूर्ण रूप से सप्लाई चालू करने के आदेश दिए और है संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने का आदेश भी जारी किया है। इस मौके पर डॉ. विकास प्रधान, बृजेश भाटी, लोकेश भाटी, मनोज भगत जी, कृष्ण नागर, राजकुमार रूपवास, सुरेश प्रधान, अनिल नागर, अशोक पाली आदि लोग मौजूद रहे।

# अब ग्रेनो वेस्ट स्थित कार्यालय में बैठेंगी एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग

**ग्रेटर नोएडा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों के लिए खुशखबरी है। अब ग्रेटर नोएडा वेस्ट के टेकजोन फोर स्थित प्राधिकरण कार्यालय में एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग खुद बैठेंगी। उन्होंने मंगलवार 31 अक्टूबर से ही इसकी शुरुआत कर दी है। एसीईओ ग्रेनो वेस्ट के निवासियों से मिलीं और उनकी समस्याओं का निस्तारण किया।

प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग 7 नवम्बर तक नियमित तौर पर इस दफ्तर में बैठेंगी। उसके बाद हर मंगलवार व गुरुवार को सुबह 10.30 बजे से इस दफ्तर में जन शिकायतों को सुनेंगी और उनका निस्तारण करेंगी। बता दें कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासी प्राधिकरण के



सीनियर स्तर के अधिकारी को टेकजोन फोर स्थित कार्यालय में बैठाने के लिए सीईओ एनजी रवि कुमार से मांग कर रहे थे। इसे देखते हुए सीईओ के निर्देश पर एसीईओ ने ग्रेनो वेस्ट के दफ्तर में बैठना शुरू कर दिया है। प्राधिकरण का मानना है कि इस पहल से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। निवासियों को अब नॉलेज पार्क फोर स्थित प्राधिकरण के दफ्तर नहीं आना पड़ेगा। साथ ही ग्रेटर

**■ मंगलवार से की शुरुआत, जन शिकायतों का किया निस्तारण**
**■ 7 नवम्बर तक नियमित, उसके बाद मंगलवार व गुरुवार को बैठेंगी**

नोएडा वेस्ट से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निस्तारण में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में करीब 200 बिल्डर सोसाइटियां बन रही हैं।

सेक्टर और गांव के निवासी इससे अलग हैं। यहां आबादी तेजी से बढ़ी है। आने वाले दिनों में यहां आबादी और बढ़ेगी। इसलिए निवासियों की सुविधा को देखते हुए प्राधिकरण ने इस ऑफिस का निर्माण कराया है, जिसे पूर्व में शुरू किया जा चुका है।

# प्रदूषण कम करने के लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

**ग्रेटर नोएडा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण के साथ जिले में वायु प्रदूषण को कम करने तथा एनजीटी व प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के मानकों को पालन कराने को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ग्रैप स्टेज-2 के अंतर्गत समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि यह जिला औद्योगिक क्षेत्र होने तथा अधिक यातायात होने की दृष्टि से पर्यावरण को लेकर अत्यंत संवेदनशील जनपद है। डस्ट पॉल्यूशन की रोकथाम के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा अभियान संचालित किया जाए ताकि डस्ट उत्सर्जन पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कंस्ट्रक्शन एवं खनन साइट का नियमित निरीक्षण किया जाए। प्राधिकरण के अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए कारगर उपाय



**■ प्रदूषण कम करने के लिए प्रशासन व प्राधिकरण प्रदूषण फैलाने वालों के विरुद्ध करें कार्रवाई व लगाएं जुर्माना**

किए जाएं व जनपद में अभियान चलाकर एनजीटी एवं प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाए और जहां पर भी एनजीटी के नियमों का उल्लंघन होता पाया जाए वहां पर जुर्माना लगाते हुए दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाए। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर प्राधिकरण एवं नगर पालिका व नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में पॉलिथीन के उपयोग पर पूर्णतया अंकुश लगाने के उद्देश्य से बाजारों में पॉलिथीन का प्रयोग न करने को लेकर एलाउंसमेंट करते हुए आम नागरिकों को पॉलिथीन के प्रयोग से होने वाली हानियों के संबंध में जागरूक किया जाए और यदि फिर भी दुकानदार पॉलिथीन में सामान विक्रय करता पाया जाता है, तो संबंधित दुकानदार से पॉलिथीन जब्तीकरण करते हुए जुर्माना लगाए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# रालोद ने किसानों की समस्या को लेकर राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल के नाम जिलाध्यक्ष जनार्दन भाटी के नेतृत्व में एसडीएम धीरपाल सिंह को समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में गन्ना मूल्य निर्धारण और धान, आलू सहित सभी फसलों के एमएसपी पर कानून बनाने के संबंध में उत्तर प्रदेश में किसानों की असंतुलित वर्षा तथा प्राकृतिक प्रकोप से भारी नुकसान पहुंचा है, जिसके कारण उसकी आर्थिक हालात बदहाल एवं सोचनीय है। उत्तर प्रदेश में किसानों की बहुत बड़ी आबादी गन्ना और आलू का उत्पादन करती है, किंतु उनका लाभकारी मूल्य न मिलने से उसकी दशा अत्यंत खराब है। सरकार ने 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का लक्ष्य रखा था, किंतु किसानों की लागत महंगाई से बढ़ गई, आमदनी और घटी है, अतः राष्ट्रीय लोक दल किसानों के हित में निम्नलिखित मांग करता है, जिसमें गन्ना मूल्य रूपए 400 कुंतल किया जाए, आलू धान से सभी कृषि उत्पादकों का लाभकारी मूल्य देखकर एमएसपी पर कानून बनाया जाए। प्रदेश में अनेक जिलों में धान की फसल खेत में पानी के अभाव से



सूख गई है सरकार सर्वे कराकर रात प्रदान करें। पूरे प्रदेश में धान को सूखने से बचने के लिए किसानों ने बिजली से अपने खेतों की सिंचाई की, जिन पर बिजली विभाग ने जुर्माना लगाया है जिसे माफ किया जाए। किसानों को कृषि फसलों की सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली प्रदान की जाए। आवारा जानवरों से किसानों के फसल का नुकसान हो रहा है, इसके लिए ठोस कदम उठाया जाय। इस मौके पर हरवीर सिंह तालान, विजेंद्र यादव, अध्यक्ष महानगर नोएडा, एडवोकेट प्रियंका अत्रि, अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, आजाद मलिक युवा अध्यक्ष, एडवोकेट दीया उपाध्याय, जोगिंदर सिंह तालान मौजूद रहे।

# आगामी 9 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आगामी 9 दिसम्बर को जिला मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेषतः आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि के लिए इच्छुक हो वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जाएंगे। लोक अदालत द्वारा जारी किए गए फैसले को दीवानी अदालत के डिक्री का दर्जा प्राप्त होता है। यह फैसले बाध्यकारी होते हैं और इनके खिलाफअपील नहीं की जा सकती। लोक अदालत का कोई न्यायालय शुल्क नहीं है और यदि न्यायालय शुल्क का भुगतान पहले ही कर दिया गया है, तो लोक अदालत में विवाद का निपटारा होने पर राशि वापस कर दी जाती है।

# कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का बलिदान दिवस व सरदार पटेल व आचार्य नरेन्द्र देव की मनाई जयंती

**ग्रेटर नोएडा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश की पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. इन्दिरा गांधी के बलिदान दिवस एवं भारत लौह पुरुष भारत रत्न सरदार बलभ भाई पटेल की जयंती एवं स्वतंत्रता संग्राम के प्रख्यात सेनानी शिक्षक आचार्य नरेन्द्र देव की जयंती पर जिला कांग्रेस कार्यालय गौतम बुध नगर पर एक पुष्पांजलि सभा एव विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने की तथा संचालन जिला महासचिव मुकेश शर्मा ने किया। सभी कांग्रेस जनो ने तीनों महान नेताओं के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिला दिनेश शर्मा ने तीनों ही महान



नेताओं के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि इन्दिरा गांधी और सरदार बलभ भाई पटेल एवं आचार्य नरेन्द्र देव की कुर्बानी को भुलाया नहीं जा सकता है।

जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने जिले के सभी कांग्रेस जनो का आह्वान करते हुए कहा कि अभी से 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाए हर बूथ पर बूथ कमेटी का गठन अति शीघ्र किया जाए और जिले में प्रदेश अध्यक्ष/पूर्व मंत्री अजय राय के आवहान पर 'स्वाभिमान के वास्ते संविधान के रास्ते' कार्यक्रम चल रहा है जो 26 नवम्बर संविधान दिवस तक चलेगा जिसमें दलित बाहुल्य गावों में जाकर दलित गौरव सम्वाद, दलित अधिकार मांग पत्र एवं दलित चौपाल का कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेस हाई कमान दलितों के अधिकार जाना चाहती है।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में जिले की भाजपा कार्यकर्ता हुए शामिल

**ग्रेटर नोएडा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के भाजपा कार्यकर्ता मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में दिल्ली के कर्तव्य पथ पर हजारों कार्यकर्ताओं ने दिल्ली जाकर कार्यक्रम में भाग लिया। गौतम बुद्ध नगर से 100 गाड़ी एवं 20 बस विभिन्न मंडलों से गई भाजपा जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी के नेतृत्व में दिल्ली कार्यक्रम में पहुंचे। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता पवन नगर रवि जिंदल मनोज मणि कपिल गुर्जर, कर्मवीर आर्य, इंद्र नागर, रिंकू भाटी, ठाकुर धर्मेंद्र भाटी, सुरेंद्र भाटी, सतीश भाटी, देवेंद्र बैसला, अजीत मुखिया, श्याम सिंह, रवि भदोरिया, सोमेश गुप्ता, दिनेश भाटी, विजेंद्र प्रमुख, सत्यपाल शर्मा, महेश शर्मा, राजेश ठेकेदार आदि हज़ारों कार्यकर्ता पहुंचे।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लाट न0-1 सैक्टर नॉलिज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर।
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की सी0ओ0पी01 आवासीय भूखण्ड योजना के अर्न्तगत भूखण्ड संख्या-एफ-70, सैक्टर-आर0एच0ओ0-01, आकार-60 वर्गमीटर आवंटन संख्या-सी12279, श्री वीरपाल नागर पुत्र श्री भवी चन्द के नाम आवंटित है। आवंटी श्री वीरपाल नागर पुत्र श्री भवी चन्द की मृत्यु दिनांक 04.05.2022 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड को वारिसान के आधार पर उनकी पत्नी श्रीमती जयश्री नागर पत्नी स्वं0 श्री वीरपाल नागर निवासी-गांव-इमलियाका, जिला-गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश-201310 द्वारा उक्त भूखण्ड को अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में उक्त भूखण्ड को वारिसान के आधार पर नामांतरण श्री वीरपाल नागर पुत्र श्री भवी चन्द के स्थान पर उक्त भूखण्ड को उनकी पत्नी श्रीमती जयश्री नागर पत्नी स्वं0 श्री वीरपाल नागर निवासी-गांव-इमलियाका, जिला-गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश-201310 के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (सम्पत्ति)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र
**देशबन्धु**
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
**देशबन्धु**
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

**Shiv Mahima Enterprises**
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# मुख्य चौराहे पर ट्रक में डीजल खत्म होने से लगा जाम

■ रवि कुमार सिंह

**जेवर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। जाम के झाम से जूझ रहे लोगों को सोमवार को और अधिक भारी पड़ गया। मुख्य चौराहे पर व्यस्त समय में एक ट्रक में डीजल खत्म होने से रबूपुरा रोड, खुर्जा रोड व टप्पल रोड पर लम्बा जाम लग गया। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यातायात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को कई घंटे तक मसक्कत करनी पड़ी। जेवर में जाम की समस्या कोई नई नहीं है। जाम से मुक्ति दिलाने के लिए प्रशासन द्वारा अनेक प्रयोग भी किए गए लेकिन आसपास कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं होने की वजह से समस्या का कोई स्थाई समाधान नहीं निकल सका। विधायक धीरेन्द्र सिंह के प्रयास के करीब पांच वर्ष पूर्व यमुना एक्सप्रेस वे के पांच किमी लम्बे सर्विस रोड को जेवर से सारौल अलीगढ़ तक पक्का किया गया था। योजना के अनुसार भारी वाहनों को इसी मार्ग से निकाला जाना था। लेकिन सारौल गांव से हामिदपुर तक करीब तीन किमी के मार्ग की चौड़ाई कम होने की वजह से यह मार्ग न तो भारी वाहनों के लिए ही उपयुक्त बन सका न ही इससे हल्के वाहन निकल सके। जेवर व टप्पल क्षेत्र के कुछ गांव के लोगों को यह वैकल्पिक मार्ग जरूर मिल गया था। भारी वाहनों की चपेट में आने से लगातार हो रही मौतों को रोकने के लिए करीब दो वर्ष पूर्व नई व्यवस्था लागू की गई थी जिसके तहत सुबह छह बजे से ग्यारह बजे तक पांच घंटे तथा शाम को चार बजे से आठ बजे तक चार घंटे के लिए कस्बे में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई थी। भारी वाहनों की एंट्री शुरू होते ही लगने लगता है जाम- नो एंट्री की वजह से गोपालगढ़ गांव व यमुना एक्सप्रेस वे के समीप भारी वाहनों का जमावडा



हो जाता है। ग्यारह बजते ही भारी वाहन खुर्जा रोड, रबूपुरा रोड व टप्पल रोड से कस्बे में प्रवेश शुरू कर देते हैं। जिससे कस्बे की मुख्य सड़कों पर सैकड़ों भारी वाहनों की कतार लग जाती है इस दौरान दो पहिया वाहनों का भी निकलना मुस्किल हो जाता है। तहसील मुख्यालय व खुर्जा अंडरपास से टप्पल रोड स्थित कैलाश अस्पताल तक हल्के वाहनों को तीन किमी का रास्ता तय करने में करीब एक घंटे का समय लगता है। जिससे लोगों के जरूरी काम भी छूट जाते हैं। भारी जाम की समस्या से जूझ रहे लोगों ने जाम से मुक्ति दिलाने के लिए स्थाई समाधान की मांग की है।

**■ व्यस्त समय में घंटो तक लोग रहे परेशान**
**■ यातायात को नियंत्रित करने में पुलिस के छूटे पसीने**


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धनौरी में उपजिलाधिकारी, सदर गौतमबुद्वनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 968/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023, दिनांक 09.10.2023, मृतक श्री गौरी शंकर पुत्र स्व0 श्री गंगादास व स्व0 श्रीमती राजकली देवी पत्नी स्व0 श्री गौरी शंकर नि0 ग्राम धनौरी, परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्वनगर कि मृत्यु दिनांक 06.02.2020 व 17.04.2023 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/ अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 1538 | श्री गौरी शंकर पुत्र स्व0 श्री गंगादास व श्रीमती राजकली देवी पत्नी श्री गौरी शंकर नि0 ग्राम धनौरी, परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्वनगर | श्री पवन कुमार | पुत्र | 42 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्री अनिल कुमार | पुत्र | 34 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती उर्मिला | पुत्री | 38 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती बबीता | पुत्री | 35 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डेरी गूजरान में उप जिलाधिकारी सदर गौतमबुद्वनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या-1018/एस.टी.-एस.डी.एम./2023 दिनांक 25.10.2023 मृतक श्री धर्मपाल सिंह पुत्र श्री रामचन्द सिंह नि0 मौ0 पीरवाला दनकौर डेरीन गूजरान मजरा दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्वनगर की मृत्यु दिनांक 25.06.2017 को हो चुकी है। मृतक के पुत्र स्व0 देवेन्द्र पुत्र स्व0 श्री धर्मपाल सिंह की मृत्यु 23.06.2021 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| डूंगरपुर रिलका | 89 204 | श्री धर्मपाल सिंह पुत्र श्री रामचन्द सिंह नि0 मौ0 पीरवाला दनकौर डेरीन गूजरान मजरा दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्वनगर व मृतक के पुत्र स्व0 देवेन्द्र पुत्र स्व0 श्री धर्मपाल सिंह | श्रीमती अतरकली | पत्नी | 63 वर्ष | विधवा |
| | | | श्री नरेन्द्र | पुत्र | 40 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्री विनीत कुमार | पुत्र | 25 वर्ष | अविवाहित |
| | | | श्रीमती तारावती | पुत्री | 39 वर्ष | विवाहित |
| | | | कु0 सपना रानी | पुत्री | 26 वर्ष | अविवाहित |
| | | | श्रीमती लता देवी पत्नी स्व श्री देवेन्द्र | पुत्रवधू | 34 वर्ष | विधवा |
| | | | श्री आदर्श गौतम पुत्र स्व0 श्री देवेन्द्र | पौत्र | 13 वर्ष | अविवाहित |
| | | | कु0 कनिष्का पुत्र स्व0 श्री देवेन्द्र | पौत्री | 10 वर्ष | अविवाहित |
| | | | श्री आरव पुत्र स्व0 श्री देवेन्द्र | पौत्र | 08 वर्ष | अविवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। तहसीलदार, यमुना एक्सप्रेसवे औ0 विकास प्राधिकरण



**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4 ग्रेटर नौएडा सिटी
जि0 गौतमबुद्व नगर उ0प्र0।
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि SRS0261200 आवासीय भवनों की योजना के अन्तर्गत भवन/भूखण्ड संख्या 331, BLOCK-C, AREA-300 SQMT., SECTOR-SIGMA-02, ALLOTMENT NO. -SRS0261200 के आवंटी Late Smt. Thagya Devi W/o Late Shri Inder Rai के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत/हस्तांतरित है। आवंटी Late Smt. Thagya Devi W/o Late Shri Inder Rai की मृत्यु दिनांक 03.12.2016 को हो गयी है। मृतक आवंटी के पोते SHRI PRADEEP KUMAR RAI S/O- MAHIMA RAI R/O- 10, BHAGWAN DASS ROAD MANDI HOUSE NEW DELHI-110001 द्वारा उपरोक्त वर्णित भवन को पूर्ण रूप से अपने पक्ष में म्यूटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के सम्बन्ध यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में आवंटी स्वर्गीय SMT. THAGYA DEVI के स्थान पर अपने पोते श्री PRADEEP KUMAR RAI (GRANDSON) S/O-MAHIMA RAI R/0-10, BHAGWAN DASS ROAD MANDI HOUSE NEW DELHI-110001 के पक्ष में पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (सम्पत्ति )
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण



**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लॉट नं0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्व नगर
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Greenwoods Govt. Officers Welfare Society, Phase-II Plot No.02, Pocket-P2, Sector-Omega-I, Greater Noida के माध्यम से आवंटित भवन संख्या- 203, 2nd Floor, क्षेत्रफल-210.53 वर्ग मीटर, Mr. Anjan Ghosh S/o Shri A.K. Ghosh के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Mr. Anjan Ghosh की मृत्यु दिनांक-11.08.2018 को हो जाने के उपरान्त उनके स्थान पर उनकी पत्नी (Mrs. Damayanti Ghosh W/o Late Shri Anjan Ghosh) ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सूनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में आवंटित Mr. Anjan Ghosh के स्थान पर उनकी पत्नी (Mrs. Damayanti Ghosh W/o Late Shri Anjan Ghosh) के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (ग्रुप हाउसिंग )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 1 नवम्बर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## विपक्षी नेताओं की फोन टैपिंग

महुआ मोइत्रा समेत कई बड़े नेताओं के फोन सरकार द्वारा टैप करने का विवाद एक बार फिर खड़ा हो गया है। मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने यह बात सामने लाई है। दरअसल प्रसिद्ध फोन निर्माता कम्पनी 'एप्पल' का इस्तेमाल करने वाले कई ऐसे विपक्षी नेताओं को कम्पनी की ओर से ईमेल मिला है कि जिसमें चेतावनी दी गई है कि उनके फोन राज्य समर्थित हमलावर (स्टेट स्पॉंसर्ड अटैकर्स) द्वारा टैप हो रहे हैं। अनेक विपक्षी नेताओं ने इसकी पुष्टि भी की है। राहुल ने इस बारे में कहा है कि 'उन्हें इसका कोई फर्क नहीं पड़ता और सरकार चाहे तो बेशक उनका फोन लेकर जा सकती है', परन्तु यह न केवल निजता का हनन है बल्कि लोकतंत्र में विरोध की आवाज को दबाने की भी कोशिश है जिसका विरोध किया जाना चाहिये।

मंगलवार को कई विपक्षी नेताओं ने दावा किया कि उन्हें अपने आईफोन पर एक अलर्ट प्राप्त हुआ, जिसमें बताया गया है कि 'राज्य प्रायोजित हमलावर उनके फोन से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं।' हालांकि इसकी प्रतिक्रिया में एप्पल ने कहा है कि वह खतरे से आगाह कर रही है परन्तु इसके लिये किसी भी राज्य-प्रायोजित हमलावर विशेष को जिम्मेदार नहीं ठहरा रही है। अलबत्ता उसका कहना है कि 'ऐसे हैकर्स वित्तीय रूप से बहुत अच्छे से पोषित और परिष्कृत हैं'। कम्पनी के अनुसार 'ऐसे हमलों का पता लगाना कुछ गुप्त संकेतों पर निर्भर करता है जो ज्यादातर आधे-अधूरे होते हैं। बयान में यह भी साफ किया गया है कि संभव है कि कुछ सूचनाएं गलत चेतावनी हो सकती हैं या कुछ हमलों का पता न चल पाए।' कंपनी ने यह भी कहा है कि 'वह इस बारे में जानकारी देने में असमर्थ है कि किस कारण से उसे एलर्ट जारी करना पड़ा है क्योंकि इससे राज्य प्रायोजित हमलावर भविष्य में और सावधान होकर काम करेंगे।'

इस जानकारी के सार्वजनिक होने से हड़कम्प मच गया है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने भी इस बात की पुष्टि की है कि उनका डिवाइस हैक हो रहा है या उसकी निगरानी हो रही है। ऐसे ही, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम येचुरी को भी सोमवार की रात एप्पल से एक ई-मेल मिला। उसमें भी सावधान किया गया है कि 'उनके फोन की 'राज्य-प्रायोजित निगरानी' की जा रही है और उनका फ़ोन और सभी सिस्टम हैक हो रहे हैं।' वैसे कम्पनी द्वारा इस हैकिंग से निपटना मुश्किल बताया गया है। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा, शिवसेना (उद्धव गुट) की प्रियंका चतुर्वेदी, कांग्रेस के लोकसभा सदस्य शशि थरूर, कांग्रेस पार्टी के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा, आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी आदि ने भी ऐसी ही चेतावनी मिलने की पुष्टि की है। कुछ लोगों ने स्क्रीनशॉट भी शेयर किये हैं जिसके बाद शक की गुंजाईश नहीं रह जाती है कि यह काम केन्द्र सरकार की ओर से ही हो रहा है। अब तक सरकार की ओर से कोई बयान न आना भी उसे शक के घेरे में डालता है। आखिरकार भारत के प्रतिपक्षी नेताओं के फोन टैपिंग में और किस देश की सरकार की रुचि हो सकती है?

राहुल गांधी ने इस बात को और स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारोबारी मित्र गौतम अदानी के खिलाफ बोलने के कारण ही उनके फोन को टैप किया जा रहा है। उनकी बात में इसलिये दम दिखता है क्योंकि जितने लोगों को भी निर्माता कम्पनी द्वारा फोन टैपिंग की चेतावनी वाले ईमेल मिले हैं वे न केवल विपक्ष के हैं वरन बेहद मुखर भी हैं और अदानी के विरूद्ध आवाज भी उठाते रहे हैं। उनके द्वारा मोदी सरकार की आलोचना के अंतर्गत अदानी प्रमुख विषय होते ही हैं। अपने फोन की टैपिंग के एलर्ट का संदेश देने वाले ईमेल की प्रति दिखाते हुए राहुल ने यह भी कहा कि देश में मोदी के भी ऊपर अदानी हैं। हालांकि उन्होंने एक बार फिर से इस बात की घोषणा कर दी कि चाहे जो हो जाये, वे अदानी-मोदी के कथित घोटालों को उठाते रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि पहले भी भारत सरकार पर यह आरोप लग चुका है कि उसने इज़रायल से पैगासस नामक जासूसी उपकरण खरीदा है जिसके जरिये देश के अनेक लोगों के फोन टैप कराये जा रहे हैं। ऐसे में जिन लोगों के नाम सामने आये थे उनमें सिर्फ विपक्षी दल के नेता ही नहीं बल्कि नितिन गडकरी जैसे कुछ उनके अपने मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सहयोगी भी थे। उनमें कुछ पत्रकार और यहां तक कि भूतपूर्व न्यायाधीश के नाम भी सामने आये थे। हालांकि उस समय भी सरकार ने इस बात से इंकार किया था कि वह किसी के फोन टैप करा रही है लेकिन उसका खुलासा जिस प्रामाणिक ढंग से हुआ था, उससे शक की कोई गुंजाईश नहीं रह जाती थी। सम्भवतया मामला उठने के बाद उतने ही गुपचुप तरीके से उसका इस्तेमाल रोक भी दिया गया होगा। हालांकि कोई इस बात को दावे के साथ नहीं कह सकता कि वह जासूसी रोक दी गई होगी।

जो भी हो, यह एक गम्भीर मसला है और सरकार को चाहिये कि इस बात की गहराई से और पारदर्शितापूर्वक जांच कर इसकी रिपोर्ट जनता के सामने लाए। हालांकि इसकी मोदी सरकार से इसकी उम्मीद करना बेकार है। सम्भव है कि सरकार इस पर मौन धारण कर ले और आतंक फैलाने हेतु यह भ्रम बनाकर रखे कि विपक्षियों के फोन टैप हो रहे हैं।

# अपनी ही पार्टी को उसके हाल पर छोड़ चुके हैं मोदी ?



डॉ. दीपक पाचपोर

> तीनों राज्यों में बड़ी संख्या में केन्द्रीय मंत्रियों व नेताओं को उतारा गया है जो इन सभी राज्यों में तकलीफदेह साबित हो रहा है। हार या जीत दोनों ही परिस्थितियों में आंतरिक संघर्ष देखने को मिलेंगे, यह भी तय है। इतना ही नहीं, तीनों ही राज्यों में स्थानीय चेहरों व सबसे बड़े नेताओं की उपेक्षा कर मोदी को जो प्रमुख चेहरा बनाया गया है, वह भाजपा के खिलाफ जा सकता है।

पांच राज्यों के लिये निर्धारित विधानसभा के चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी मंचों से लम्बी अनुपस्थिति सवाल पैदा कर रही है कि क्या उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को उसके हाल पर छोड़ दिया है। ऐसा इसलिये महसूस होता है क्योंकि जैसी अराजकता व भ्रम चुनावी राज्यों में दिख रहा है वह मोदी के चुनाव संचालन को अपने हाथों में रखे रहने से सम्भव नहीं था। यदि ऐसा है तो इससे पार्टी की मुश्किलों में इज़ाफ़ा होगा तथा उसे चुनौती देती कांग्रेस और मजबूत होगी। दशक भर यानी जब से भारत के राजनैतिक परिदृश्य में मोदी एक फिनोमिना बनकर उभरे और छाये हैं, तब से शायद ही कोई ऐसा चुनाव रहा होगा जिसमें उनकी उपस्थिति व दबदबा न रहा हो। अगले महीने की विभिन्न तारीखों में होने जा रहे चुनावों का ऐलान होने के पहले तो मोदी कई राज्यों में सभाएं लेते नज़र आये थे, पर अचानक उनकी अनुपस्थिति बहुत साफ महसूस हो रही है। कम से कम पिछले हफ्ते-दस दिनों में उनके द्वारा कोई बड़ी चुनावी रैली या सभा न करने से यह सवाल उठना स्वाभाविक है।

क्या मोदी स्वयं को हटा चुके हैं या भाजपा को संचालित व निर्देशित करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा उन्हें किनारे होने के निर्देश मिले हैं? या उन्हें शीर्ष नेतृत्व द्वारा किसी सोची-समझी रणनीति के अंतर्गत पीएम को चुनावी परिदृश्य से स्थायी-अस्थायी तौर पर परे किया जा रहा है? कई प्रश्न हैं जो चुनाव को नज़दीक से देखने-समझने वाले जानना चाहते हैं। अगर ऐसा है तो आने वाले दिनों के लिये यह बड़ा संकेत है। उन्हें ताबड़तोड़ रैलियां, सभाएं, रोड शो करते हुए देखने का आदी हो चुका यह देश अगर इतने दिनों का भी अंतराल देखे तो उसके लिये यह सोचना बहुत स्वाभाविक है कि क्या मोदी की पकड़ अपनी पार्टी और देश पर से छूट रही है। हालांकि इसका सही जवाब तभी मिल सकेगा जब उन्हें फिर से चुनावी दृश्यावली का हिस्सा बनते हुए लोग देखेंगे।

सम्भव है कि मोदी चुनावों के ऐन वक्त पर धुंवाधार प्रचार में जुटेंगे। हालांकि कोई मान नहीं सकता कि जो व्यक्ति चुनाव हो या न हो, हर वक्त एक्शन मोड में दिखता हो और सारे साल जिसकी भाषा और कृत्य ऐसे होते हों मानो वह चुनावी रैली को सम्बोधित कर रहा हो; तो ऐसे मोदी जी कैसे इतने बड़े अवसर व मंच से खुद को विलग कर सकते हैं? अगर यह कोई सोची-समझी योजना है तो देखना होगा कि उस स्थिति में वे कितने प्रभावी होते हैं और भाजपा को उसका कितना लाभ मिलता है। पहले कई चुनावों में देखा गया है कि आचार संहिता लागू होने या चुनाव प्रचार बंद होने के कुछ मिनट पहले तक मोदी चुनावी सभाओं को सम्बोधित करते रहे हैं। हो सकता है कि इसी तर्ज पर वे अंतिम समय में नमूदार हो बड़े मजमे कर सबको चौंका दें।

मोदी की अनुपस्थिति का एक कारण यह माना जा रहा है कि स्वयं उनकी पार्टी के भीतर धारणा बन चुकी है कि कांग्रेस के आक्रामक चुनाव प्रचार, उसके वादे व गारंटियों तथा उसके जवाबी हमलों के चलते भाजपा को न तो कुछ सूझ रहा है और न ही उसके पास कोई काट है। उनके मुंह से कांग्रेस के कथित भ्रष्टाचार, वंशवाद, उन्हें मिलता 140 करोड़ लोगों का आशीर्वाद, डबल इंजिन सरकारें, विश्व गुरु आदि की बातें सुनते हुए लोग ऊब चुके हैं। इसके विपरीत, विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस के बढ़ते जन समर्थन एवं नैतिक बल के सामने भाजपा पस्त दिखाई दे रही है। जहां एक ओर मोदी अपने चिर-परिचित तरीकों से व कड़े सुरक्षा घेरे में प्रायोजित कार्यक्रमों में अवतरित होते हैं वहीं कांग्रेसी नेता राहुल गांधी एक साधारण व्यक्ति की तरह लोगों एवं जन समुदायों से मिल रहे हैं। इससे जमीनी स्तर पर तैयार हो रहे विमर्श का शासकीय या अशासकीय जवाब भाजपा के पास नहीं है। सम्भवत: अब मोदी का जनता के सामने जाना कठिन हो गया हो इसलिये उन्होंने प्रचार अभियानों से दूरी बना ली हो।

जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, उनका अगर बारी-बारी से परीक्षण किया जाये तो कुछ कारण साफ हैं जिनके चलते मोदी ने इस समय चुनावी प्रचार से छुट्टी ले ली हो। शायद इन राज्यों में पार्टी के भीतर इस कदर अराजकता व भ्रम है कि मोदी के सामने तीनों ही सवाल हैं कि आखिर वे किस राज्य में जाएं, क्यों जायें और वहां क्या कहेंगे। मिजोरम की बात करें तो वहां के मुख्यमंत्री जोरामथंगा ने कह दिया है वे नरेन्द्र मोदी के साथ मंच साझा नहीं करेंगे। इसका कारण यह है कि मणिपुर के मामले में जैसी चुप्पी मोदी ने साध ली थी और वहां अराजकता होने दी, उसका गहरा असर मिजोरम पर भी पड़ा है। यहां भाजपा के खिलाफ लोगों में रोष है क्योंकि राज्य में बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग रहते हैं। कहने को इस राज्य में सत्तारुढ़ मिजो नेशनल फ्रंट और भाजपा का गठबन्धन है पर वहां एमएनएफ के पास 26 विधायकों के साथ पूर्ण बहुमत है। 40 सीटों की विधानसभा में भाजपा का केवल एक ही सदस्य है। वैसे भी दोनों का गठबन्धन नाममात्र का है और जोरामथंगा पहले ही कह चुके हैं कि उन्हें भाजपा के सहयोग की ज़रूरत नहीं है। तेलंगाना की बात करें तो वहां पहले सत्तारुढ़ भारत राष्ट्रीय समिति के भाजपा के साथ अच्छे सम्बन्ध थे लेकिन मुकाबला भी इन दोनों के बीच ही था। राहुल गांधी द्वारा अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राज्य में बिताए करीब दो हफ्ते तथा कांग्रेस की चुनावी रैलियों ने भाजपा को मुकाबले से बाहर कर दिया है। वहां अब खुद बीआरएस संकट में है और अपनी सरकार बचाने के लिये कांग्रेस से संघर्षरत है। हैदराबाद कौंसिल के मेयर पद के लिये यहां के मुख्यमंत्री सी चंद्रशेखर राव द्वारा भाजपा प्रणीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन से मदद मांगने की बात को सार्वजनिक कर मोदी ने दोनों के रिश्तों में जो खटास भर दी है उसका फायदा भी कांग्रेस को मिलना लाजिमी है।

हिन्दी पट्टी के राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में भी अलग-अलग कारणों से कांग्रेस सीधे-सीधे भाजपा पर हावी दिखाई दे रही है। राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया को लम्बे समय तक हाशिये में रखने और मुकाबले में ऐसे नेताओं को खड़ा करने से मामले को उलझा दिया गया है जो उनके सम्भावित प्रतिद्वंद्वी हो सकते हैं। ऐसे ही, मप्र में उनके भतीजे ज्योतिरादित्य सिंधिया भी उपेक्षा के शिकार हुए हैं। उनके तमाम समर्थकों के टिकट काट दिये गये हैं जिससे उनके खेमे में नाराजगी है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार द्वारा किसानों को की गई कर्ज माफी, बोनस, न्याय योजनाएं आदि की सफलता भाजपा पर भारी पड़ रही हैं और उनकी कोई काट मोदी व राज्य ईकाई के पास नहीं है।

तीनों राज्यों में बड़ी संख्या में केन्द्रीय मंत्रियों व नेताओं को उतारा गया है जो इन सभी राज्यों में तकलीफदेह साबित हो रहा है। हार या जीत दोनों ही परिस्थितियों में आंतरिक संघर्ष देखने को मिलेंगे, यह भी तय है। इतना ही नहीं, तीनों ही राज्यों में स्थानीय चेहरों व सबसे बड़े नेताओं की उपेक्षा कर मोदी को जो प्रमुख चेहरा बनाया गया है, वह भाजपा के खिलाफ जा सकता है। यह भी एक कारण है जो मोदी को इन राज्यों में जाने से शायद रोक रहा है।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ असम में विपक्षी एकता की कोशिशें शुरू

■ आशीष विश्वास

असम में कांग्रेस की तुलना में अन्य विपक्षी दलों ने भाजपा-विरोधी एकजुटता हासिल करने के लिए अधिक प्रतिबद्धता दिखाते हुए, 2024 में लोकसभा चुनावों के लिए अपनी लंबे समय से प्रतीक्षित सीट-बंटवारे की बातचीत शुरू करने के लिए कांग्रेस की रणनीति को नजरअंदाज कर दिया है।

हालांकि, दुर्जेय लेकिन अत्यधिक विभाजनकारी मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा शर्मा के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ विपक्ष के संयुक्त मोर्चे के लिए स्वयं के स्वार्थ का 'बलिदान' देते हुए एक साथ आने वाली 14 पार्टियों के बीच एक व्यापक समझौते के बावजूद, सीट-बंटवारे पर प्रारंभिक चर्चाओं ने संकेत दिया है कि आगे की राह आसान नहीं होगी। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दल अगले महीने फिर से मिलने पर सहमत हुए हैं।

> अधिकांश अन्य राज्यों की तरह, सीट समायोजन को अंतिम रूप देने पर कांग्रेस और अन्य दलों के बीच असहमति के कारण असम में भी प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी सीट साझा व्यवस्था के बारे में प्रारंभिक बातचीत में देरी से शुरू हुई। जबकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) जैसी कुछ पार्टियों को लगा कि सीट-बंटवारे की व्यवस्था को जल्द से जल्द अंतिम रूप दिया जाना चाहिए, जिस पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है।

अधिकांश राज्यों की तरह, इन वार्ताओं का संचालन सुचारू नहीं था। असम कांग्रेस के नेताओं को सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए 40 संभावित उम्मीदवारों की एक अस्थायी पहली सूची की एकतरफा घोषणा करने के लिए अन्य विपक्षी दलों के गुस्से का सामना करना पड़ा। यह कांग्रेस की ओर से विपक्ष के लिए एक अचूक संकेत था, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का विरोध करने वाली सबसे बड़ी पार्टी के रूप में, वह सीट समायोजन के लिए अपनी शर्तें निर्धारित करने की हकदार है। अगर विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं बनी तो वह अपने दम पर चुनाव लड़ेगी।

भारत के अधिकांश अन्य राज्यों की तरह, सीट समायोजन को अंतिम रूप देने पर कांग्रेस और अन्य दलों के बीच असहमति के कारण असम में भी प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी सीट साझा व्यवस्था के बारे में प्रारंभिक बातचीत में देरी से शुरू हुई। जबकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) जैसी कुछ पार्टियों को लगा कि सीट-बंटवारे की व्यवस्था को जल्द से जल्द अंतिम रूप दिया जाना चाहिए, जिस पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है।

कांग्रेस को लग रहा है कि पांच राज्यों (पूर्वोत्तर में मिजोरम सहित) में विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद ही ऐसी बातचीत अधिक सार्थक ढंग से हो सकेगी। भाजपा कर्नाटक में हार गई थी और हाल के दिनों में अधिकांश उप-चुनावों में उसका प्रदर्शन खराब रहा। लेकिन कांग्रेस ने बड़े पैमाने पर अभियान चलाया और अधिकांश क्षेत्रीय दलों के विपरीत, वह अपनी पकड़ बना रही है।

कांग्रेस के अनुसार इन चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के साथ, भारत की सबसे पुरानी पार्टी के लिए टीएमसी, आम आदमी पार्टी (आप) और विभिन्न असमिया क्षेत्रीय दलों सहित छोटे समूहों से सीट बंटवारे की मांगों को और अधिक मजबूती से संभालना आसान हो जायेगा।

फिर भी, रायसर दल, असम जातीय परिषद, सीपीआई (एम) और अन्य सहित 13 विपक्षी दलों ने पहले दौर की बातचीत के लिए राज्य कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की। गुवाहाटी स्थित मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, आप और टीएमसी दोनों ने संकेत दिया कि वे कम से कम 5 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। सीपीआई (एम) बारपेटा से चुनाव लड़ना चाहती थी, जो एक ऐसा क्षेत्र है जहां वह मजबूत है।

कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा और अन्य नेताओं ने इस समय ऐसे मामलों पर कोई ठोस चर्चा नहीं की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विपक्षी दलों को एक विश्वसनीय वैकल्पिक भाजपा विरोधी राजनीतिक मोर्चा खड़ा करने के लिए अपने समर्थन की मात्रा और पिछले प्रदर्शन के रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए अपनी मांगों पर जोर देने के लिए सहमत होना चाहिए।

इस बीच, रिपन बोरा (टीएमसी) को विपक्ष मंच के लिए एक सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम तैयार करने का काम दिया गया। राज्यसभा सदस्य अजीत भुइयां और पूर्व कांग्रेस नेता रकीबुल हुसैन को भाजपा की विभिन्न विफलताओं और कथित तौर पर जनविरोधी नीतियों को सूचीबद्ध करते हुए एक आरोप पत्र का मसौदा तैयार करने का काम सौंपा गया।

भाजपा ने अपने तरीके से जवाब दिया, राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा शर्मा ने अपने पहले के दावे को जोरदार ढंग से दोहराया कि सत्तारूढ़ पार्टी एक या दो को छोड़कर सभी सीटें जीतकर लोकसभा चुनावों में जीत हासिल करेगी। चुनाव की तारीखों की घोषणा से बहुत पहले ही वरिष्ठ भाजपा नेताओं को भरोसा है कि संयुक्त विपक्ष न केवल असफल होगा, बल्कि अपने मतभेदों और झगड़ों के कारण एकजुट भी नहीं रह पायेगा।

विपक्षी सूत्रों ने संकेत दिया कि भाजपा को असम गण परिषद जैसे सहयोगियों के साथ अपनी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, जो कथित तौर पर भाजपा की आक्रामक कार्यप्रणाली के कारण राजनीतिक हाशिये पर चले जाने के खतरे का सामना कर रही है। दोनों पार्टियों के लिए, राजनीतिक समर्थन का मुख्य क्षेत्र असमिया भाषी समुदाय है। हालांकि, अपनी बड़ी राजनीतिक पहुंच, शक्ति और व्यापक अपील के साथ, भाजपा मूलरूप से क्षेत्रीय पार्टी, एजीपी से बहुत आगे है। मतदाता एजीपी की तुलना में भाजपा के फायदे से पूरी तरह वाकिफ हैं।

भाजपा के आलोचकों का कहना है कि उसके आत्मविश्वास का मुख्य कारण हाल ही में आधिकारिक परिसीमन उपायों के माध्यम से असम में विभिन्न विधानसभा और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों का आधिकारिक पुनर्गठन था। शर्मा सहित पार्टी नेताओं ने खुले तौर पर घोषणा की कि जैसी स्थिति अभी है, मूल असमिया (असमिया भाषी लोग) को विधानसभा की 126 सीटों में से लगभग 110 सीटों पर चुना जाना चाहिए। केंद्र और राज्य ने यह सुनिश्चित किया था कि असमिया कभी भी असम के भीतर शक्तिहीन अल्पसंख्यक नहीं बनेंगे।

एआईयूडीएफ आदि विपक्षी दलों ने नई परिसीमन प्रक्रिया का तीखा विरोध किया था यह आरोप लगाते हुए कि वे कई स्थानीय समुदायों (विशेषकर मुसलमानों) और अन्य समूहों के प्रति भारी पक्षपाती थे। हालांकि, चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट में की गई उनकी अपीलों से बहुत कुछ हासिल नहीं हुआ। अधिकांश नये परिसीमन आदेशों को उनकी आपत्तियों के बावजूद बरकरार रखा गया।

## पावन प्रसंग

# पर्व त्यौहारों का प्रयोजन

व्यक्तिगत दृष्टिकोण का परिष्कार करने के लिए जिस प्रकार पूजा उपासना तथा पारिवारिक रीति-नीति को उत्कृष्ट बनाए रखने के लिए संस्कार प्रक्रिया है, ठीक उसी प्रकार समाज को समुन्नत और सुविकसित बनाने के लिए सामूहिकता, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, नागरिकता, परमार्थपरायणता, देशभक्ति, लोक मंगल जैसी सत्प्रवृत्तियां विकसित करनी पड़ती है। उन्हें सुस्थिर रखना होता है। वह भी बार-बार स्मरण दिलाते रहने वाला प्रसंग है। इसी प्रयोजन के लिए देवसंस्कृति में पर्व त्यौहार मनाए जाते हैं। वर्ष में प्राय: 40 पर्व पहले से हैं। युगधर्म के अनुसार उनमें दस का निर्वाह बन पड़े तो उत्तम है, वे दस पर्व इस प्रकार हैं- बसंत पंचमी, शिवरात्रि, होली, रामनवमी, गायत्री जयंती, गुरु पूर्णिमा, श्रावणी, जन्माष्टमी, विजयादशमी ,दीपावली- इन दस का विशेष महत्व है। अत: पर्वों को सोत्साहपूर्ण मनाना चाहिए। इन्हें जहां भावनापूर्वक मनाया जाता है, वहां सुसंस्कारिता की उमंगें उठती हैं और सत्यप्रवृत्ति पनपती रहती है, जिनकी आवश्यकता प्रत्येक व्यक्ति व समाज के लिए अनिवार्यत: होती है।

मनुष्य स्वभाव से ही अनुकरणशील प्राणी है। दूसरों को कोई शुभ काम करता देखकर उसके मन में भी वैसा ही काम करने की इच्छा स्वत: उत्पन्न होती है। यही मूल कारण था कि सामूहिक आयोजनों के रूप में पर्वोत्सवों का प्रचलन किया गया। समाज के ढांचे को सुव्यवस्थित बनाए रखने में पर्वों ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। धर्मधारणा एवं आस्तिकता के भावों की वृद्धि के साथ ही धार्मिक और सामाजिक त्योहारों का एक प्रमुख उद्देश्य सामूहिकता की वृद्धि करना है। मानव जीवन की सफलता के लिए जैसे व्यक्तिगत उन्नति और सत्प्रवृत्तियों को ग्रहण करने की आवश्यकता है, वहां समाज को सुदृढ़ बनाना और पारस्परिक सहयोग द्वारा सामाजिक हित की बड़ी योजनाओं की पूर्ति करना भी अत्यावश्यक है। इसके लिए लोगों में पारस्परिक एकता, भाईचारे की मनोवृत्ति का उत्पन्न होना आवश्यक है। हमारे यहां होली, दीपावली, गंगा दशहरा आदि के जो त्योहार और पर्व नियत किए गए हैं, उनका उद्देश्य यही है कि लोग परस्पर प्रेमपूर्वक मिलें और सामूहिकता की भावना को सुदृढ़ बनाएं। जो त्योहार या उत्सव किसी प्राचीन महापुरुष या अवतार की जयंती के रूप में मनाए जाते हैं, उनका एक बहुत बड़ा लाभ होता है कि जनता को उनके द्वारा सच्चरित्र, नैतिकता, सेवा, सद्भावना आदि की शिक्षा मिलती है। इस प्रकार के उत्सव संसार के सभी देशों में मनाए जाते हैं और इस बात का ध्यान रखा जाता है कि जन-साधारण अपने उन पूर्वजों के चरित्रों से उच्चकोटि के सदगुणों की प्रेरणा प्राप्त करें। वास्तव में जिस समुदाय में ऐसे महापुरुषों का अभाव है, वह उन्नति की आशा नहीं रख सकता, क्योंकि साधारण मनुष्य के लिए बिना किसी मार्गदर्शन अथवा प्रकाश स्तंभ के संसार में सफलतापूर्वक अग्रसर हो सकना संभव नहीं है। यही कारण है कि उन्नति की कामना रखने वाली जातियां अपने पूर्व पूर्वजों के चरित्रों और महान कार्यों को बड़े गौरव के साथ याद करती हैं। उदाहरण के लिए यूरोप में फ्रांस और एशिया में जापान का उल्लेख कर सकते हैं। ये दोनों देश अपेक्षाकृत छोटे होने पर भी वीर पूजा के गुण के कारण ही संसार की राष्ट्र मंडली में अग्रगण्य बन गए। ज्ञान अकेला अपूर्ण है। कर्म कुशलता के अभाव में कथनी और करनी में अंतर आने लगता है। श्रावणी पर्व अपने ज्ञान को, कर्म की शक्ति को, सृजन की प्रेरणा देने वाला पर्व है। हमारा ज्ञान वाणी से नहीं, आचरण से व्यक्त हो हमारी शक्ति किसी को दबाने या झुकाने या निरर्थक कार्यों में नहीं, सृजन में लगे।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# अकर्मण्यता की निराशा से जन्मा पलायनबाद

यह बात चाहे मनुष्य के जीवन की हो यह राष्ट्र के उत्थान से संदर्भित हो, जीवन में मनुष्य के संदर्भ में अकर्मण्यता एक बड़ी शारीरिक,मानसिक व्याधि और दशा है, यह जीवन को निर्रथक बनाती है। इसी तरह देश का शासन तंत्र यदि अकर्मण्य और निराशावादी हो तो देश की उन्नति में अवरोध और बढ़ाएं सदैव उत्पन्न होती रहती हैं। इस अवस्था को तत्काल त्यागना चाहिए,और अपने जीवन के संघर्ष के लिए तैयार रखना चाहिए। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं ऊर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सकें। कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अत: निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़ें, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निस्संदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है। बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं। सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ-साथ सामाजिकता, प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं। मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए। यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है। जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय आविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है। यही वजह है कि सफलता का नशा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है।

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है।

**संजीव ठाकुर**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## पकिस्तान में वैन-कार की टक्कर से चार की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी प्रांत पंजाब में यात्री वैन और कार के बीच टक्कर से कम से कम चार यात्रियों की मौत हो गई और कयी अन्य घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को प्रांत के डेरा गाजी खान जिले के झोक यार खान इलाके में सिंधु राजमार्ग पर उस समय हुई , तेज रफ्तार यात्री वैन एक कार से टकरा गई। घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। घायलों में से एक ने नजदीकी अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

# देश विदेश

# इजराइल ने हमास के सैकड़ों ठिकानों पर किए हमले

**तेल अवीव,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने मंगलवार को कहा कि इजरायली सेना ने रात भर हमास के सैकड़ों ठिकानों पर हमला किया है।

**उत्तरी गाजा पर ध्यान केंद्रित कर रहा इजराइल**


सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने मंगलवार को एक ब्रीफिंग में कहा, इजरायल का कहना है कि वह



उत्तरी गाजा पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, लेकिन पट्टी के सभी हिस्सों पर हमला जारी रखे हैं। सोमवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में युद्धविराम के आह्वान को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह युद्ध का समय है। 7 अक्टूबर को हमास के हमले के बाद से इजरायल गाजा पर बमबारी कर रहा है। जिसमें 1,400 लोग मारे गए और कम से कम 239 लोगों को बंधकों के रूप में अपहरण कर लिया गया। गाजा में हमास-नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायल की जवाबी बमबारी के बाद से 8,500 से अधिक लोग मारे गए हैं।

- इजरायल की जवाबी बमबारी के बाद से 8,500 से अधिक लोग मारे गए

## इजराइल ने लाल सागर के शहर इलियट के पास ड्रोन को रोका



**यरूशलम।** इजरायली सेना और मीडिया के अनुसार, इजरायल ने मंगलवार को यमन से इलियट शहर की ओर लॉन्च किए गए एक ड्रोन को लाल सागर के ऊपर रोक दिया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने इजरायली सेना और मीडिया के हवाले से बताया कि इलियट में हवाई हमले के सायरन सुने गए, जिसमें विमान घुसपैठ की चेतावनी दी गई और लोगों को भागने के लिए कहा गया।

# हमास का उत्तरी ब्रिगेड कमांडर ढेर : आईडीएफ

**गाजा।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) की कार्रवाई में फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के उत्तरी ब्रिगेड का कमांडर नसीम अबू अजीना मारा गया। आईडीएफ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आईडीएफ ने अपने बयान में कहा, कल, आईडीएफ और आईएसए (इजरायल सिक्योरिटीज अथॉरिटी की) खुफिया जानकारी के आधार पर, आईडीएफ लड़ाकू विमानों ने हमास के उत्तरी ब्रिगेड के बीट लाहिया बटालियन के कमांडर, नसीम अबू अजीना को मार गिराया, जिन्होंने इरेज और (द मोशव ऑफ़) मोशव नेटिव हासारा में सात अक्टूबर को किबुत्ज़ में नरसंहार का निर्देशन किया था। इजरायली सेना ने कहा कि अतीत में, अबू अजीना ने हमास की हवाई क्षमताओं की कमान संभाली थी और ड्रोन और पैराग्लाइडर के विकास में भाग लिया था। इजरायली अखबार हारेत्ज़ की रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएफ ने वेस्ट बैंक में हमास के राजनीतिक ब्यूरो के उपाध्यक्ष सालेह अल-अरौरी के घर को भी नष्ट कर दिया। समाचार पत्र के अनुसार, इजरायली सेना ने गाजा पट्टी से इजरायल में प्रवेश करने के संदेह में एक व्यक्ति को मार डाला। आईडीएफ ने कहा कि उसके लड़ाकू बलों ने पिछले 24 घंटों में लगभग 300 लक्ष्यों पर हमला किया है, जिसमें एंटी-टैंक मिसाइल पोस्ट, रॉकेट लॉन्च पोस्ट और भूमिगत सुरंगों के अंदर हमास के परिसर शामिल हैं। गौरतलब है कि सात अक्टूबर को, फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया। पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी।

## सुडोकू 6363

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 7 | | 4 | | 5 | 2 | |
| | | 5 | 7 | 2 | 1 | | | 3 |
| 3 | 1 | | | | | | 6 | |
| | | 6 | | | 4 | 1 | | 2 |
| | 2 | 1 | 6 | | 8 | 4 | 9 | |
| 5 | | 4 | 2 | | | 6 | | |
| | 5 | | | | | | 4 | 7 |
| 2 | | | 4 | 5 | 9 | 3 | | |
| | 4 | 3 | | 7 | | 8 | 5 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 1 नवम्बर , 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 3

### राशिफल

मेष - दिन की शुरुआत में आप थोड़े कन्फ्यूज रहेंगे। आज आप अपना जिद्दी व्यवहार छोड़ दें। दूसरों के साथ सामंजस्य बनाए रखें। वाणी मधुर बनाए रखें, इससे कोई भी काम आसानी से बना पाएंग।

वृषभ - आप का आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। दिन की शुरुआत में स्फूर्ति और आनंद का अनुभव होगा। आपकी रचनात्मकता से आप कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे। काम का उत्साह बना रहेगा।

मिथुन - आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप चिंता से घिरे रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में भी किसी से मतभेद रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद आप सभी कामों में अनुकूलता का अनुभव करेंगे।

कर्क - आज का दिन पारिवारिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ का अवसर लाया है। किसी प्रियपात्र से मुलाकात होगी। मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, परंतु दोपहर के बाद आपके मन में कई प्रकार की चिंता उठेगी।

सिंह - आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। व्यापार में वृद्धि होगी। परिजनों तथा मित्रों के साथ अच्छे पलों को गुजारेंगे। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है।

कन्या - नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकुल है। आज आप कुछ धार्मिक बने रहेंगे। कार्यालय या व्यावसायिक स्थल पर काम का भार अधिक रहेगा। विदेश जाने के इच्छुक लोग आज सकारात्मक प्रयास कर सकते हैं।

तुला - खान-पान में आज विशेष ध्यान रखें। आज नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अधिक कार्य से आलस्य और मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे।

वृश्चिक - सुबह के समय आप शारीरिक रूप से स्वस्थ और मन से खुश रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। दोपहर के बाद किसी बात की चिंता आपको रह सकती है।

धनु - आज मन खुश रहेगा, लेकिन शरीर में आलस्य बना रहेगा। हालांकि आप के काम योजनानुसार पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। धन लाभ की संभावना है। गृहस्थजीवन में मधुरता बनी रहेगी। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं।

मकर - परिश्रम की अपेक्षा फल कम मिलेगा। फिर भी आप मेहनती बने रहेंगे। परिजनों के साथ सम्बंध मधुर होंगे। हेल्थ आज अच्छी रहेगी। हालांकि बाहर खाने-पीने से बचें। दोपहर के बाद अधूरे काम पूरे हो सकते हैं।

कुंभ - आज आप सभी कामों को आत्मविश्वास से पूरा कर सकेंगे। सरकार के साथ आर्थिक व्यवहार में भी आपको सफलता मिलेगी। पैतृक संपत्ति से लाभ होगा। वाहन, मकान आदि की कागज़ी कार्रवाई ध्यान से ही करें।

मीन - आज आपकी चिंता में कमी आएगी। आनंद और उत्साह में भी वृद्धि होगी। कुटुंबजनों के साथ व्यवहार अच्छा बनेगा। आर्थिक विषयों पर आप अधिक ध्यान दे पाएंगे।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## नेपाल में 25 प्रतिशत से अधिक परिवार कर्ज में

**काठमांडू,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। नेपाल के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों में यह तथ्य सामने आया है कि देश में कुल 60.6 लाख परिवारों में से 25.59 प्रतिशत परिवार कम से कम एक बैंक, वित्तीय संस्थान और सहकारी के ऋण के बोझ तले दबे हैं। एनएसओ के आंकड़ों में बताया गया है कि इस तरह के ऋण लेने वाले प्रांत-वार परिवारों की सबसे अधिक संख्या मधेश में 28.88 प्रतिशत और सुदुरपश्चिम में सबसे कम 21.96 प्रतिशत देखी गई है। देश भर में कुल परिवारों में से एक सदस्य ने 40.12 लाख से अधिक या 61.89 प्रतिशत ने कम से कम ऋण लिया है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि देश में कुल 70.5 लाख घरों में से लगभग 60 प्रतिशत एक मंजिला मकान हैं। आंकड़ों के अनुसार नेपाल में कुल 70.5 लाख घरों में से एकल मंजिला मकान 59.82 प्रतिशत हैं, इसके बाद दो मंजिला इमारतें हैं जो 28.78 प्रतिशत हैं। इस बीच, तीन मंजिला मकान 9.17 प्रतिशत, चार-मंजिला मकानों पर 1.3 प्रतिशत , पांच से सात मंजिला मकानों पर 0.64 प्रतिशत, आठ से नौ मंजिली इमारतों पर 0.01 प्रतिशत और 10 या उससे अधिक मंजिल वाली इमारतों पर 0.003 प्रतिशत हैं। मधेश प्रांत में सबसे अधिक 84.42 प्रतिशत एक मंजिला मकान हैं।

ईरानी सेना प्रमुख का दावा

# गाजा के नीचे 400 किलोमीटर से अधिक लंबी सुरंगें

**तेल अवीव,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। ईरानी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बाघेरी ने मंगलवार को दावा किया कि गाजा पट्टी के उत्तरी सेक्शन के नीचे 400 किलोमीटर (248 मील) से अधिक लंबी सुरंगें हैं। ईरानी तस्नीम समाचार एजेंसी के अनुसार, तेहरान में नागरिक सुरक्षा पर एक सम्मेलन के दौरान मेजर जनरल मोहम्मद बघेरी ने कहा, इनमें से कुछ से वाहन और बाइकें गुजर सकती हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा कि कुछ सुरंगों का प्रवेश द्वार इजरायल के अंदर भी है। इज़रायल ने आधिकारिक तौर पर 2021 में तैयार किए गए गाजा बैरियर के भूमिगत सेंसर को सीमा के नीचे खुदाई का पता लगाने की क्षमता वाला बताया है। हालांकि, जमीन के ऊपर बाड़ की खामियां 7 अक्टूबर को उजागर हुई थीं। साल 2014 में गाजा के साथ इजरायल के युद्ध के दौरान, सशस्त्र समूहों ने कई छोटे पैमाने पर हमले करने के लिए सीमा पार सुरंगें बनाईं। टाइम्स ऑफ इज़रायल की रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी सेना प्रमुख ने कहा




- कुछ सुरंगों से वाहन और बाइकें भी गुजर सकती हैं

कि इजरायली सेना ने गाजा में पूरे पैमाने पर जमीनी आक्रमण शुरू करने के लिए इंतजार किया है क्योंकि वह जानती है कि इस तरह का ऑपरेशन एक और हार का प्रतीक होगा।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा के नीचे असंख्य सुरंगों को मिस्र से माल की तस्करी और इजरायल में हमले शुरू करने के लिए उपयोग किए जाने वाले मार्ग के रूप में जाना जाता है।

## वर्ग पहेली 6363



**बायें से दायें:**

१.जो किसी चीज का दुख-सुख उठा चुका हो, कृत भोग
३. घुड़सवार
५. नया और कोमल पत्ता, विस्तार
६. बेचैनी, छटपटाहट
७. संज्ञा शब्द के बदले प्रयुक्त हो वाला शबब्द
९. भौंरा, मिलिंद
१०. पसे क तकलीफ
१२. जहां जना या जिसे समझना आसान हो, आसान
१३. बालि-सुग्रीव केराज्य की राजधानी
१४. जलवायु (उर्दू)
१६. दया, कृपा (उर्दू)
१८. रुकना, अटकना, हठ करना
२०. सम्राट अशोक का राज्य
२१. हथेी से धीरे-धीरे ठोंकना या आघात करना, थपकी देना
२३. सरस, रसीला

**ऊपर से नीचे:-**

१. भोगना, सहना, बीतना, पूरा होना
२. खाने की वस्तु
३. मौका, समय
४. रुकावट डालना, मना करना, गत,चाल बंद करना
५. पतित, गलत रास्ते पर चलने वला
८. जिसकी बड़ी महिमा हो, राज्यपाल आदि के सम्मान में प्रयुक्त शब्द
१०. विचत्र, आनोखा, अद्भुत
११. जलपान
१२. मरम्मत, दोष या खराबी दूर करने की क्रिया
१३. लकड़ी, शीशे आदि का पल्ला बंद किया जाता है
१४. हमला,
१५. बलराम
१७. रोमांचक
१८. बेहद
१९. स्वामी. पति
२२. गर्व, अभिमान (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6362



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## जापान ने आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए नौ व्यक्तियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाए

**टोक्यो,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां) जापान ने आतंकवाद से निपटने के लिए मिस्र समेत नौ विदेशी नागरिकों और एक संगठन को प्रतिबंधित कर दिया है।

जापानी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

**एक संगठन को भी किया गया प्रतिबंधित**

प्रतिबंधित किये गये लोगों में विशेष रूप से, जॉर्डन, मिस्र, सूडान, तुर्की और फिलिस्तीन के नागरिकों के साथ-साथ गाजा स्थित वर्चुअल मुद्रा विनिमय बाय कैश मनी एंड मनी ट्रांसफर कंपनी को प्रतिबंधित सूची में जोड़ा गया है। क्योदो समाचार एजेंसी ने जापानी विदेश मंत्रालय के एक सूत्र का हवाला देते हुए बताया कि जापान ने प्रतिबंधित व्यक्तियों और कंपनी पर फिलिस्तीनी आंदोलन हमास को कथित रूप से वित्त पोषित करने का आरोप लगाया है। सात अक्टूबर को फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष के बढ़ने की शुरुआत के बाद से जापान द्वारा लगाए गया यह प्रतिबंध है। क्योदो ने जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाज़ू मात्सुनो के हवाले से कहा, आय के स्रोत को समाप्त करने की आवश्यकता है और इसलिए यह उपाय किया गया है। आतंकवाद विरोधी दृष्टिकोण से हम आगे के प्रतिबंधों पर विचार करना जारी रखेंगे। इससे पहले अक्टूबर में संयुक्त राज्य अमेरिका ने हमास से संबंधों को लेकर इन्हीं व्यक्तियों और कंपनी पर प्रतिबंध लगाए थे। फिलिस्तीनी समूह हमास ने सात अक्टूबर को गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक आश्चर्यजनक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इज़राइल ने जवाबी हमले शुरू किए और बीस लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया साथ ही पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी।

## नाइजीरिया में नाव पलटने से 17 लोगों की मौत

**अबुजा,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। नाइजीरिया के पूर्वी राज्य टराबा में शनिवार को एक यात्री नाव पलटने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। टराबा में राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के अभियान प्रमुख बशीर गर्ग ने कहा कि इस घटना में अब तक 17 लोगों का शव बरामद किया गया है जबकि 12 लोगों को बचाया गया है। श्री गर्ग ने संवाददाताओं से कहा कि एक स्थानीय बाजार से महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 104 यात्रियों को लेकर जा रही नौका टराबा के स्थानीय सरकारी क्षेत्र करीम लामिडो की ओर जाते समय डूब गई।

अधिकारी ने घटना के लिए नाव के ओवरलोड होने को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि आगे की जांच चल रही है। टराबा राज्य के गवर्नर अगबू केफस ने एक बयान में इस घटना को बहुत दुखद करार दिया और स्थानीय बचावकर्मियों से खोज एवं बचाव अभियान तेज करने का आग्रह किया। पश्चिम अफ्रीकी देश में नाव दुर्घटनाएं प्राय: ओवरलोडिंग, खराब मौसम और दोषपूर्ण संचालन के कारण होती है। पिछले महीने, नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टिनुबु ने पूरे देश में बार-बार हो रही घातक नाव दुर्घटनाओं की गहन और व्यापक जांच का आदेश दिया था।

## आज का इतिहास

1755 - पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में भूकंप से 50 हजार से ज्यादा लोगों की मौत।
1765 - ब्रिटेन के उपनिवेशों में स्टैम्प एक्ट लागू किया गया।
1800 - जॉन एडम्स व्हाइट हाउस में रहने वाले अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बने।
1858 - भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटेन के शासक के पास चला गया तथा गवर्नर-जनरल की जगह अब वायसराय की नियुक्ति की जाने लगी।
1903- पनामा की जनता का संघर्ष सफल हुआ और यह देश पूर्ण रूप से स्वतंत्र हो गया।
1950 - भारत में पहला भाप इंजन चितरंजन रेल कारखाने में बनाया गया।
1956 - कर्नाटक राज्य की स्थापना।
1956 - भाषा के आधार पर मध्य प्रदेश राज्य का गठन किया गया।
1956 - राजधानी दिल्ली केन्द्र शासित राज्य बना।
1956 - केरल राज्य की स्थापना।
1956 - आंध्र प्रदेश राज्य की स्थापना।
1956 - हैदराबाद राज्य प्रशासनिक रूप से समाप्त हो गया।
1958 - तत्कालीन सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
1966 - हरियाणा राज्य की स्थापना।
1966 - चण ?डीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश की स्थापना।
1973 - मैसूर का नाम बदलकर कर्नाटक किया गया।
1984 - भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश में सिख विरोधी दंगे भड़क गए।
2000 - छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ।
2003 - इराकी छापामारों द्वारा बगदाद के समीप अमेरिकी हेलीकाप्टर पर किये गए हमले में 15 सैनिकों की मृत्यु।
2004 - बेनेट किंग वेस्ट इंडीज क्रिकेट बोर्ड के पहले विदेशी कोच बने।
2005 - संयुक्त राष्ट्र में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी हमले में मारे गये 60 लोगों की याद में 27 जनवरी को विश्व नरसंहार दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पेश किया गया।

कूटनीति — *रेल लिंक परियोजना में भारत सरकार ने दी 392.52 करोड़ की सहायता*

# मोदी व शेख हसीना तीन परियोजनाओं का करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

**नई दिल्ली, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना बुधवार को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संयुक्त रूप से तीन भारत सहायता प्राप्त विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। तीन परियोजनाएं अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक, खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन और मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट-2 है। अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक परियोजना को भारत सरकार द्वारा बांग्लादेश को दी गई 392.52 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता के तहत क्रियान्वित किया गया है। बांग्लादेश में 6.78 किमी और त्रिपुरा में 5.46 किमी दोहरी गेज रेल लाइन के साथ रेल लिंक की लंबाई 12.24 किमी है।**

- बांग्लादेश में 6.78 किमी और त्रिपुरा में 5.46 किमी दोहरी गेज रेल लाइन

खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन परियोजना को भारत सरकार की रियायती ऋण सुविधा के तहत 388.92 मिलियन डॉलर की कुल परियोजना लागत के साथ कार्यान्वित किया गया है। इस परियोजना में मोंगला बंदरगाह और खुलना में मौजूदा रेल नेटवर्क के बीच लगभग 65 किलोमीटर ब्रॉड-गेज रेल मार्ग का निर्माण शामिल है। इससे



बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह मोंगला ब्रॉड-गेज रेलवे नेटवर्क से जुड़ जाएगा। 1.6 बिलियन डॉलर के भारतीय रियायती वित्तपोषण योजना ऋण के तहत मैत्री सुपर थर्मल पावर परियोजना बांग्लादेश के खुलना डिवीजन के रामपाल में स्थित 1320 मेगावाट सुपर थर्मल पावर प्लांट (एमएसटीपीपी) है।

यह परियोजना बांग्लादेश-भारत मैत्री पावर कंपनी (प्राइवेट) लिमिटेड (बीआईएफपीसीएल) द्वारा कार्यान्वित की गई है, जो भारत की एनटीपीसी लिमिटेड और बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड (बीपीडीबी) के बीच 50:50 की संयुक्त उद्यम कंपनी है। मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट -1 का सितंबर 2022 में दोनों प्रधानमंत्रियों द्वारा संयुक्त रूप से अनावरण किया गया था और यूनिट 2 का उद्घाटन बुधवार को किया जाएगा। मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट के परिचालन से बांग्लादेश में ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी।

## दुनिया को जानें

### चीन के शेनझोउ-16 के अंतरिक्ष यात्री धरती पर सुरक्षित पहुंचे

**बीजिंग,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। शेनझोउ-16 का दल पांच महीने के अंतरिक्ष स्टेशन मिशन को पूरा करने के बाद मंगलवार को सुरक्षित पृथ्वी पर पहुंचा। चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) ने कहा कि अंतरिक्ष यात्री जिंग हाइपेंग, झू यांगझू और गुई हैचाओ को लेकर शेनझोउ-16 उत्तरी चीन के मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में स्थानीय समयानुसार सुबह 8=11 बजे पहुंचा। इस दल में तीन चीनी अंतरिक्ष यात्री शामिल थे। सीएमएसए ने कहा कि शेनझोउ-16 के अंतरिक्ष यात्री पूरी तरह से स्वस्थ हैं और शेनझोउ-16 का मानवयुक्त मिशन सफल हुआ और साथ ही चीन में वर्तमान में उपलब्ध सभी अंतरिक्ष यात्री, अंतरिक्ष यान पायलट, स्पेसफ्लाइट इंजीनियर और पेलोड विशेषज्ञ ने अपने उड़ान और व्यावहारिक परीक्षण को पूरा कर लिया है। सीएमएसए ने कहा कि इस अभियान ने चालक दल के अंतरिक्ष यान कार्यक्रम और अंतरिक्ष विज्ञान प्रयोग करने के बाद विकास और निर्माण में एक अच्छी नींव तैयार की है। अंतरिक्ष में चीन के पहले अंतरिक्ष यान इंजीनियर झू ने कहा कि उन्होंने विभिन्न कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया।

# प्रादेशिकी

## राज्य के हर विधानसभा क्षेत्र में बनेंगे छह पुस्तकालय: थोरी

**अमृतसर**, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ बैठक के बाद निर्णय लिया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में छह पुस्तकालय प्रस्तावित किए गए हैं और प्रति विधानसभा क्षेत्र 64 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। यह धनराशि मुख्यमंत्री के विवेकाधीन कोष से खर्च की जाएगी। इस संबंध में जिला उपायुक्त घनशाम थोरी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि इस कार्य को लेकर पूरी योजना बनाते हुए जल्द प्रस्ताव तैयार किये जायें ताकि पुस्तकालयों का निर्माण कार्य करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि ये पुस्तकालय अमृतसर के छह विधानसभा क्षेत्रों में तैयार की जानी हैं, जिनमें अमृतसर पश्चिम, अमृतसर उत्तर, अमृतसर सेंट्रल, अमृतसर दक्षिण, अमृतसर पूर्व और विधानसभा क्षेत्र अटारी शामिल हैं।

## 'लखनऊ पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी यूपी के सीएम योगी से की मुलाकात'

■ अमर नाथ तिवारी



**देहरादून,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को लखनऊ पहुंचे। सीएम धामी ने यहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मुलाकात की तस्वीरें भी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की। लखनऊ में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भेंट की। इस अवसर पर उन्हें प्रभु बदरी विशाल की प्रतिमा और प्रदेश में उत्पादित श्रीअन्न से बने उत्पाद भी उपहार स्वरूप प्रदान किए। उत्तराखंड में दिसंबर में प्रस्तावित वैश्विक निवेशक सम्मेलन के लिए निवेश जुटाने सीएम धामी बुधवार को अहमदाबाद जाएंगे। यहां वे रोड शो कर कई कंपनियों के साथ करार करेंगे। मंगलवार को लखनऊ पहुंचने पर मुख्यमंत्री धामी का एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत हुआ। समाचार लिखे जाने तक वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ कंगना रनौत की फिल्म तेजस की स्क्रीनिंग देख रहे थे। आज शाम 5 बजे वह यहां उत्तराखंड महोत्सव का शुभारंभ भी करने वाले हैं। जिसके बाद वह एक रोड शो करेंगे। अभी इस विषय में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है कि लखनऊ से उन्हें कितने निवेश प्रस्ताव मिलते हैं और कितने निवेश प्रस्तावों पर एमओयू साइन किए जाते हैं। इसके बाद रात्रि 8 बजे उनका कार्यक्रम गुजरात के अहमदाबाद रवाना होने का है जहां कल उनकी गुजरात के उघोगपतियों के साथ बैठक होनी है। खबर यह भी है कि उन्हें गुजरात से बड़ा निवेश मिल सकता है जो 10 हजार करोड़ के आसपास होगा। मुख्यमंत्री धामी द्वारा इस ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से 2.5 लाख करोड़ के निवेश मिलने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक दिल्ली, लंदन और सऊदी अरब तथा चेन्नई आदि के दौरे कर वह लगभग 60 हजार करोड़ से अधिक निवेश प्रस्ताव साइन करा चुके हैं उनके इस दौरे के बाद इसमें कुछ और इजाफा हुआ तो यह 70कृ75 हजार करोड़ तक पहुंच सकता है। उनका मुंबई का रोड शो अभी बाकी है जहां से अच्छे निवेश की संभावना है। सीएम धामी को उम्मीद है कि समिट से पूर्व ही वह एक लाख करोड़ तक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त कर लेंगे। जो लक्ष्य से लगभग आधा तो हो ही जाएगा। ऐसी स्थिति में वह समिट के समय लक्ष्य से अधिक निवेश जुटाने में सफल रहेंगे।

## वाटर सेस के मुद्दे पर हिमाचल व केंद्र सरकार में टकराव का अंदेशा

**शिमला,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। वाटर सेस के मुद्दे पर हिमाचल व केंद्र सरकार में टकराव का अंदेशा है। पावर प्रोजेक्ट से वाटर सेस वसूली को लेकर केंद्र की मनाही के बावजूद राज्य सरकार इसे लेकर संजीदा है। जल शक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री का कहना है कि केंद्र वाटर सेस के मामले में अदालत के फैसले का भी इंतजार नहीं कर रहा। उन्होंने कहा कि पानी सेंटर नहीं, बल्कि स्टेट लिस्ट में शामिल है। पानी पर राज्य का अधिकार है। प्रदेश सरकार ने बिजली पर कोई सेस अथवा कर नहीं लगाया है। शिमला में पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वाटर सेस पर प्रदेश सरकार केंद्र के सुझाव को नहीं मानेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने सोच विचार के बाद ही वाटर सेस लगाने का फैसला लिया। वाटर सेस वसूली पर केंद्र की मनाही को लेकर आए पत्र बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन है। लिहाजा केंद्र को जल्दबाजी में फैसला नहीं करना चाहिए। उन्होंने केंद्र के इस पत्र को राजनीति से प्रेरित करार दिया। उन्होंने वाटर सेस के मुद्दे पर ऊर्जा मंत्रालय को पावर कंपनियों को भ्रमित करने का आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि केंद्र ने एसजेवीएनएल और अन्य कंपनियों को भी पत्र लिखकर कहा कि वे सेस न दें।उन्होंने कहा कि यह अदालत तय करेगी कि वाटर सेस वैधानिक है कि नही। उन्होंने कहा कि सरकार वाटर सेस कमीशन का नाम बदल कर जल आयोग रखने बारे विचार कर रही है। इसके बाद इस आयोग का कार्यक्षेत्र भी बढ़ाया जाएगा।

## मुकेश अग्निहोत्री ने 5 राज्यों में कांग्रेस की जीत का दावा किया

**शिमला,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने 5 राज्यों में होने वाले चुनाव में कांग्रेस की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि सभी पांच राज्यों में कांग्रेस की स्थिति बेहद मजबूत है और बीजेपी के खेमे में टेंशन का माहौल है। उन्होंने कहा कि हिमाचल ने चुनाव के रास्ते को ही बदल कर रख दिया। हिमाचल में जीत के बाद कांग्रेस ने कर्नाटक में भी जीत दर्ज की। इस दौरान मुकेश अग्निहोत्री ने छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की वापसी की बात कही, वहीं बीजेपी शासित मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में भी कांग्रेस के सत्ता में आने का दावा ठोका।इसके अलावा मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भी हिमाचल में कांग्रेस की जीत होने वाली है। इसके पीछे प्रदेश सरकार के ओपीएस बहाली के फैसले को उन्होंने सबसे बड़ी वजह बताया। मुकेश अग्निहोत्री शिमला से सिरमौर के हरिपुरधार स्थित प्रसिद्ध भंगायनी माता मंदिर के लिए बस सेवा को हरिझंडी दिखा कर रवाना करने के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम देश के अन्य राज्यों में स्थित धार्मिक स्थलों के लिए 100 रूटों पर बस सेवा प्रारंभ करेगा।कहा कि लोगों को घरद्वार तक बस सुविधा उपलब्ध करवाने के साथ-साथ उन्हें धार्मिक स्थलों के दर्शन कराने के लिए प्रथम दर्शन सेवा योजना आरंभ की गई है।



उन्होंने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम ष्प्रथम दर्शन सेवाष् योजना के तहत लगभग 100 के करीब बस रूट चलाने पर विचार कर रहा है जिसमे हिमाचल सहित बाहरी राज्यों के तीर्थ स्थलों को भी कवर किया जाएगा ताकि प्रदेश के लोगों सहित बाहरी राज्यों से आने.जाने वाले पर्यटकों को भी धार्मिक स्थलों के दर्शन संभव हो सके। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अब तक तीन रूट चलाए जा चुके हैं जिसमें शिमला से श्री माता भंगायणी हरिपुरधारए धर्मशाला से ज्वालाजी.चिंतपूर्णी तथा चिंतपूर्णी से खाटू श्याम बस रूट शामिल है। उन्होंने कहा कि अमृतसर, व्यास तथा वृंदावन के साथ अन्य धार्मिक स्थलों के लिए बस सेवा प्रारंभ होगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पीजीआई व अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जैसे प्रमुख अस्पतालों के लिए भी सीधी बस सेवा प्रारंभ होगी। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। चिकित्सकों ने उन्हें कुछ दिन आराम करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि चिंता वाली कोई बात नहीं है। मुख्यमंत्री के पेट में दर्द की वजह से उन्हें आईजीएमसी उपचार के लिए भर्ती करवाया गया था। आईजीएमसी के चिकित्सकों की सलाह पर ही मुख्यमंत्री का एम्स में उपचार करवाया जा रहा है।

## सार संक्षेप

### 'मेरी माटी-मेरा देश' के समापन समारोह में सिरसा से दिल्ली पहुंचे कलश यात्री

**सिरसा।** आजादी के अमृत महोत्सव तथा 'मेरी माटी-मेरा देश' के समापन समारोह के लिए सिरसा से दिल्ली पहुंचे कलश यात्रियों ने कर्तव्य पथ पर विजय चौक के निकट समारोह स्थल पर रखे 'भारत कलश' में अपने-अपने क्षेत्र के अमृत कलश की मिट्टी डालकर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत किया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला सिरसा से 12 कलश में अपने क्षेत्र की मिट्टी लेकर कलश यात्री दिल्ली पहुंचे हैं। मेरी माटी-मेरा देश के राष्ट्रव्यापी अभियान व आजादी के अमृत महोत्सव के समापन कार्यक्रम में भागीदारी करने के लिए जिला सिरसा के सभी सातों ब्लाकों, नगर परिषद सिरसा व डबवाली तथा नगर पालिका रानियां, ऐलनाबाद व कालांवाली के अमृत कलश यात्रियों ने कर्तव्य पथ पर देशभक्ति के गीतों और अपने प्रदेशों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भारत की विविधता में एकता का असली स्वरूप प्रस्तुत किया। सभी कलश यात्रियों में उत्साह व जोश दिखाई दिया और वे गर्मजोशी के साथ 'भारत माता की जय' के जयकारे लगा रहे थे। इस नजारे में युवाओं का जोश इस कद्र था कि वे एक हरियाणा-एक हरियाणवी तथा भारत माता के जयघोष करते नजर आए।

### सराहनीय कार्य करने वाली बालिकाएं तीन नवंबर तक कर सकती हैं आवेदन

**सिरसा।** हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली बालिकाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिन्हें राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि ऐसी बालिकाएं जिन्होंने खेल, शिक्षा, सामाजिक कार्य, पौधारोपण, बहादुरी और मीडिया के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है, वे अपना आवेदन 3 नवंबर 2023 तक विभाग की ई-मेल एसआरसीडब्ल्यूहरियाणाएटजीमेलडॉटकॉम पर भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में खेल, शिक्षा, सामाजिक कार्य, बहादुरी और मीडिया क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि खेलों में सराहनीय योगदान के लिए 20 अवार्ड प्रदान किए जाएंगे। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यों के लिए 10, सामाजिक कार्य के क्षेत्र में दो, मीडिया और लिटरेचर के क्षेत्र में दो, बहादुरी के लिए तीन, दिव्यांगों और बाल देखरेख संस्थानों के बच्चों के लिए पांच-पांच पुरस्कार शामिल हैं। इसके अलावा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की विजेता बालिकाओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर क्रमशः 5100, 2100 व 1100 रुपए की राशि से सम्मानित किया जाएगा।

### सुडोकू 6363 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 7 | 3 | 4 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 4 | 6 | 5 | 7 | 2 | 1 | 9 | 8 | 3 |
| 3 | 1 | 2 | 9 | 8 | 5 | 7 | 6 | 4 |
| 8 | 3 | 6 | 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 4 | 9 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 | 3 | 8 |
| 1 | 5 | 9 | 8 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 4 | 3 | 1 | 7 | 2 | 8 | 5 | 9 |



## सुक्खू का हाल पूछने एम्स पहुंचे राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत

**शिमला/नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का कुशलक्षेम पूछने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पहुंचे। श्री गहलाते ने एम्स में उपचाराधीन श्री सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर से मुलाकात की और मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य के बारे में जाना। उन्होंने श्री सुक्खू सिंह के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री सुक्खू अभी आईसीयू में हैं, स्वास्थ्य बेहतर होने के बावजूद गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग के डॉक्टरों ने उन्हें निगरानी में रखा हुआ है। श्री सुक्खू के सभी टेस्ट सामान्य आए हैं।

उन्हें गुरुवार तक एम्स नई दिल्ली से छुट्टी मिल सकती है। सोमवार को श्री सुक्खू का अल्ट्रासाउंड टेस्ट भी सामान्य आया है। चिकित्सकों ने दो-तीन दिन उन्हें निगरानी में रहने की सलाह दी है।

## निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों का लिया जायज़ा

**चंडीगढ़,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। निर्वाचन आयोग की एक टीम ने मंगलवार को आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ( सी.ई.ओ) और राज्य पुलिस नोडल अफसरों ( एस.पी.एन.ओज) के साथ आगामी लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों संबंधी चंडीगढ़ में एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस कम समीक्षा बैठक की। निर्वाचन आयोग की टीम में वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा और नीतेश कुमार व्यास, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार साहू, वरिष्ठ प्राचार्य सचिव एन.एन. बुटालिया, निदेशक अशोक कुमार और पंकज श्रीवास्तव शामिल थे। इस बैठक के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड





और लद्दाख के मुख्य निर्वाचन अफ़सरों और राज्य पुलिस नोडल अफसरों ने साल 2024 में होने वाली लोकसभा चुनाव की तैयारियों संबंधी विस्तारपूर्वक प्रस्तुतियां दीं।

बैठक में निर्वाचन आयोग की टीम को राज्यों में कानून-व्यवस्था की स्थिति, मतदाताओं और पोलिंग स्टेशनों के विवरणों और आगामी चुनाव से सम्बन्धित हर तरह की तैयारियों से अवगत करवाया गया। निर्वाचन आयोग ने सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और राज्य पुलिस नोडल अफसरों को त्रुटि रहित वोटर सूची को सुनिश्चित बनाने, एस.एस.आर. ( विशेष संक्षिप्त संशोधन 2024) के दौरान की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों, मतदाताओं की रजिस्ट्रेशन सम्बन्धी अलग-अलग सूचकांक में सुधार करने, सभी योग्य मतदाताओं की रजिस्ट्रेशन और मृतक एवं फर्जी वोटरों की वोट काटने और चुनाव संबंधी लॉजिस्टिक ज़रूरत सम्बन्धी तैयारियों के लिए सुझाव और निर्देश दिए। इसके अलावा समीक्षा बैठक के दौरान मतदाताओं की संख्या, अलग-अलग आई.टी. ऐप्लीकेशनों की समीक्षा, व्यय प्रबंधन और जब्ती, अलग-अलग चुनाव से सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रशिक्षण और सामर्थ्य निर्माण का भी विस्तारपूर्वक जायज़ा लिया गया।

## युवाओं को किया वोटर कार्ड बनवाने के लिए जागरूक

सिरसा, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा के सिरसा जिला प्रशासन के निर्देशानुसार मंगलवार को स्थानीय रानियां बाजार स्थित रेडक्रॉस भवन में युवाओं को अपना मतदाता पहचान पत्र समय पर बनवाकर मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति की आयु एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष या इससे अधिक है तो वह 27 अक्टूबर से नौ दिसंबर 2023 तक अपने एरिया के बूथ लेवल अधिकारी के पास फार्म नंबर 6 जमा करवाएं। उन्होंने बताया कि सभी बूथ लेवल अधिकारी 4 व 5 नवंबर तथा 2 व 3 दिसंबर, 2023 को शनिवार व रविवार के दिन मतदान केंद्र में उपस्थित रहकर वोट बनाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वोट देने का अधिकार किसी भी लोकतांत्रिक समाज में मौलिक अधिकार है तथा 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति अपना वोट बनवाकर मताधिकार का प्रयोग करें।

## विपक्षी दलों के नेता मुद्दों पर विस्तृत चर्चा से भागने की कोशिश कर रहे हैं: कंग

**चंडीगढ़,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। पंजाब आम आदमी पार्टी (आप) ने सभी विपक्षी दलों के नेताओं से एक नवंबर को मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा बुलायी गयी बहस में भाग लेने की अपील की है। पंजाब आप के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग एवं प्रवक्ता गोविंदर मित्तल ने मंगलवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि अकाली दल, कांग्रेस और भाजपा के नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं और इस चर्चा से पीछे हटने के लिए बहाने बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बहस पंजाब के उन सभी मुद्दों पर केंद्रित होगी जिनका जिक्र मुख्यमंत्री ने अपने ट्वीट में किया है। श्री मान ने भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़, अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल, पीपीसीसी अध्यक्ष अमरिन्दर सिंह राजा वड़िंग और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा को बहस के लिए साझा मंच पर आने का निमंत्रण देते हुए कहा था कि इससे पंजाब को लूटने वाले सभी भ्रष्टाचारियों, भाई-भतीजों जीजा-साले जिन्होंने अपने निजी हितों को प्राथमिकता दी, का पर्दाफाश हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बहस टोल प्लाजा, युवाओं, किसानों, कृषि, व्यापारियों, पंजाब के पानी और गुरु साहिब के वाणियों पर केंद्रित होगी। कंग ने कहा कि ये नेता इस बहस से भागने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वे पंजाब के मुद्दों को लेकर गंभीर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि बिक्रम मजीठिया ने आज फिर प्रेस सम्मेलन कर कुछ सवाल उठाये और कहा कि मान सरकार ने कोर्ट में कहा कि वे एसवाईएल नहर बनाने के लिए तैयार हैं लेकिन विपक्षी पार्टियां उन्हें ऐसा नहीं करने दे रही हैं। कंग ने कहा कि यह बेबुनियाद आरोप है। अगर अकाली दल के पास कोई सबूत है कि मान सरकार ने पंजाब विरोधी कोई रुख अपनाया है, तो उन्हें 1978 में एसवाईएल के लिए जमीन अधिसूचित करने के बदले गुड़गांव में मिली सभी संपत्ति के दस्तावेजों को भी बहस में लाना चाहिये। भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ को घेरते हुए कंग ने कहा कि 2016 में कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुये जाखड़ कहते थे कि अगर केंद्र सरकार चाहे तो एसवाईएल का मुद्दा मिनटों में हल हो सकता है।

## प्रिंसिपल की मौत के कारण को लेकर की जांच शुरू

**रुद्रपुर**, 31 अक्तूबर (देशबन्धु)। पिछले दिनों एक निजी स्कूल की प्रिंसीपल का शव घर में ही पंखे के कुंडे में लटका मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया था। मृतका के पिता ने दामाद पर हत्या करने का आरोप लगा पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस ने मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी। फिलहाल तहरीर पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस के मुताबिक शहर में स्थित रेनबो पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल ओमेक्स निवासी 37 वर्षीय पायल भारती पत्नी सुयोग भारती ने शुक्रवार रात अपने कमरे में फंदे से लटका मिला था। देर रात जब उनका पति सुयोग भारती घर पहुंचे तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। पत्नी को आवाज दी और कॉल किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। बताया जा रहा है कि उन्होंने धक्का देकर दरवाजा खोला तो वह पंखे के कुंडे में लटकी हुई मिली। सूचना पर सिडकुल पुलिस चैकी प्रभारी प्रदीप कुमार पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया था। वहीं दूसरी ओर इस मामले में मृतका के पिता करनाल हरियाणा निवासी ज्ञान सिंह ने पंतनगर थाना पुलिस को तहरीर सौंप दामाद पर पुत्री की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी।

## विदेश भेजने के नाम पर 14 लाख की धोखाधड़ी

■ अमरनाथ तिवारी

**हल्द्वानी,** 31 अक्तूबर (देशबन्धु)। एक मध्यम परिवार का पिता अपने बेटे को विदेश में बेहतर शिक्षा देने के लिए कितने सपने देखता है। जब विदेश में भेजने के नाम पर उससे कोई लाखों रूपये की धोखाधड़ी कर ले तो उस पर क्या बीतती होगी इसकी कल्पना की जा सकती है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जिसमें युवक को विदेश भेजने के नाम पर कुछ लोगों ने उसके पिता से 14 लाख रूपये का धोखाधड़ी कर हड़प लिए। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के विरूद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। सुच्चा सिंह पुत्र गरीब सिंह निवासी ग्राम गोविन्दपुरा कचनाल तहसील व थाना बिलासपुर जिला रामपुर ने खुशवन्त सिंह पुत्र प्रताप सिह निवासी मालिक बरार ओवर सीज, रुद्रपुर, निवासी बेरिया रोड, शिवपुरी डोडपुरा उर्फ छोटुपुरा बाजपुर, उसकी किरनदीप कौर पुत्री मनमोहन सिंह, मनमोहन सिंह निवासी बेरिया रोड शिवपुरी डोडुपुरा उर्फ छोटुपुरा बाजपुर पर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह अपने पुत्र इन्द्रजीत सिह को विदेश में पढ़ाई हेतु भेजना चाहता था। जिसके लिए वह बरार ओवरसीज सुच्चा सिह आफिस गया। जहां पर उसकी बरार ओवरसीज के मालिक खुशवन्त सिंह, उसकी पत्नी किरनदीप कौर व किरनदीप कौर के पिता मनमोहन सिंह से बात की। उन्होंने बताया कि इन्द्रजीत सिंह को इंग्लैंड विदेश में पढाई हेतु भेज देंगे जिसके लिए15 लाख रुपये का खर्च बताया। उत्तफ तीनों लोग उसके घर पर लगातार आने लगे। उन्होंने पासपोर्ट बैंक खाते की चैकबुक, एटीएम तथा खाते का क्रेडिट कार्ड अपने आफिस में बुलाकर जमा करवा लिया। 40 हजार रुपये किरनदीप कौर के खाते में ऑनलाईन ट्रान्सफर किये गये। 1-80 लाख रूपये खुशवन्त सिंह के खाते में ट्रान्सफर किये गये।

## हिमाचल में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाएगी सरकार

**शिमला,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल सरकार राज्य में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठा रही है। विशेष तौर पर राज्य में स्थित शक्तिपीठों में आने वाले श्रद्धालुओं व अन्य पर्यटकों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ ही इन स्थलों तक पहुंच आसान बनाने के लिए आधारभूत संरचना विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। ऊना जिला में स्थित विश्व विख्यात चिंतपूर्णी मंदिर के लिए रोप-वे निर्माण पर 76.50 करोड़ रुपये का प्राक्कलन तैयार किया गया है।

लगभग 1.1 किलोमीटर लम्बे इस रोप-वे का कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार त्वरित कदम उठा रही है। इस अत्याधुनिक परिवहन प्रणाली से दोनों ओर प्रति घण्टा 700 यात्रियों की आवाजाही सुनिश्चित होगी। साथ ही



यहां आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं को एक नया यात्रा अनुभव भी होगा। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस परियोजना की अहमियत के दृष्टिगत इस पर विशेष बल दे रहे हैं। उनका मानना है कि चिन्तपूर्णी मंदिर का ऐतिहासिक एवं अध्यात्मिक दृष्टि से काफी महत्व है। हिमाचल प्रदेश में स्थित शक्तिपीठों में इसका प्रमुख स्थान है। वर्तमान में इस मंदिर को बाबा माईदास भवन पार्किंग क्षेत्र से सिंगल लेन सड़क से जोड़ा गया है। नवरात्रों सहित अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान भारी भीड़ और यातायात जाम इत्यादि जैसी समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है। इन समस्याओं के समाधान के दृष्टिगत रज्जू मार्ग की परिकल्पना एक महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रदेश सरकार की धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की नीति के भी अनकूल है।चिन्तपूर्णी मंदिर में इस रज्जू मार्ग प्रणाली के स्थापित होने से भीड़ नियंत्रण में सुविधा होगी और श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम मार्ग भी उपलब्ध हो सकेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और इस पवित्र स्थल तक लोगों की यात्रा सुगम्य एवं आरामदायक होगी। इसके साथ ही देश के मुख्य धार्मिक स्थलों में भी यह प्रमुखता से शामिल हो सकेगा।मुख्यमंत्री का कहना है कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल में प्रतिवर्ष पांच करोड़ पर्यटकों के आगमन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने में धार्मिक पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका है। हिमाचल प्रदेश देवभूमि के नाम से भी विख्यात है और यहां के प्राचीन मंदिर व शक्तिपीठों में लाखों की संख्या में श्रद्धालु शीश नवाने पहुंचते हैं। इसी के दृष्टिगत राज्य सरकार ने इन शक्तिपीठों व अन्य धार्मिक स्थलों में आधारभूत ढांचे के विकास को विशेष प्राथमिकता प्रदान की है। श्रद्धालुओं की यात्रा को अविस्मरणीय एवं आरामदायक बनाने के दृष्टिगत प्रदेश सरकार ठोस कदम उठा रही है। चूंकि पर्यटन प्रदेश की आर्थिकी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में प्रदेश सरकार के इन प्रयासों से स्थानीय युवाओं के रोजगार व स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो सकेंगे।

## मेडिकल कारोबारी के घर आग लगने से हड़कंप

**रूद्रपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कालोनी में मेडिकल कारोबारी के घर में आग लगने से हड़कंप मच गया। यहां आग का काबू किया ही जा रहा था कि तभी भल्ला मेडिकल गली में स्थित एक घर में आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। दमकल कर्मियों को मौके पर वाहन ले जाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि दमकल कर्मियों ने पहुंच आग को काबू किया। दोनों अग्निकांड में लाखों की क्षति का अनुमान है। दमकल विभाग के मुताबिक मंगलवार दोपहर को ईश्वर कालोनी निवासी मेडिकल व्यवसायी योगेश कुमार जुगनू के घर में आग लगने की सूचना मिली। घर में मौजूदलोगों ने किसी तरह बाहर निकालकर जान बचाई। आग लगने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस और दमकल विभाग की टीम दो दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंच गए। कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग को काबू किया। अग्निकाण्ड में लाखों की क्षति का अनुमान है। इधर ईश्वर कालोनी में आग अभी पूरी तरह बुझ भी नहीं पाई थी कि इसी बीच मुख्य बाजार स्थित भल्ला मेडिकल गली में बेकरी अनेजा बेकरी के स्वामी राजा अनेजा तीसरे तल पर स्थित आवास में आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। दमकल विभाग के मुताबिक दोनों अग्निकाण्डों में लाखों की क्षति का अनुमान है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। सूचना पर बाजार पुलिस चैकी प्रभारी संदीप शर्मा, आदर्श कालोनी चैकी प्रभारी महेश कांडपाल मय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। बता दें कि भल्ला मेडिकल गली में आग की सूचना पर दमकल कर्मी वाहन लेकर मौके की तरफ पहुंचे तो घटना स्थल तक वाहन ले जाने में कर्मियों को कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा।

**फायर ब्रिगेड कर्मियों को मौके पर गाड़ियां ले जाने में उठानी पड़ी कड़ी मशक्कत**

# प्रादेशिकी

## सपा कार्यालय पर मनाई गई सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

**फर्रुखाबाद,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर देश के प्रथम गृहमंत्री एवं उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा की सरदार पटेल ने कई छोटे-छोटे राज्यों को मिलाकर एक अखंड भारत की स्थापना की थी जिसे भारतीय जनता पार्टी अलग-अलग जातियों और धर्म में वह वैमनस्यता पैदा करके अखंड भारत के सपने को चूर-चूर कर रही है, साथ ही जिला अध्यक्ष ने कहा कि वह समाजवादी पार्टी के एक छोटे से छोटे कार्यकर्ता के लिए उपलब्ध रहना चाहते हैं, पार्टी के लिए हर संभव कोशिश कर सभी पुराने और नए पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के बीच सामंजस्य स्थापित करना उनकी प्रमुखता रहती है।

# अन्नदान की महत्ता को भारतीय से अधिक कोई नहीं समझ सकता : योगी

**लखनऊ/वाराणसी,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म की परंपरा अन्न दान को पवित्र दान के रूप में लेती है। अन्नम् ब्रह्म कहकर भारत की वैदिक परंपरा ने इसे अत्यंत महत्व दिया है। अन्न को ब्रह्म के स्वरूप में रखकर इस दान को पवित्र दान माना है। जिस व्यक्ति ने जीवन में कभी अन्नदान न किया हो, पुण्य कितने भी अच्छे क्यों न हों पर आत्मसंतुष्टि का भाव पैदा नहीं होता, भले ही उसे स्वर्ग का राज ही क्यों न मिल जाए। अन्नदान की महत्ता को किसी भारतीय से अधिक कोई नहीं समझ सकता। रामायण में भी इसके अनेक उदाहरण मिलेंगे। अध्ययनरत दृष्टिबाधितों बच्चों के साथ काशी आने वाले श्रद्धआलुओं के लिए किया गया यह कार्य अत्यंत पवित्र है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वाराणसी के दुर्गाकुंड स्थित हनुमान प्रसाद पोद्दार अंध विश्वविद्यालय में भाई जी अन्न क्षेत्र के शुभारंभ कार्यक्रम में यह बातें कहीं। सीएम यहां बच्चों से भी मुखातिब हुए और हालचाल जाना। सीएम यहां किचन की व्यवस्थाओं से भी अवगत हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दृष्टिबाधित विद्यालय में भाई जी की स्मृति में अन्न क्षेत्र का शुभारंभ होना सुखद अनुभूति का क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन्हें हम विकलांग और समाज उपेक्षित मानता था, परिवार के लोग त्याज्य कर देते थे। उन्हें दिव्यांग कहकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके जीवन व समाज को नई दृष्टि दी है। इस संबंध में केंद्र व राज्य सरकार की ओर से अनेक कार्यक्रम चल रहे हैं। ट्रस्ट का यह कार्यक्रम भी ऐसा ही अभियान है। ऐसे कार्यक्रम धर्मार्थ संस्थाओं के कार्यक्रम बनने चाहिए। धर्मार्थ व सामाजिक संस्थाएं राष्ट्र-समाज के प्रति जिम्मेदारियों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना प्रारंभ कर देंगी तो समाज में अभाव, दुख-दरिद्रता के लिए कोई जगह नहीं होगी। सर्वत्र खुशी का माहौल होगा और रामराज्य की स्थिति होगी।

■ भाई जी अन्न क्षेत्र के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री



अध्ययनरत दृष्टिबाधितों बच्चों के साथ काशी आने वाले श्रद्धआलुओं के लिए किया गया कार्य अत्यंत पवित्र : योगी आदित्यनाथ

### मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से परोसा भोज

यहां सीएम योगी आदित्यनाथ ने बच्चों, संतजनों व आमजन को अपने हाथों से भोजन परोसा। इन लोगों ने सीएम का अभिवादन किया। वहीं मंच पर जब नन्हे-मुन्नों ने गुलाब देकर सीएम का स्वागत किया तो मुख्यमंत्री ने भी उन्हें चॉकलेट दिया और दुलारा-पुचकारा। सीएम से चॉकलेट पाकर बच्चे काफी हर्षित हो उठे।

## तक्षशिला में मेरी माटी मेरा देश अभियान का आयोजन

**मेरठ,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस धूमधाम से मनाया गया एवं मेरी माटी मेरा देश अभियान का आयोजन किया गया। स्कूल के सभी शिक्षकों व प्रधानाचार्य डा. प्रवीन कुमार पथरा ने कंकरखेड़ा में घर-घर जाकर कलश में आयोजन के लिए मिट्टी ली। स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस को भी धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम



विद्यालय के चेयरमैन डा. ओमपाल सिंह एवं प्रधानाचार्य डा. प्रवीन कुमार पथरा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वल्लित किया।

इसके पश्चात प्रधानाचार्य जी ने बच्चों को शपथ दिलायी जिसका उद्देश्य देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सत्यनिष्ठा से संकल्प लेना था। बच्चों ने प्रार्थना, देश प्रेम पर आधारित नाटक में हिस्सा लिया।

## तकनीकि युग में शिक्षा के प्रचार के लिए जरूरी स्मार्टफोन : डॉ. सुधीर



■ स्मार्ट फोन पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

■ सुविधाओं के जरिये शिक्षा ग्रहण करने में होगी आसानी

**मेरठ,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित वेंक्टेश्वरा परिसर में मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्ट फोन पात्र छात्र-छात्राओं को वितरित किए गये। शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, परिसर निदेशक डॉ. प्रताप सिंह, कुलसचिव मनोज भाटिया, प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी, प्राचार्य डॉ. नितिन राज वर्मा आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि आज के इस तकनीकि प्रधान युग में शिक्षा के प्रचार प्रसार में स्मार्ट फोन का बहुत महत्व है। इससे छात्रों को नई-नई जानकारियां प्राप्त होती है। प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी ने कहा कि इस योजना का लाभ उन छात्रों को सर्वाधिक होगा जो अब तक स्मार्ट फोन नहीं खरीद पा रहे थे। परिसर निदेशक डॉ.प्रताप सिंह ने कहा कि छात्र इस स्मार्टफोन का सदुपयोग करें ना कि दुरूपयोग। जिससे कि छात्रों को शिक्षा ग्रहण करने में सुविधा प्राप्त हो। कार्यक्रम को प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी व नितिन राज वर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ. पंकज कुमार, डॉ. निधि सिंह, रितु वर्मा, ब्रजपाल सिंह, दीपक कुमार, रोहित कौशिक, प्रदीप शर्मा, ब्रम्हसिंह, प्रीति त्यागी, ललित कुमार, मोना चौधरी एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन शर्मिला सोलंकी ने किया।

### सार संक्षेप

## विनायक विद्यापीठ में मनाई वल्लभ भाई पटेल की जयंती




**मेरठ।** विनायक विद्यापीठ में अखंड भारत का निर्माण कर देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनकी जयंती पर याद किया गया और महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुप्रीता शर्मा, निदेशक इंजी. विकास कुमार, डीन एकता सिंधु एवं सभी विभाग अध्यक्ष एवं कक्षा प्रतिनिधियो ने उनको पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बीए विभाग की छात्रा प्राची ने उनकी जीवनी पर अपने विचार रखें। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुप्रीता शर्मा ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई अपनी बेहतरीन नेतृत्व और प्रशासनिक क्षमताओं के लिए जाने जाते थे उन्होंने कहा कि अगर आज हम एक मजबूत राष्ट्र के रूप में वैश्विक पटल अपनी मजबूत उपस्थिति को दर्ज करा रहे हैं, तो उसमे सरदार पटेल जैसी हस्तियों का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है । महाविद्यालय के निदेशक इंजि. विकास कुमार ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल त्याग और बलिदान की मिसाल थे। आज उन्हें राष्ट्रीय एकता का प्रणेता माना जाता है। सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता के लिए शपथ भी ली। महाविद्यालय की डीन एकता सिंधु,घ् ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा, सभी विभाग अध्यक्ष और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## दिसम्बर तक जनपद में लागू रहेगी धारा-144

**मेरठ।** जिला मजिस्ट्रेट दीपक मीणा ने बताया कि आगामी माह दिनों में नरक चर्तुदशी दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज/चित्रगुप्त जयंती, गुरू तेग बहादुर शहीद दिवस, गुरु नानक जयंती/कार्तिक पूर्णिमा, क्रिसमस-डे आदि पर्व के अतिरिक्त विभिन्न आयोगों द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाएं एवं महाविद्यालयों की परीक्षाओं के दृष्टिगत अवांछनीय तत्वों द्वारा कानून व्यवस्था के विपरीत कार्य करते हुए जनपद मेरठ की शांति एवं कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाले जा सकने के दृष्टिगत जनपद में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 1 नवम्बर से 31 दिसम्बर की मध्यरात्रि 12 बजे तक जनपद के सभी 31 थाना क्षेत्रों में जिसमें महिला थाना सम्मिलित है, लागू रहेगी ।

## प्रदेशीय माध्यमिक विद्यालयी शूटिंग प्रतियोगिता आज से

**मवाना।** पिलौना स्थित महर्षि दयानन्द सरस्वती इण्टर कालेज में 67 वीं तीन दिवसीय प्रदेशीय माध्यमिक विद्यालयी शूटिंग प्रतियोगिता का एक नवम्बर बुधवार को शुभारंभ किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रदेश के गन्ना एवं चीनी मिल कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण सिंह मुख्य अतिथि रहेंगे। इनके अलावा राज्य मंत्री दिनेश खटीक और जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी भी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य बाबूराम धामा ने बताया कि गन्ना एवं चीनी मिल कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण सिंह सुबह 11 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। क्रीड़ा प्रभारी रोहित तोमर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 18 मण्डलों के लगभग 500 प्रतियोगी प्रतियोगिता में भाग लेंगें, जो 54 मेडल के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत करेगें।

## रुक्मिणी की शादी में थिरके भक्त

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। भागवत कथा के पांचवे दिन कृष्ण और रुक्मिणी का विवाह था। जिससे गाजे-बाजे के साथ बाराती कथा व्यास की गद्दी तक पहुंचे थे। इस दौरान हजारों श्रोता अपने अपने स्थान पर खड़े होकर डांस कर रहे थे। महिलाएं सेल्फी के साथ शादी डांस कर रही थी। जिससे पूरा पांडाल भक्तिमय हो गया था। भागवत कथा में रुक्मिणी और कृष्ण के विवाह में कन्या पक्ष से शिशु,शालू, श्रद्धा, साधना, आकांक्षा आदि। जबकि वर पक्ष से चंद मोहन मिश्र,आकाश त्रिपाठी, अतुल त्रिपाठी, आदेश, अनमोल, आलोक आदि थे।बारात आने पर कन्या पक्ष की तरफ से विवाह गीत,गाली गीत भी गाए जा रहे थे। बाराती बैंड बाजों की धुन पर थिरक रहे थे। श्रुति कृष्ण और श्रेया रुक्मिणी थी।



■ गाजे-बाजे के साथ पहुंचे बाराती

# सरदार पटेल व इंदिरा गांधी को पुष्प अर्पित कर किया नमन

**मेरठ,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट कार्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस व राष्ट्रीय संकल्प दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल व स्व. इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस व राष्ट्रीय संकल्प दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा भी पुष्पांजलि दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत में अनेक महान पुरूष हुए, जिनका पूरा जीवन राष्ट्र व समाज को समर्पित था, सरदार वल्लभ भाई पटेल उन्हीं में से एक है। उन्होंने कहा कि हम सबको उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए तथा अपना काम पूरी ईमानदारी, निष्ठा व लगन से करना चाहिए। उन्होने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी जी को भी पुष्प अर्पित कर नमन किया। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलवायी, जो कि इस प्रकार है-मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका।

मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूॅ। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय संकल्प दिवस की शपथ भी दिलवायी, जो कि इस प्रकार है- हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ विश्वास रखते है तथा निष्ठापूर्वक संकल्प लेते है कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे।

■ कलेक्ट्रेट कार्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

■ कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस व राष्ट्रीय संकल्प दिवस की शपथ दिलाई

■ अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा भी दी गई पुष्पांजलि



## जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक संपन्न

**मेरठ।** आज विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि एवं नये प्रस्तावों पर बिन्दुवार चर्चा करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जायेगा। बैठक में कुल 24 बिन्दुओं पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग द्वारा किया गया। बैठक में एजेण्डा के अनुसार उद्यमियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

# राष्ट्र एकता दौड़ में खुशी व निखिल रहे प्रथम

**मवाना,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। एएस (पीजी) कालेज मवाना में राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्र एकता शपथ व दौड़ करायी गयी। प्रारम्भ महाविद्यालय की रसायन विज्ञान प्रभारी प्रो. रक्षा गुप्ता ने राष्ट्रीय एकीकरण विषय पर सभी स्वयं सेवकों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी डा. कुलदीप मलिक ने सभी छात्र-छात्राओं के मध्य एक राष्ट्र एकता दौड़ का आयोजन किया जिसके फलस्वरूप महिला वर्ग में कु. खुशी शर्मा ने प्रथम स्थान, कु.आयशा ने द्वितीय स्थान व कु. अमनदीप कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पुरूष वर्ग में निखिल शर्मा ने प्रथम स्थान, नवीन कुमार ने द्वितीय स्थान व अंकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में डा. नीतू सिंह, संजीव कुमार, डा. प्रमोद कुमार, राबिन सिंह, डा. राजेश कुमार गौतम, डा. मो नसीम सिद्दीकी व नवीन कुमार उपस्थित रहे। स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल (मदर विंग) मे लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। विशेष सभा में प्रबंधक मनोज रस्तोगी व प्रबंधिका मीनू रस्तोगी ने वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किए। विद्यार्थियों ने बहुत सुंदर शब्दों में अपने-अपने विचारों को सबके समक्ष प्रस्तुत किया। कीर्ति अग्रवाल ने अपनी ओजपूर्ण वाणी से भाषण देकर सबकी वाहवाही लूटी। प्रधानाचार्या प्रमोद राजपूत ने पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आर्य कन्या इंटर कॉलेज मवाना में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई।

■ लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई

### लौह पुरुष की जयंती मनाई

**मवाना।** नगर पालिका परिषद् कार्यालय में मंगलवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक व अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार ने पालिका सभासदों व कर्मचारियों के साथ पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शपथ ग्रहण कराई। वहां पर सभासद पिता शाहआलम, मधुर कौशिक, लिपिक उमेश कुमार, फिरोजा परवीन, समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें। सरस्वती शिशु मंदिर एवं सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मवाना सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता के रूप में मनाई गई। बच्चों ने अपने विचार हिंदी व अंग्रेजी में प्रस्तुत किए।



## छात्रों को नवाचार व विचार सृजन का बताया महत्व

**मेरठ,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट इनोवेशन सेल (आईआईसी) द्वारा 31 अक्टूबर को छात्रों के लिए एक प्रॉब्लम सॉल्विंग एंड आइडिएशन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को नवाचार और विचार सृजन का महत्व बताना, उनमें लीक से हटकर सोच विकसित करना, छात्रों में समस्या समाधान कौशल विकसित करना, उद्यमशीलता कौशल विकसित करना और उन्हें भविष्य में सफल उद्यमी बनाना था। कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रोफेसर शाहनाज अयूब, सह - प्राध्यापक बीआईईटी झांसी, के द्वारा उद्यमिता की अवधारणा, नवाचार और विचार निर्माण का महत्व, समस्या समाधान का महत्व, उद्यमियों के कौशल, विशेषताएं, गुण और कार्य, रचनात्मक सोच और रणनीतिक सोच का महत्व पर प्रकाश डाला गया।

## भ्रष्टाचार से पड़ने वाले कुप्रभाव के बारे में किया जागरूक




**मेरठ,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय सतर्कता आयोग, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार पीएनबी द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को पीएनबी द्वारा पंजाब नैशनल बैंक अंचल कार्यालय द्वारा वॉकेथोन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहर के आम नागरिकों को भ्रष्टाचार से समाज पर पड़ने वाले कुप्रभाव के बारे में जागरूक कराना रहा। कार्यक्रम में बहुत अधिक संख्या में पीएनबी के स्टाफ सदस्यों एवं ग्राहकों द्वारा बढ़-चढ़ कर भाग लिया गया। वॉकेथोन का आयोजन मेरठ अंचल प्रमुख (महा प्रबन्धक) संजीव कुमार दुबे की उपस्थिती में किया गया। इस अवसर पर मेरठ मण्डल प्रमुख (उप महा प्रबन्धक) बद्री विशाल सिंह, उप अंचल प्रमुख (उप महा प्रबन्धक) अमित ग्रोवर, उप अंचल प्रमुख (उप महा प्रबन्धक) राकेश चन्द्र शुक्ला, सतर्कता अधिकारी डी. पी.बनवाल और अन्य अधिकारीगण के साथ पीएनबी अंचल कार्यालय एवं मण्डल कार्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# गर्व के साथ प्रशासन के आदेशों का पालन करता है अवध विवि : कुलपति

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। दीपोत्सव की परिकल्पना में इसे लोकोत्सव के रुप में मनाने की थी। रामनगरी में होने वाले दीपोत्सव को प्रान्तीय मेला का दर्जा प्राप्त है। आयोजन के प्रमुख हिस्से दीप प्रज्वलन की जिम्मेदारी अवध विश्वविद्यालय की होती है। बदले में विश्वविद्यालय को राज्य सरकार की तरफ से कोई सहायता हासिल नहीं होती है। कुलपति का कहना है कि हम आदान-प्रदान नहीं बल्कि भक्ति भाव से दीपोत्सव में प्रतिभाग करते हैं। प्रशासन के आदेशों का पालन करने में हमें गर्व की अनुभूति होती है। राम की पैड़ी पर होने वाला दीपोत्सव डॉ.राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के छात्र, उससे सम्बद्ध संस्थाओं व इकाइयों के स्वयंसेवी करते हैं। आरंभ से यह क्रम अब तक अनवरत है। तत्कालीन कुलपति प्रो.मनोज दीक्षित का यह प्रयास वर्ष दर वर्ष नए कीर्तिमान बनाता गया। इस बार का दीपोत्सव भी अवध विश्वविद्यालय व उसकी इकाइयों के वालंटियर्स के जिम्मे है। घाट के संयोजन से लेकर दीप बिछाने, बाती साजने और उसे प्रज्वलित करने तक का पूरा आयोजन विश्वविद्यालय की ओर से नियुक्त स्वयंसेवक व संयोजक करते हैं। वह भी प्रचंड धूप में अपना माथा बचाते हौसले के सहारे जूझते शासन की तमाम बंदिशों के बीच पिसते यह स्वयंसेवक अयोध्या को तेजोमय करते हैं। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री आए थे तो सुरक्षा के नाम पर शासन की तरफ से स्वयंसेवियों के हिस्से प्रताड़ना आई थी। सफलता का सारा श्रेय प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन पर आरोपित कर दिया गया था। जिस श्रम व साधना ने प्रधानमंत्री को आकर्षित किया था उसे अपूर्व बनाने वाले स्वयंसेवियों के लिए न तो किसी ने एक शब्द कहे, न कहीं ऐसा उल्लेख आया। इससे न सिर्फ स्वयंसेवियों के प्रति कृतघ्नता हुई बल्कि उनकी सेवा राजनीतिक निमित्त बनकर रह गई। लोगों ने ऐसा अर्थ किया कि जैसे यह 22 हजार वालंटियर सरकारी खर्चे के मजदूर हैं। जबकि लोग अपने घर की दीपावली छोड़कर अपनी व्यवस्था पर वहां एकत्र हुए थे। ऐसा करने वाले सब अज्ञानतावश ऐसा नहीं कर रहे, बल्कि अधिकतर धूर्त्ततावश ऐसा कर रहे हैं। यह सही मायने में अयोध्या का उत्सव बने, इसके लिए प्रयास होना चाहिए। दीपावली के दिन अयोध्या में होने वाले सरकारी दीपोत्सव की यश गाथा गाने के लिए अवध विश्वविद्यालय कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल ने पत्रकारों से वार्ता किया। मालूम हो कि विश्वविद्यालय के बगल बन रहे अंतरराष्ट्रीय श्रीराम एयरपोर्ट के लिए विश्वविद्यालय की लगभग 25 एकड़ जमीन व कई भवन शासन ने अधिग्रहित कर लिया है। जमीन के बदले ना तो विश्वविद्यालय सरकार ने कोई मुआवजा दिया और ना ही जमीन उपलब्ध कराई। शासन प्रशासन नाराज ना हो जाए विश्वविद्यालय प्रशासन अपने कर्मों को ढकने के लिए उच्च न्यायालय में दाखिल जनहित याचिका में काउंटर भी नहीं दाखिल कर रहा है। दीपोत्सव आयोजन के प्रमुख हिस्से दीप प्रज्वलन का काम अवध विश्वविद्यालय करता है। दीयों को जलाने में जो ऊर्जा खर्च होती है वह अवध विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की होती है। शिक्षक अधिकारी भी दो महीने इसी में व्यस्त रहते हैं। देशबंधु प्रतिनिधि ने कुलपति से सवाल किया कि पिछले सात वर्ष से विश्वविद्यालय अपना श्रम समय धन खर्च कर रहा है बदले में उसे राज्य सरकार से क्या हासिल हो रहा है। कुलपति ने कहा कि हम यह कार्य आदान-प्रदान नहीं बल्कि भक्ति भावना से करते हैं।

प्रशासन के निर्देशों का पालन करने में विश्वविद्यालय गर्व की अनुभूति करता है। राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह का गुणगान करने पर जब कुलपति से सवाल किया गया कि क्या विश्वविद्यालय उस दिन दीपोत्सव जैसा कोई आयोजन करेगा तो कुलपति ने कहा की जो आदेश प्रशासन करेगा वह हम करेंगे। विश्वविद्यालय अपने निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र है। ऐसे में कुलपति का प्रशासन के आदेशों का हवाला देना समझ से परे है।



■ आदान-प्रदान नहीं भक्ति भाव से दीपोत्सव में प्रतिभाग करते हैं वालंटियर्स, शिक्षक, अधिकारी

■ प्रशासन कहेगा तो राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन फिर मनाएंगे दीपोत्सव

देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 1 नवम्बर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

**'पागलपन नेक्स्ट लेवल' को लेकर पहले झिझक रहे थे गुरु मान : निर्देशक आर्यमन केशू**

**मुंबई।** निर्देशक आर्यमन केशु की फिल्म 'पागलपैन नेक्स्ट लेवल' को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म को लेकर आर्यमन ने कहा कि फिटनेस सनसनी गुरु मान शुरू में फिल्म में खुद की भूमिका निभाने के लिए झिझक रहे थे। पागलपन नेक्स्ट लेवल गुरु पर एक बायोपिक है। यह यामाहा से लेम्बॉर्गिनी तक की उनकी यात्रा का वर्णन करती है कि कैसे उन्होंने फिटनेस सेगमेंट में सबसे बड़े यूट्यूबर में से एक बनने के लिए बाधाओं का सामना किया और कैसे वह अपने मिशन फिट इंडिया को जीवन में लाए। निर्देशक ने उल्लेख किया कि उन्हें गुरु को मनाने में कुछ समय लगा, लेकिन उसके बाद सब कुछ ठीक हो गया। आर्यमन ने कहा कि जब हमने फिल्म पर काम शुरू करने का फैसला किया, तो गुरु ने मुझसे पूछा कि अभिनेता कौन होगा।

# युवा भारतीय महिलाओं में स्तन कैंसर के काफी बढ़ रहे हैं मामले

## 2020 में 20 लाख से ज्यादा महिलाओं में स्तन कैंसर का पता चला

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। डॉक्टरों ने मंगलवार को कहा कि 20-40 साल की युवा महिलाओं में स्तन कैंसर की घटनाएं काफी बढ़ रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, स्तन कैंसर दुनिया भर में महिलाओं को प्रभावित करने वाला सबसे आम प्रकार का कैंसर है। 2020 में 20 लाख से ज्यादा महिलाओं में स्तन कैंसर का पता चला और 6 लाख से अधिक मरीजों की जान चली गई।

स्तन कैंसर जागरूकता पर हाल ही में एक वेबिनार के दौरान फरीदाबाद स्थित अमृता हॉस्पिटल की मेडिकल ऑन्कोलॉजी की वरिष्ठ सलाहकार डॉ. सफलता बाघमार ने कहा कि स्तन कैंसर महिलाओं में पाए जाने वाले सबसे आम प्रकार के कैंसर के रूप में हेल्थ चार्ट में सबसे ऊपर है और हाल के दिनों में इसकी घटनाएं बढ़ी हैं। समय पर निदान और प्रभावी उपचार के लिए स्तन कैंसर के शुरुआती चेतावनी संकेतों को पहचानना महत्वपूर्ण है। नई गांठें, स्तन की बनावट में बदलाव, त्वचा की अनियमितताएं, निपल से जुड़ी समस्याएं, निपल से खून आने जैसे बदलावों पर नजर रखें। डॉ. बाघमार ने कहा कि यह याद रखना



**6 लाख से अधिक मरीजों की चली गई जान**

महत्वपूर्ण है कि ये लक्षण गैर-कैंसरजन्य स्थितियों से भी जुड़े हो सकते हैं। इसलिए, जब संदेह हो, तो शीघ्र पता लगाने और मन की शांति के लिए पेशेवर मार्गदर्शन लें।

नेशनल सेंटर फॉर डिजीज इंफॉर्मेटिक्स एंड रिसर्च की नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम रिपोर्ट के अनुसार, 'भारत में स्तन कैंसर महिलाओं में कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है। 2020 में, भारत में दो लाख से अधिक महिलाओं में स्तन कैंसर का निदान होने का अनुमान लगाया गया था और अनुमान के अनुसार 76,000 से अधिक मौतें हुईं।'

रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में यह संख्या बढ़कर 2.3 लाख से अधिक होने की संभावना है। गुरुग्राम के सीके बिड़ला अस्पताल में ऑन्कोलॉजी के प्रमुख सलाहकार और स्तन केंद्र के प्रमुख डॉ. रोहन खंडेलवाल ने बताया कि भारत में, स्तन कैंसर की घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, विशेष रूप से 20 के दशक के अंत और 30 के दशक की शुरुआत में युवा भारतीय महिलाओं में। भारत में, स्तन कैंसर सर्वाइकल और ओरल कैविटी कैंसर को पीछे छोड़ते हुए सबसे आम कैंसर और कैंसर से संबंधित मौतों का प्रमुख कारण बन गया है। अध्ययनों से संकेत मिलता है कि 2030 तक स्तन कैंसर का वैश्विक बोझ दोगुना होने की संभावना है। 20 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को शीघ्र पता लगाने के लिए नियमित स्तन जांच कराने की सलाह दी जाती है। बेहतर इलाज के लिए शीघ्र पता लगाना महत्वपूर्ण है। डॉक्टरों के अनुसार, स्तन कैंसर के 60 प्रतिशत मामलों का निदान आमतौर पर एडवांस स्टेज में किया जाता है, जिससे इलाज की दर कम हो जाती है।

# एसीसी ने की तेज और सटीक स्तन कैंसर निदान की शुरूआत

## मैमोग्राफी, अल्ट्रासाउंड और बायोप्सी सहित उन्नत नैदानिक तकनीकें शामिल

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। अपोलो कैंसर सेंटर (एसीसी) देश में सबसे तेज़ और सबसे सटीक स्तन कैंसर निदान कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। एसीसी के हिस्टोपैथोलॉजी डॉ. विकास कश्यप ने घोषणा करते हुए कहा कि वर्षों से अपोलो कैंसर सेंटर स्तन कैंसर के शीघ्र निदान और स्तन कैंसर के उपचार के महत्वपूर्ण महत्व का साक्षी रहा है। तीव्र और सटीक जांच न केवल प्रभावी उपचार के लिए अच्छा मौका प्रदान करती है यह मरीज के मन को शांति भी देता है। यह कार्यक्रम हमें व्यक्तिगत देखभाल के हमारे दृष्टिकोण को जोड़ने के लिए समय पर निदान प्रदान करने के लिए उन्नत नैदानिक उपकरणों के साथ हमारी विशेषज्ञता को संयोजित करने की अनुमति देता है। ऐसा करके, हम न केवल स्तन कैंसर का इलाज कर रहे हैं, हम अपने मरीजों को आशा, समर्थन और जीवन की बेहतर गुणवत्ता भी प्रदान कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एसीसी उन्नत कैंसर उपचार के साथ सीमाओं से आगे जाकर विस्तार कर रहा है, इस प्रकार कैंसर देखभाल को रीडिफाइन किया गया है। इस अग्रणी पहल का उद्देश्य स्तन कैंसर




का त्वरित और सटीक निदान प्रदान करना, बेहतर जीवन की दर के लिए सही उपचार को कम करने में शीघ्र पता लगाने के महत्व को मजबूत करना और रोगियों के लिए जीवन की गुणवत्ता को बढ़ावा देना है। यह अभूतपूर्व पहल स्वास्थ्य सेवाओं के भविष्य में एक आशाजनक झलक को पेश करती है। अपोलो कैंसर सेंटर इस कार्यक्रम को प्रदान करने वाला भारत का प्रथम केंद्र होने पर गर्व महसूस करता है और भविष्य में अन्य अंगों के लिए मॉडल को दोहराने की क्षमता की कल्पना करता है। अक्टूबर में स्तन कैंसर जागरूकता माह के अनुरूप, अपोलो कैंसर सेंटर महिलाओं में स्तन कैंसर के समय पर निदान के लिए इस कार्यक्रम को समर्पित कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्तन कैंसर महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए चिंता का एक प्रमुख विषय है, और समय पर निदान प्रभावी इलाज की आधारशिला होता है। स्तन कैंसर के खिलाफ लड़ाई में शुरुआती जांच सर्वोपरि होती है और अपोलो कैंसर सेंटर में हमने शुरुआती चरण में निदान किए गए स्तन कैंसर के इलाज में बड़ी सफलता हासिल की है। हमने 60 प्रतिशत तक स्तन संरक्षण दर हासिल की है, और हम वैश्विक साक्ष्य-आधारित दिशानिर्देशों के अनुसार थेरेपी को कम करने में सक्षम हैं, जिससे हमारे मरीजों को जीवन की बेहतर गुणवत्ता वाले परिणाम प्राप्त होते हैं।

डॉ. कश्यप ने कहा कि सबसे तेज और सबसे सटीक स्तन कैंसर निदान कार्यक्रम समय पर और सटीक निदान सुनिश्चित करने, परिणामों के लिए लंबे समय तक इंतजार करने के तनाव को कम करने के लिए बनाया गया है। कार्यक्रम में स्तन स्वास्थ्य का तुरंत और सटीक आकलन करने के लिए मैमोग्राफी, अल्ट्रासाउंड और बायोप्सी सहित उन्नत नैदानिक तकनीकें शामिल हैं। यह स्तन कैंसर की जांच या निदान सेवाएं चाहने वाले व्यक्तियों के लिए खुला है, बशर्ते वे आवश्यक मानदंडों को पूरा करते हों। इसके प्राथमिक लाभों में यह शामिल हैं- तेजी से परिणाम, रोगी की चिंता कम करना और स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाना - ऐसी प्रगति जो उपचार के परिणामों में काफी सुधार करती है।

# भारत के छोटे शहरों की भावनाएं और अटूट संकल्प का प्रतीक है वेब सीरीज 'हजामत' : अंशुमान पुष्कर

**मुंबई,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'ग्रहण', 'जामताड़ा' और हालिया रिलीज '12वीं फेल' में अपने काम के लिए जाने जाने वाले एक्टर अंशुमान पुष्कर ने कहा है कि उनका अपकमिंग प्रोजेक्ट 'हजामत' भारत के छोटे शहर की भावना और उसके अटूट संकल्प का प्रतीक है।

अंशुमान 'हजामत' के साथ मुंबई एकेडमी ऑफ मूविंग इमेज (एमएएमआई) 2023 फेस्टिवल में शुरुआत करने के लिए तैयार हैं।



सीरीज के बारे में बात करते हुए, एक्टर ने कहा कि मैं एमएएमआई 2023 में 'हजामत' पेश करने को लेकर बेहद रोमांचित हूं। यह प्रोजेक्ट मेरे दिल में एक खास जगह रखता है, क्योंकि यह छोटे शहरों की भावना और उनके अटूट संकल्प का प्रतीक है। इसमें किरदार भरोसेमंद है। मुझे इतने प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रू के साथ काम करने का एक रोमांचक अवसर मिला। कलाकारों में जमील खान, संविक्का और प्रतीक पचोरी भी शामिल हैं।

यह सीरीज परिवार, दोस्ती, प्यार और अटूट दृढ़ संकल्प के विषयों से जुड़ी है। एक्टर ने आगे कहा कि मेरा मानना है कि 'हजामत' दर्शकों को गहरे स्तर पर पसंद आएगी। मैं सीरीज की रिलीज से पहले प्रेस और दर्शकों के साथ शो को एक्सप्लोर करने की नवीन संभावना देने के लिए एमएएमआई का आभारी हूं। हजामत का निर्देशन अखिल सचदेवा ने किया है और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और रस्क स्टूडियो ने किया है।



■ नई दिल्ली में करवा चौथ त्योहार से पहले 'मेहंदी' लगाते कलाकार। करवा चौथ विवाहित महिलाओं द्वारा वैवाहिक आनंद सुनिश्चित करने और अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना के लिए मनाया जाता है। युवा लड़कियां भी करवा चौथ को पूरे उत्साह के साथ मनाती हैं। करवा चौथ का दिन मुख्य रूप से भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों में बसे पूरे उत्तर भारतीय समुदाय के बीच मनाया जाता है। यह त्योहार 1 नवम्बर को मनाया जाएगा।

छाया : इम्तियाज खान

# रैपर शुभनीत के इंदिरा गांधी से जुड़ी हुडी दिखाने पर बवाल

## कंगना रनौत बोलीं, 'शर्म आनी चाहिए'

**मुंबई,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। हाल ही में रिलीज फिल्म 'तेजस' में मुख्य भूमिका निभाने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने पंजाबी-कनाडाई रैपर शुभनीत सिंह पर जमकर निशाना साधा। दरअसल, शुभ एक बार फिर विवादों में हैं। रैपर का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे लाइव कॉन्सर्ट के दौरान एक हुडी दिखाते नजर आ रहे हैं। आरोप है कि हुडी पर भारत की पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की उनके बॉडीगार्ड्स सतवंत सिंह और बेअंत सिंह द्वारा हत्या की घटनाओं का ग्राफिक प्रिंट था।

एक इंटरनेट यूजर ने इवेंट का लो क्वालिटी वीडियो शेयर किया, जिसमें शुभ हुडी दिखाते नजर आ रहे है। यूजर ने कैप्शन में लिखा, 'खालिस्तानी सिंगर शुभ ने लंदन में पंजाब के नक्शे पर उनकी हत्या की तस्वीर और तारीख वाली हुडी पहनकर इंदिरा गांधी के हत्यारों का महिमामंडन किया। इससे पहले, जब उन्होंने भारत का विकृत नक्शा पोस्ट किया था, तो कांग्रेस और वामपंथी इकोसिस्टम ने उनका भरपूर बचाव किया था।' वीडियो को रीट्वीट करते हुए, कंगना ने शुभ की आलोचना करते हुए लिखा, उन



लोगों द्वारा एक वृद्ध महिला की कायरतापूर्ण हत्या का जश्न मनाया जा रहा है, जिन्हें उसने अपना रक्षक बनाया था। जब आप पर सुरक्षा का भरोसा किया गया, लेकिन आपने उस भरोसे और विश्वास का फायदा उठाया और उसी हथियार से उन्हें मार दिया, जिससे उनकी हिफाजत करनी थी तो यह बहादुरी का नहीं, बल्कि कायरता से भरा शर्मनाक काम है। उन्होंने आगे लिखा, किसी को वृद्ध महिला पर इस तरह के कायरतापूर्ण हमले पर शर्म आनी चाहिए, जो निहत्थी और अनजान थी, एक महिला जो लोकतंत्र की चुनी हुई नेता थी। इसमें महिमामंडन करने के लिए कुछ भी नहीं है शुभम जी। शर्म आनी चाहिए।

# अभिनेत्री सत्यमवदा सिंह की 'चांद जलने लगा' से टीवी पर वापसी

**मुंबई,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। शो 'लापतागंज', 'चिड़िया घर', 'कृष्णा कन्हैया' जैसे लोकप्रिय सिटकॉम में काम करने वाली अभिनेत्री सत्यमवदा सिंह रोमांटिक ड्रामा 'चांद जलने लगा' से टीवी में वापसी कर रही हैं। सत्यमवदा ने कहा कि मैं शगुन धरमसे की एक आशाजनक भूमिका निभाते हुए नजर आऊंगी। वह बेहद महत्वाकांक्षी, जीवंत और बॉस महिला हैं। नायक तारा (कनिका मान)



मेरी कर्मचारी होंगी और मैं उनसे ज्यादा खुश नहीं हूं। नफरत के कारण मैं उसके ऑफिस लाइफ को दयनीय बना देती हूं। देवा (विशाल आदित्य सिंह) मेरा बिजनेस पार्टनर होगा और हमारे बीच की कहानी में जानने के लिए बहुत कुछ है। अभिनेत्री ने मॉडलिंग में एक सफल करियर और 'ग्लैडरैग्स मेगा मॉडल', 'मिस कल्चर वर्ल्ड' इंडिया, 'मिस उत्तर प्रदेश' और फिर बाद में 'मिस दिल्ली', 'मोस्ट फोटोजेनिक' जैसे सौंदर्य प्रतियोगिताओं को जीतने के बाद अपने करियर की शुरुआत की।

सत्यमवदा ने कहा कि वह टीवी पर वापसी का इंतजार कर रही हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा कि मुझसे टीवी भूमिकाओं के लिए संपर्क किया गया था, लेकिन मैं कभी भी अपनी उम्र से अधिक उम्र की भूमिकाएं नहीं निभाना चाहती थी। मैं सही मौके का इंतजार कर रही थी और आखिरकार मुझे यह मौका मिल गया। टीवी पर मेरा आखिरी शो 2019 में 'दिव्य-दृष्टि' था। उन्होंने कहा कि इस बीच मैं थिएटर कर रही थी और देश में विभिन्न स्थानों की खोज कर रही थी और अब मैं टीवी पर लौट रही हूं। मैं धन्य महसूस कर रही हूं, मैं साहिल अंसारी और प्रोडक्शन की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे यह अवसर दिलाने और मुझे इस भूमिका के लिए चुनने में मदद की। चांद जलने लगा का प्रसारण 23 अक्टूबर से शुरू हुआ था।

# हैलोवीन के लिए 'भूल भुलैया' लुक बनाने पर उर्फी जावेद को मिली जान से मारने की धमकी

**मुंबई,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। अक्सर अपने अनोखे फैशन स्टेटमेंट और अपने विवादों के लिए खबरों में रहने वाली सोशल मीडिया सनसनी उर्फी जावेद ने एक बार फिर से हलचल मचा दी है। इस बार विवाद का कारण अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म 'भूल भुलैया' में



अभिनेता राजपाल यादव के आइकॉनिक लुक को रीक्रिएट करना है। उर्फी जावेद ने दावा किया है कि 'छोटे पंडित' किरदार को दोबारा बनाने पर उन्हें जान से मारने की धमकी मिली है।

उर्फी ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम पर धमकी का एक स्क्रीनशॉट ऑनलाइन साझा किया, जिसमें उन पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया। उर्फी जावेद ने कैप्शन में लिखा कि राजपाल यादव से किसी को कोई समस्या नहीं हुई लेकिन मैंने जब ये लुक रीक्रिएट किया तो सबको मुझसे समस्या है। मुझे बिना किसी कारण के बहुत सारी जान से मारने की धमकियां, बलात्कार की धमकियां मिली हैं। 'भूल भुलैया' फिल्म के 10 साल पूरे होने पर जब मैंने यह पोशाक पहनी तो ये सभी तथाकथित धर्म रक्षक अचानक जाग गए, कोई रंग किसी धर्म का नहीं है, कोई अगरबत्ती किसी धर्म का नहीं है, कोई फूल किसी धर्म का नहीं है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन पर एक महिला से मिली धमकी की एक क्लिप भी साझा की।

उर्फी जावेद ने हैलोवीन के लिए 'भूल भुलैया' से राजपाल यादव के 'छोटे पंडित' लुक को दोबारा बनाया। उन्होंने अपने चेहरे को लाल रंग से रंगा था और इस लुक को पाने के लिए उन्होंने लाल टॉप के साथ धोती पहनी थी।

# सेना के अस्पताल में 8 साल की बच्ची का दुर्लभ नॉन सर्जिकल ट्रांसप्लांट

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली स्थित सेना के अस्पताल में 8 साल की एक बच्ची का गैर-सर्जिकल ट्रांसकैथेटर प्रत्यारोपण किया गया। यह बच्ची जन्मजात हृदय की समस्या से पीड़ित थी। प्रत्यारोपण, कार्डियक (फुफ्फुसीय) वाल्व का दोष, कमर में एक छोटे से 'निक' के माध्यम से किया गया। लड़की की उम्र 8 वर्ष है और वजन मात्र 28 किलोग्राम है। देश में विशेष रूप से सरकारी क्षेत्र में इस गैर-सर्जिकल वाल्व प्रत्यारोपण से गुजरने वाली सबसे छोटी और कम उम्र की बच्ची है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह उपलब्धि (रिसर्च एंड रेफरल) दिल्ली छवानी, नई दिल्ली में बाल चिकित्सा कार्डियोलॉजी टीम ने एएफएमएस (सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा) ने हासिल की है। इसके साथ ही अस्पताल ने अपनी उपलब्धियों की शृंखला में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जोड़ ली है। यह जटिल उन्नत प्रक्रिया लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह, महानिदेशक, सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस), जो सशस्त्र



बलों के सबसे वरिष्ठ सेवारत बाल रोग विशेषज्ञ हैं, लेफ्टिनेंट जनरल अरिंदम चटर्जी, डीजीएमएस (सेना) और लेफ्टिनेंट जनरल अजित नीलकांतन, कमांडेंट, सेना अस्पताल (रिसर्च एंड रेफेरल) के संरक्षण और सक्षम मार्गदर्शन में किया गया।

टीम ने पिछले एक वर्ष में अब तक पल्मोनरी वाल्व प्रत्यारोपण के 13 मामलों को सफलतापूर्वक संपन्न किया है, जो देश के दो सरकारी संस्थानों में सबसे ज्यादा है, जिन्होंने ऐसे मामले निपटाए हैं। 7 अक्टूबर 2022 को सेना अस्पताल (रिसर्च एंड रेफेरल) की टीम द्वारा एएफएमएस में इस प्रक्रिया को शुरू किए जाने तक, कार्डियक (फुफ्फुसीय) वाल्व को ओपन हार्ट बाय-पास सर्जरी के माध्यम से बदला जाता था। यह न केवल बेहद दर्दनाक और बोझिल है बल्कि बीमारी तथा मृत्यु दर के साथ-साथ लंबे समय तक अस्पताल में रहने का भी गंभीर खतरा होता है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस नवीन गैर-सर्जिकल प्रक्रिया के साथ, रोगी को शरीर पर किसी भी निशान के बिना हस्तक्षेप के बाद 2-3 दिनों के भीतर छुट्टी दे दी जाती है। देश के सशस्त्र बलों और सरकारी क्षेत्र में इस अग्रणी अत्यधिक विशिष्ट गैर-सर्जिकल प्रक्रिया की शुरुआत एक बड़ा परिवर्तनकारी है। इसने वाल्व प्रतिस्थापन की आवश्यकता वाले कई बच्चों के लिए जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार के साथ नए रास्ते खोल दिए हैं। रक्षा मंत्रालय का मानना है कि यह बच्चों में उन्नत हृदय देखभाल प्रदान करने की दिशा में एक बड़ी छलांग है और न केवल एएफएमएस के लिए बल्कि देश के अन्य सरकारी अस्पतालों के लिए एक नए युग की शुरुआत है, जो उन्हें एक नया और उच्च मंच प्रदान करता है।

# दीपोत्सव में दिखेगी राम के जन्म से लेकर अभिषेक तक की भव्यता

**दीपोत्सव पर 21 लाख दीयों को प्रज्वलित कर नया कीर्तिमान स्थापित करने का लक्ष्य**

**अयोध्या,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। अयोध्या में तेज गति से चल रहे मंदिर निर्माण के साथ दीपोत्सव कार्यक्रम की सारी तैयारी हो चुकी है। यहां निकलने वाली पारंपरिक शोभायात्रा की तैयारी तेजी से हो रही है। दीपोत्सव के दिन साकेत महाविद्यालय से शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए नया घाट चौराहे तक जाएगी। इस बार यहां 11 झाकियां निकाली जाएंगी।

भगवान राम के जन्मकाल से लेकर राज्याभिषेक तक की यात्रा इन झांकियों के माध्यम से प्रदर्शित की जाएंगी। विभाग की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, दीपोत्सव में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रामायण कालीन शिक्षा पर आधारित सामाजिक संदेश देने वाली झांकी होगी।

**नगर भ्रमण करने वाली झांकियां**

नगर भ्रमण करने वाली झांकियों से संबंधित कलाकार 11 रथ पर सवार होंगे, जो अपनी कला के जरिए रामायण कालीन दृश्यों को जीवंत करेंगे। अयोध्या से 11 ट्रकों की



झांकियां निकलेगी जिसमें पुत्रेष्ठि यज्ञ एवं सबको सुरक्षा, भयमुक्त समाज, गुरूकुल शिक्षा एवं बच्चों का अधिकार, बेसिक शिक्षा, राम सीता विवाह एवं बेटियों के विवाह हेतु सरकार द्वारा की जा रही व्यवस्था, अहिल्या उद्धार एवं मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालम्बन, 1090 एवं 1076 की सुविधा, पंचवटी/वन एवं पर्यावरण, रामेश्वरम सेतु एवं उप्र में पुलों का निर्माण, पुष्पक विमान एवं विज्ञान एवं प्रौद्यागिकी, बेहतर वायु कनेक्टिविटी, केवट प्रसंग एवं समाज कल्याण, राम दरबार एवं बेहतर कानून व्यवस्था, शबरी-राम मिलाप एवं महिला कल्याण, लंका दहन एवं अपराधियों एवं भूमाफियाओं के विरूद्ध अभियान की झांकियां होगी। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने अयोध्या में कराये जाने वाले दीपोत्सव-2023 की तैयारियों की गहन समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपोत्सव के मामले में गिनीज विश्व रिकार्ड बनाया जाना है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही अथवा चूक नहीं होनी चाहिए। इस दीपोत्सव पर 21 लाख दीयों को प्रज्वलित कर नया कीर्तिमान स्थापित करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए 25 हजार वालंटियर लगाए जाएंगे।

# रोजाना हाई-फाइबर डाइटरी सप्लीमेंट के सेवन से ब्लड ग्लूकोज लेवल को नियंत्रित करने में मिल सकती है मदद : सर्वे

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक देशव्यापी सर्वे 'स्टार' (Survey for ManagemenT of DiAbetes with FibeR-rich Nutrition Drink) में रोजाना हाई-फाइबर सप्लीमेंट का सेवन करने से डायबिटीज के मरीजों को होने वाले फायदे सामने आए हैं। टाइप 2 डायबिटीज के 3,042 मरीजों और 152 डॉक्टरों के बीच इस सर्वे को अंजाम दिया गया। सर्वे के नतीजे हाल ही में इंडियन जर्नल ऑफ क्लीनिकल प्रैक्टिस में प्रकाशित किए गए हैं। सर्वे में पाया गया कि रोजाना हाई-फाइबर डाइटरी सप्लीमेंट के सेवन से ब्लड ग्लूकोज लेवल को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। सर्वे में शामिल डायबिटीज के मरीजों को दो समूह में बांटा गया था। इनमें से एक समूह कम से कम पिछले तीन महीने से एक विशेष हाई-फाइबर सप्लीमेंट का सेवन कर रहा था, जबकि दूसरे समूह के लोग किसी हाई-फाइबर सप्लीमेंट का सेवन नहीं कर रहे थे। इसमें पाया गया कि जो मरीज तीन महीने या इससे ज्यादा समय से हाई-फाइबर सप्लीमेंट का सेवन कर रहे थे, उनका एचबीए1सी उल्लेखनीय रूप से कम रहा, उनका वजन भी कम हुआ और दूसरे समूह के लोगों की तुलना में ऐसे लोग ज्यादा संतुष्ट थे।

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अल्ट्रासिमको | 2.44 प्रतिशत |
| रिलायंस | 2.04 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.30 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.24 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.04 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 1.94 प्रतिशत |
| मारुति | 1.52 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.31 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.82 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.72 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां) इजराइल-हमास युद्ध को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उबाल के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## इस साल अप्रैल से सितम्बर तक भारत का राजकोषीय घाटा 7.02 लाख करोड़ रहा



**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। चालू वित्तवर्ष के पहले छह महीनों (अप्रैल-सितंबर) में भारत का राजकोषीय घाटा 7.02 लाख करोड़ रुपए था, जो पूरे साल के अनुमान का 39.3 फीसदी है। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। राजकोषीय घाटा उस राशि को दर्शाता है, जिससे सरकार का खर्च आय से ज?यादा हो जाता है और इस अंतर को उधार के जरिए पूरा किया जाता है। अप्रैल-सितंबर के दौरान सरकार द्वारा जुटाया गया शुद्ध कर राजस्व 11.6 लाख करोड़ रुपये या वार्षिक अनुमान का 49.8 प्रतिशत था, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 10.12 लाख करोड़ रुपये था।

आंकड़ों से पता चलता है कि कॉर्पोरेट टैक्स संग्रह साल दर साल 20 फीसदी बढ़कर 4.51 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि के दौरान कुल व्यय 21.19 लाख करोड़ रुपए था जो वार्षिक लक्ष्य का 47.1 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के 18.24 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े से अधिक था। वित्तीय वर्ष के पहले छह महीनों में सरकारी पूंजीगत व्यय, जिसमें राजमार्ग, बंदरगाह और रेलवे जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण पर खर्च 4.91 लाख करोड़ रुपए या वार्षिक लक्ष्य का 49 प्रतिशत शामिल है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में आए 3.43 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है। वित्त मंत्रालय का लक्ष्य चालू वित्तवर्ष के अंत तक देश के राजकोषीय घाटे को पिछले वर्ष के 6.4 प्रतिशत के आंकड़े से घटाकर सकल घरेलू उत्पाद के 5.9 प्रतिशत पर लाना है। अत्यधिक राजकोषीय घाटा मुद्रास्फीति को बढ़ाता है और अर्थव्यवस्था के बुनियादी सिद्धांतों को कमजोर करता है, इसलिए सरकार इसे नियंत्रण में रखने के लिए उत्सुक है। इससे कॉरपोरेट्स के लिए उधार लेने के लिए बैंकिंग प्रणाली में कम पैसा बचता है जिससे निवेश पर असर पड़ता है और विकास धीमा हो जाता है। हालांकि, अर्थशास्त्रियों का मानना है कि अगले साल की शुरुआत में लोकसभा चुनावों के बाद प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे, मतदाताओं से किए जाने वाले वादों के मद्देनजर खर्च को नियंत्रण में रखना आसान काम नहीं होगा।

## नीतिगत निश्चितता से भारत में निवेश के व्यापक अवसर: सीतारमण



**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि सरकार कुशल जनशक्ति और उच्च डिजिटल तकनीक के साथ नीतिगत निश्चितता और राजनीतिक स्थिरता प्रदान करती है जिसके परिणामस्वरूप भारत में निवेश के व्यापक अवसर मिलते हैं। श्रीमती सीतारमण ने यहां यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम के अध्यक्ष जॉन टी चैंबर्स के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान यह बात कही। बैठक के दौरान भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की गयी। वैश्विक सुरक्षा, स्थिरता और आर्थिक समृद्धि में साझा हितों के आधार पर व्यापार और निवेश माहौल को बढ़ावा देने पर भी विचार विमर्श किया गया। श्रीमती सीतारमण ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला, जिन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को अपनी पूरी क्षमता से विकास का समर्थन करने की नींव रखी है। उन्होंने पेरिस समझौते के अनुरूप जलवायु परिवर्तन से निपटेन में राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में भारत की सफलता का भी उल्लेख किया। वित्त मंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश के महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध हैं और सरकार ने बुनियादी ढांचे और राष्ट्रीय महत्व के अन्य क्षेत्रों में निवेश की सुविधा के लिए कई कदम उठाए हैं।

## वर्ल्ड फूड इंडिया में टेट्रा पैक देगा इनोवेटिव खाद्य एवं पेय पदार्थों का सॉल्युशन




**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में तीन नंवबर से आयोजित हो रहे वर्ल्ड फूड इंडिया के दूसरे संस्करण में खाद्य एवं पेय उद्योग में अग्रणी एंड-टू-एंड सॉल्युशन्स प्रदाता टेट्रा पैक इनोवेटिव खाद्य एवं पेय पदार्थों का सॉल्युशन प्रदर्शित करने जा रहा है। कंपनी ने आज यहां कहा कि भारत में अपनी 35 से ज्यादा वर्षों की कामयाबी का प्रदर्शन करने के लिए वह तैयार है। कंपनी न सिर्फ फूड और प्रोसेसिंग सॉल्युशन्स में अपने नवीनतम नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए तैयार है बल्कि निरंतरता और पर्यावरण पूरक दायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर भी जोर दे रही है। इस वैश्विक कार्यक्रम में 81 देशों के 1,000 से ज्यादा खरीददार और 950 प्रदर्शक शामिल होंगे, जिससे फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में अग्रणी भारतीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में निवेश और व्यापार दोनों को बढ़ावा मिलेगा। टेट्रा पैक की प्रस्तुति का एक मुख्य आकर्षण यह होगा कि इसके नवीनतम नवाचार, टेट्रा रिकार्ट की पहचान कराई जाएगी, जो पारंपरिक कैन और ग्लास जार का एक अभूतपूर्व व पर्यावरण पूरक विकल्प है। टेट्रा रिकार्ट प्यूरी, सॉस, फल और रेडी टू ईट भोजन जैसे दाल मखनी, राजमा, सूप आदि विभिन्न शेल्फ-स्टेबल खाद्य पदार्थों के लिए एक कुशल, फ्यूचर-रेडी पैकेजिंग सॉल्युशन के रूप में काम करता है। खास बात यह है कि यह अनूठा पैकेजिंग सॉल्युशन बहुत कम कार्बन उत्सर्जन का दावा करता है, जो स्टील कैन्स और ग्लास जार की तुलना में 81 प्रतिशत कम हो सकता है। इसके साथ ही उत्पादन, वितरण और अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न चरणों के दौरान ऊर्जा खपत भी 40 प्रतिशत कम होगी। टेट्रा रिकार्ट के अलावा टेट्रा पैक ग्राहकों की बढ़ती उम्मीदों को देखते हुए अपने विविधतापूर्ण पैकेजिंग पोर्टफोलियो का प्रदर्शन करेगा ताकि बगैर प्रीजर्वेटिव्ज और रेफ्रिजिरेशन के खाद्य पदार्थों को देश भर में सुरक्षित रूप से पहुंचाया जा सके। इसके साथ ही कंपनी हम्मस, क्रीम चीज, रेडी मील्स, टोमेटो केचप और लजीज मिठाइयों जैसे विभिन्न तैयार खाद्य पदार्थों के प्रसंस्करण में भी अपनी क्षमताएं साबित करेगी।

## दूसरी तिमाही में 70 फीसदी की वृद्धि के साथ गेल को 2,405 करोड़ का शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। सरकारी स्वामित्व वाली नैचुरल गैस की दिग्गज कंपनी गेल (इंडिया) ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ में 70 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2,405 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की, जो पिछली तिमाही में 1,889 करोड़ रुपए थी। परिचालन से कंपनी का राजस्व वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 31,823 करोड़ रुपये बताया गया, जबकि पहली तिमाही में यह 32,227 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन की मात्रा 120.31 एमएमएससीएमडी रही, जबकि वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में यह 116.33 एमएमएससीएमडी थी। गैस मार्केटिंग वॉल्यूम 96.96 एमएमएससीएमडी रहा, जो पिछली तिमाही में 98.84 एमएमएससीएमडी था। पिछली तिमाही की तुलना में एलएचसी की बिक्री 247 टीएमटी की तुलना में 242 टीएमटी और पॉलिमर की बिक्री 162 टीएमटी की तुलना में 168 टीएमटी रही। तिमाही आधार पर परिचालन से कुल राजस्व 33,049 करोड़ रुपये रहा, जबकि पहली तिमाही में 32,849 करोड़ रुपये था। पीबीटी 37 प्रतिशत की वृद्धि से 3,138 करोड़ रुपए हो गया, जबकि पिछली तिमाही में यह 2,283 करोड़ रुपये था। गेल के चेयरमैन संदीप कुमार गुप्ता ने कहा, 'तिमाही के दौरान कंपनी ने खासकर गैस ट्रांसमिशन सेगमेंट में अच्छा प्रदर्शन किया और आगे भी बेहतर प्रदर्शन जारी रहेगा।'

## कोलकाता में प्याज की कीमतें एक हफ्ते में हुई दोगुनी



**कोलकाता,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। कोलकाता में प्याज की कीमतें पिछले एक हफ्ते में दोगुनी हो गई हैं और खुदरा बाजारों में प्याज 75-80 रुपए प्रति किलोग्राम पर बिक रहा है। एक हफ्ते पहले ही दरें 35 से 40 रुपए प्रति किलोग्राम के बीच थीं। कीमतों में हालिया उछाल ने खुदरा बाजार में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण रखने के लिए गठित राज्य सरकार की टास्क फोर्स के सदस्यों को भी हैरान कर दिया है।

टास्क फोर्स के एक सदस्य ने कहा, त्योहारी सीजन के कारण पिछले दो हफ्तों में कम आपूर्ति और उत्पाद की मांग में अचानक वृद्धि का दोहरा कारक खुदरा बाजारों में कीमत के अचानक दोगुना होने का कारण हो सकता है। टास्क फोर्स के सदस्यों को आशंका है कि चालू माह के दौरान प्याज की कीमत में नरमी की ज्यादा संभावना नहीं है, लेकिन आगामी काली पूजा, दिवाली और भाई फोटा (भाई दूज) त्योहारों के कारण उत्पाद की कीमत में और बढ़ोतरी की आशंका है।


इस बीच, राज्य सरकार के सूत्रों ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से उत्पाद का अपना स्टॉक जारी कर खुदरा बाजारों में प्याज की कीमतों को नियंत्रण में रखने का प्रयास किया जा सकता है। टास्क फोर्स के सदस्यों और राज्य पुलिस की प्रवर्तन शाखा (ईबी) के अधिकारियों को प्याज के साथ-साथ अन्य सब्जियों की कीमतों को कृत्रिम रूप से बढ़ाने के किसी भी प्रयास को रोकने के लिए खुदरा बाजारों पर कड़ी नजर रखने के लिए कहा गया है।

## शेयर बाजार की तेजी थमी

**मुंबई,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन के विनिर्माण पीएमआई में गिरावट के कारण एशियाई बाजार के कमजोर पड़ने से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, हेल्थकेयर, ऑटो और सर्विसेज समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार की पिछले दो दिन की तेजी थम गई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 237.72 अंक का गोता लगाकर 63874.93 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 61.30 अंक टूटकर 19079.60 अंक रह गया। वहीं दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 31,245.10 अंक और स्मॉलकैप 0.02 प्रतिशत बढ़कर 36,919.10 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3760 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1738 में बिकवाली जबकि 1902 में लिवाली हुई वहीं 120 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 23 कंपनियां गिरावट जबकि 26 तेजी पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। चीन का विनिर्माण पीएमआई इस वर्ष अक्टूबर में 50.02 से घटकर 49.5 रह गया, जिसका असर बाजार पर पड़ा। इससे बीएसई के 12 समूहों में बिकवाली हुई। इस दौरान ऊर्जा 0.43, वित्तीय सेवाएं 0.12, हेल्थकेयर 0.41, इंडिस्ट्रियल्स 0.16, आईटी 0.19, ऑटो 0.58, बैंकिंग 0.32, कैपिटल गुड्स 0.28, धातु 0.24, तेल एवं गैस 0.18, टेक 0.29 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.53 प्रतिशत उतर आई।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में मिलजुला रुख रहा। इस दौरान हांगकांग का हैंगसेंग 1.69 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.09 प्रतिशत की गिरावट रही। वही, ब्रिटेन का एफटीएसई 0.39, जर्मनी का डैक्स 0.43 और जापान का निक्केई 0.53 प्रतिशत बढ़ गया।




शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 337 अंक की तूफानी तेजी के साथ 64,449.65 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 64,452.32 अंक के निचले स्तर तक गिर गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 63,812.53 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 64,112.65 अंक के मुकाबले 0.37 प्रतिशत उतरकर 63,874.93 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी भी 92 अंक चढ़कर 19,232.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,233.70 के उच्चतम जबकि 19,056.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,140.90 अंक की तुलना में 0.32 प्रतिशत गिरकर 19,079.60 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 14 कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सबसे अधिक 2.59 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही सन फार्मा 2.39, भारती एयरटेल 1.18, आईसीआईसीआई बैंक 1.01, रिलायंस 0.99, एक्सिस बैंक 0.68, इंफोसिस 0.63, एचडीएफसी बैंक 0.55, आईटीसी 0.43, टाटा स्टील 0.34, टीसीएस 0.32, विप्रो 0.01 और मारुति के शेयर 0.01 प्रतिशत गिरे।

वहीं, टाइटन 2.47, कोटक बैंक 1.17, एशियन पेंट 0.97, एचसीएल टेक 0.97, पावर ग्रिड 0.65, टेक महिंद्रा 0.63, नेस्ले इंडिया 0.58, एनटीपीसी 0.58, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.26, एलटी 0.09, एसबीआई 0.05 और टाटा मोटर्स के शेयरों ने 0.04 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## इंडियन ऑयल का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में बढ़कर 12,967 करोड़ रुपए हुआ




**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 12,967.3 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में 272 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। चालू वित्त वर्ष में मुनाफा उच्च रिफाइनिंग मार्जिन के कारण आया है। तिमाही के दौरान कुल राजस्व 1.8 लाख करोड़ रुपये रहा। हालांकि, क्रमिक रूप से तेल विपणन दिग्गज का लाभ 5.7 प्रतिशत गिर गया, क्योंकि पिछली तिमाही (अप्रैल-जून) में इसने 13,750 करोड़ रुपए का लाभ कमाया था और राजस्व में 9 प्रतिशत की गिरावट आई थी। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में इंडियन ऑयल का कुल मुनाफा 27,600 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। इंडियन ऑयल का परिणाम बीपीसीएल के वित्तीय वर्ष 23-24 की दूसरी तिमाही के लिए समेकित शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 22-23 की दूसरी तिमाही में 338 करोड़ रुपये के घाटे की तुलना में 8,244 करोड़ रुपये के साथ वापस लौटने के ठीक बाद आया है। सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने 19,052 करोड़ रुपये का अपना अब तक का सबसे अधिक अर्धवार्षिक लाभ भी कमाया है। सरकारी तेल दिग्गजों का उच्च मुनाफा अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है क्योंकि यह देश को वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में अचानक उछाल के झटके सहने में सक्षम बनाता है।

**सार संक्षेप**

### बंगाल में दुर्गा पूजा उत्सव के 4 दिनों के दौरान शराब की बिक्री 600 करोड़ के आंकड़े को छू गई

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में हाल ही में संपन्न दुर्गा पूजा उत्सव के चार दिनों के दौरान शराब की बिक्री से 600 करोड़ रुपए की राज्य उत्पाद शुल्क आय अर्जित की है। लंबी दुर्गा पूजा की छुट्टियों के बाद सोमवार को राज्य सरकार के लिए पहला कार्य दिवस था। राज्य में शराब की बिक्री और राज्य उत्पाद शुल्क के रूप में राज्य के खजाने में आने वाली राशि की गणना ने राज्य के वित्त विभाग के अधिकारियों को काफी उत्साहित कर दिया है। राज्य के वित्त विभाग के अधिकारियों की गणना के अनुसार, राज्य उत्पाद शुल्क कलेक्शन पहले ही लगभग 8,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो 2023-24 के बजट अनुमान के अनुसार 17,921.56 करोड़ रुपये के लक्षित कलेक्शन का लगभग 45 प्रतिशत है। दुर्गा पूजा के चार दिनों के दौरान चलन को देखते हुए, राज्य के उत्पाद शुल्क अधिकारियों को चालू माह में काली पूजा, दिवाली के अवसर पर और फिर दिसंबर में क्रिसमस से शुरू होने वाले तथा नए साल की पूर्व संध्या के साथ समाप्त होने वाले एक और लंबे त्योहारी सीजन के कारण शराब व बीयर की इसी तरह की बिक्री की उम्मीद है। राज्य वित्त विभाग के एक अधिकारी ने कहा, 'आम तौर पर, अक्टूबर और जनवरी के बीच के समय में शराब की बिक्री और राज्य उत्पाद शुल्क कलेक्शन के संबंध में तेजी से बढ़ोतरी होती है क्योंकि छोटे अंतराल पर दो लंबे त्योहारी सीजन होते हैं।

### स्ट्रॉक्चर, एनलाइट और सुपर बोल्टर शीर्ष प्रॉपटेक स्टार्टअप विजेता

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। रियल ऐस्टेट कंसल्टिंग कंपनी सीबीआरई साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड ने भारत के सबसे बड़े प्रॉपटेक चैलेंज 'डिसरपटेक 2.0' के दूसरे संस्करण के विजेताओं की आज घोषणा की जिसमें दिल्ली की स्ट्रॉक्चर विजेता बन कर उभरी, जबकि मुंबई में एनलाइट और बेंगलुरु की सुपरबोल्टर पहली व दूसरी उपविजेता रहीं। कंपनी ने इस चैलेंज का आयोजन नैस्कॉम स्टार्टअप्स के सहयोग से किया। यह आयोजन इनोवेशन, उद्यमिता और जज्बे का एक अद्भुत प्रदर्शन रहा और यहां पर ऐसे क्रांतिकारी समाधान प्रस्तुत किए गए जो भारतीय रियल ऐस्टेट इंडस्ट्री के भविष्य को नए आयाम प्रदान करने को तैयार हैं। इंडस्ट्री के अनुभवी एवं विशेषज्ञ पेशेवरों ने टॉप 11 फाइनलिस्टों की समीक्षा की जिनमें से शीर्ष 3 विजेताओं को सीबीआरई के भारत, दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य पूर्व व अफ्रीका के अध्यक्ष एवं सीईओ अंशुमान मैगज़ीन ने सम्मानित किया। स्ट्रॉक्चर ईको अनुसंधान-चालित बायोमैटेरियल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है जो फंक्शनल मैटेरियल बनाती है, जो ज्यादा इंसुलेटिड और 100 प्रतिशत कार्बन निगेटिव भवन निर्माण सामग्री होती है। इन्हें वेस्ट फाइबरों से बनाया जाता है जो कि उत्पाद निर्माण हेतु कच्चे माल का प्रमुख स्त्रोत हैं।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली**, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में दिल्ली थोक बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 55 रिंगिट गिरकर 3570 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.28 सेंट की गिरावट लेकर 52.11 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## यूपी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए करीब 6.80 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट्स तैयार

**लखनऊ,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से रिकॉर्ड तोड़ 38 लाख करोड़ से ज्यादा के एमओयू करने वाली योगी सरकार अब ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के माध्यम से इस निवेश को धरातल पर उतारने के लिए तैयार है। जिसके सापेक्ष अब तक करीब 6.80 लाख करोड़ रुपए के 8 हजार से अधिक प्रोजेक्ट्स ऐसे हैं जो जीबीसी के माध्यम से धरातल पर उतरने के लिए बिल्कुल रेडी हैं। सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए सभी विभागों के लिए लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसके सापेक्ष अब तक करीब 6.80 लाख करोड़ रुपए के 8 हजार से अधिक प्रोजेक्ट्स ऐसे हैं जो जीबीसी के माध्यम से धरातल पर उतरने के लिए बिल्कुल रेडी हैं। इनमें 6 हजार से ज्यादा प्रोजेक्ट्स हैं जिनके एमओयू हो चुके हैं, जबकि करीब 2 हजार प्रोजेक्ट्स नॉन एमओयू वाले भी हैं। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने करीब 8 हजार एमओयू को जीबीसी के लिए शॉर्टलिस्ट किया है, जिनकी कुल निवेश क्षमता 9 लाख करोड़ से ज्यादा की है। योगी सरकार ने अब तक 26 हजार से ज्यादा एमओयू साइन किए हैं, जिनके माध्यम से 38 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश उत्तर प्रदेश में संभावित है। सरकार की ओर से कुल 33 विभागों को 9 लाख करोड़ से ज्यादा के एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए लक्ष्य दिया गया था। इसमें से सर्वाधिक एक लाख करोड़ से ज्यादा के एमओयू को जीबीसी के लिए रेडी करने में एडिशनल सोर्सेज ऑफ एनर्जी ने सफलता हासिल की है। विभाग ने कुल 503 एमओयू किए थे, जिनकी कुल निवेश क्षमता 8 लाख करोड़ से ज्यादा की थी।


विभाग को जीबीसी के लिए 1.25 लाख करोड़ का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष 1.04 लाख करोड़ के 111 प्रोजेक्ट्स ने जीबीसी के माध्यम से निवेश के लिए हामी भर दी है। इस तरह विभाग ने जीबीसी के लिए दिए गए लक्ष्य का 83 प्रतिशत से ज्यादा हासिल कर लिया है। इसी तरह यूपीसीडा ने भी 94 हजार करोड़ से ज्यादा के एमओयू को जीबीसी के लिए रेडी कर लिया है। यूपीसीडा ने कुल 625 एमओयू किए थे, जिनकी निवेश क्षमता 3.45 लाख करोड़ से ज्यादा की है। यूपीसीडा को जीबीसी के लिए 2 लाख करोड़ का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें वह अब तक 47 प्रतिशत से ज्यादा लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा है।

इसी तरह नोएडा अथॉरिटी भी भारी निवेश कराने के लिए तैयार है। उसने 54 हजार करोड़ के 115 प्रोजेक्ट्स को जीबीसी के लिए रेडी कर लिया है। नोएडा अथॉरिटी ने कुल 426 एमओयू किए थे, जिनकी निवेश क्षमता एक लाख करोड़ से ज्यादा की थी। जीबीसी के लिए उसे 90 हजार करोड़ का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें वह 61 प्रतिशत को हासिल करने में सफल हो चुका है।

# खेल जगत

## विराट 'जिम फ्रीक' तो केएल राहुल का 'शांत' व्यक्तित्व, मयंक अग्रवाल ने साझा की पुरानी यादें

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। मयंक अग्रवाल ने मैदान के अंदर और बाहर भारतीय टीम के साथ अपने कुछ क्रिकेट अनुभव साझा किए। उन्होंने विराट कोहली को जिम फ्रीक और केएल राहुल को सबसे शांत व्यक्तित्व वाला खिलाड़ी बताया। आकाश चोपड़ा द्वारा होस्ट किए गए जियो सिनेमा के शो के रैपिड-फायर सेगमेंट में मयंक अग्रवाल ने पिच से परे टीम के व्यक्तित्वों, मज़ेदार आदतों और टीम के साथ अपने अनुभव के बारे में बात की। टीम में जिम फ्रीक के बारे में पूछे जाने पर मयंक ने खुद का नाम लिया, लेकिन विराट कोहली से ज्यादा नहीं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं जिम फ्रीक हूं। शायद विराट कोहली से ज्यादा तो नहीं लेकिन मुझे निश्चित रूप से लगता है कि मैं उनमें से एक हूं। उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाज उमरान मलिक को सबसे सोशल मीडिया एडिक्ट खिलाड़ी और विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को टीम में सबसे शांत और संयमित व्यक्तित्व के रूप में टैग किया।



# पाक के रफ्तार के सौदागर अफरीदी, वसीम और हैरिस की त्रिमूर्ति ने बांग्लादेश को किया 204 पर ढेर

■ महमूदउल्लाह ने बांग्लादेश के लिए जड़ा अर्धशतक

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। पाकिस्तान के रफ्तार के सौदागर शाहीन शाह अफरीदी (3/23), मोहम्मद वसीम (3/31) व हैरिस रउफ (2/36) त्रिमूर्ति ने गेंद से कहर बरपा महमूदउल्लाह के अर्द्धशतक और लिटन दास (45) और कप्तान शाकिब अल हसन (43) की उपयोगी पारियों के बावजूद बांग्लादेश को कोलकाता के ईडन गार्डन पर आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के मैच में मात्र 45.1 ओवर में मैदान पर मंगलवार के 204 पर ढेर कर दिया। बांग्लादेश के आखिरी तीनों विकेट मोहम्मद वसीम ने चार रन के भीतर निकाले। बांग्लादेश ने टॉस जीत कर शुरू के तीन विकेट मात्र 23 रन पर गंवा दिए थे। बांए हाथ के शाहीन अफरीदी ने पहले स्पैल में बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन (0) को एलबीडब्ल्यू आउट करने के बाद नजमल हसन शांतो (5) को फॉरवर्ड स्कवॉयर लेग पर ओसामा मीर के हाथों कैच करा उसका स्कोर दो विकेट छह रन कर दिया। अफरीदी ने दूसरे स्पैल में जमकर खेल महमूदउल्लाह (56 रन ,70 रन, एक छक्का, छह चौके) को नीची रहती गेंद पर पारी के 31 वें ओवर में बोल्ड कर बांग्लादेश का स्कोर पांच विकेट पर 130 कर उसके बड़े स्कोर खड़ा करने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। महमूदउल्लाह ने आउट होने से पहले लिटन दास (45, 65 गेंद, छह चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 79 रन की भागीदारी की। लिटन दास पाकिस्तान के स्पिनर इफ्तिखार अहमद की गेंद को पीछे जाकर खेलने के फेर में मिड विकेट पर आगा सलमान को कैच थमा बैठे।कप्तान शाकिब अल हसन ने हैरिस रउफ की गेंद पर आगा सलमान को कैच थमाने से पहले मेहदी हसन मिराज के साथ सातवें विकेट के लिए 45 रन की बांग्लादेश की पारी की दूसरी सबसे बड़ी भागीदारी की। रउफ ने इससे पहले मुश्फिकुर रहीम (5) को विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के हाथों कैच कराया। वहीं लेग स्पिनर ओसामा मीर ने तोहीद हृदय (7) को इफ्तिखार अहमद के हाथों पहली स्लिप में लपकवा कर अकेली कामयाबी हासिल की। वहीं मोहम्मद वसीम ने अपने सातवें ओवर में पहले मेहदी हसन मिराज(25 रन, 30 गेंद, एक छक्का, एक चौका) को और अपने अगले फिर तस्कीन अहमद (6) और मुस्तफिजुर रहमान (1) को बोल्ड कर मात्र चार के भीतर उसके आखिरी तीन विकेट चटका कर बांग्लादेश की पारी बिखेर दी।



### शाहीन अफरीदी वनडे में सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

कोलकाता। पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी मंगलवार को ईडन गार्डन्स में बांग्लादेश के खिलाफ क्रिकेट विश्व कप 2023 लीग मैच के दौरान पहला विकेट लेते ही सबसे तेज 100 वनडे विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बन गए। 23 वर्षीय खिलाड़ी ने 51 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की और ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क के 52 वनडे मैचों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। वह सकलैन मुश्ताक के रिकॉर्ड को पछाड़कर 100 वनडे विकेट लेने वाले सबसे तेज पाकिस्तानी गेंदबाज भी बन गए, जिन्होंने 53 मैचों में विकेट लिए थे।

### आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 6 | 6 | 0 | 0 | 12 |
| दक्षिण अफ्रीका | 6 | 5 | 1 | 0 | 10 |
| न्यूजीलैंड | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 |
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 |
| अफगानिस्तान | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 |
| श्रीलंका | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 |
| पाकिस्तान | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 |
| बांग्लादेश | 6 | 1 | 5 | 0 | 2 |
| इंग्लैंड | 6 | 1 | 5 | 0 | 2 |

## दानिश कनेरिया ने पीसीबी पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने मौजूदा विश्व कप 2023 में क्रिकेट पर कम और राजनीति पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाकिस्तानी खिलाड़ियों के मनोबल को कम करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की आलोचना की है। भारत में खेले जा रहे वर्ल्ड कप में लचर प्रदर्शन को लेकर पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को अपनी कप्तानी कौशल और अपनी बल्लेबाजी को लेकर काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। बाबर आजम की कथित व्हाट्सएप चैट सामने आई, जिसके बाद इंजमाम-उल-हक ने राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य चयनकर्ता के पद से इस्तीफा दे दिया। दानिश कनेरिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीसीबी की आलोचना करते हुए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, जहां एक तरफ अफगानिस्तान क्रिकेट पर अधिक और राजनीति पर कम ध्यान दे रहा है, वहीं, पाकिस्तान क्रिकेट पर कम और राजनीति पर अधिक ध्यान दे रहा है। बाबर आजम की निजी चैट लीक हो गई हैं और इंजमाम उल हक ने खिलाड़ी प्रबंधन कंपनी में उनकी कथित भागीदारी के बाद मुख्य चयनकर्ता के रूप में पद छोड़ दिया है। पाकिस्तान की टीम बुरे दौर से गुजर रही है। यह पीसीबी के साथ-साथ टीम में भी कुछ बड़े बदलावों का समय है। इस सारी उथल-पुथल के बीच, बाबर की सफेद गेंद की कप्तानी को लेकर भी संदेह बढ़ रहा है, जो मौजूदा वनडे विश्व कप में उनकी टीम के प्रदर्शन के बाद दांव पर है। पाकिस्तान इस समय टूर्नामेंट में सातवें स्थान पर है।

# विश्व कप में न्यूजीलैंड का पलड़ा दक्षिण अफ्रीका पर रहा है भारी





**पुणे** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। आंकड़ों के हिसाब से आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका पर न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी रहा है। एकदिवसीय विश्व कप मुकाबलों में दोनों टीमों के बीच आठ मैच खेले गए हैं। जिनमें से छह मुकाबलों में न्यूजीलैंड ने जीते है है और दो मैच दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली।

आईसीसी एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप 2023 के 32वां मुकाबला दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच एक नवंबर को खेला जाएगा। मौजूदा विश्वकप में न्यूजीलैंड चार मुकाबले जीते हैं और अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका को पांच मैच में जीत मिली है और वह दूसरे स्थान पर है।


न्यूजीलैंड की टीम अपने पिछले दो मुकाबले भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार चुकी है। ऐसे में सेमीफाइनल में उन्हें जगह बनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला जीतना होगा। टीम की गेंदबाजी इन दोनों मैच में अच्छी नहीं रही थी। कल का मुकाबला जितने के लिए तेज गेंदबाज मैट हेनरी और ट्रेंट बोल्ट को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

दक्षिण अफ्रीका इस विश्व कप में अच्छी फार्म में चल रही है। उनके बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक, एडेन मार्करम और हेनरिक क्लासेन शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार देखा जाये तो विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा न्यूजीलैंड पर भारी रहा है।

आंकड़ों के अनुसार न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच 71 एकदिवसीय मुकाबले खेले गए हैं। जिसमें से न्यूजीलैंड ने 25 मुकाबलों में जीते है। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने 41 मैच अपने नाम किए हैं। पांच मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र ने पिछले 10 मैच में 59.65 की औसत से 477 रन बनाए हैं। डेरिल मिचेल के बल्ले से पिछले सात मैच में 326 रन बनाये है। एडेन मार्करम ने पिछले 10 मैच में 62.44 की औसत से 562 रन बनाए हैं। मिचेल सैंटनर ने पिछले छह मैच में 14 विकेट झटके हैं। मैट हेनरी के नाम पिछले सात मैच में 13 विकेट है। मार्को जानसन ने पिछले 10 मैच में 20 विकेट लेने वाले खिलाड़ियों पर नजर रहेगी।

# राष्ट्रीय खेलों का मेरे दिल में विशेष स्थान है : रानी रामपाल

> राष्ट्रीय खेलों का मेरे दिल में एक विशेष स्थान है। मैंने पहली बार 2007 में राष्ट्रीय खेलों में भाग लिया था और वहां मेरे प्रदर्शन के आधार पर मुझे राष्ट्रीय शिविर के लिए चुना गया था। यह वही टूर्नामेंट है जिसने मेरे लिए राष्ट्रीय टीम के दरवाजे खोले। अपने देश के लिए खेलना किसी भी खिलाड़ी के जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण होता है: रानी रामपाल



**पणजी,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने कहा है कि उनका राष्ट्रीय खेलों से विशेष जुड़ाव है क्योंकि इन खेलों में उनके प्रदर्शन के कारण ही उन्हें राष्ट्रीय शिविर में जगह मिली।

भारतीय सीनियर टीम के लिए डेब्यू करने वाली सबसे कम उम्र की महिला हॉकी खिलाड़ी होने का रिकॉर्ड रखने वाली रानी को पहली बार 2007 में राष्ट्रीय टीम के लिए चुना गया था, जब वह असम के गुवाहाटी में आयोजित खेलों में सिर्फ 14 साल की थीं और उनका करियर इसके बाद तेजी से आगे बढ़ा।

28 वर्षीय खिलाड़ी ने तब से भारत के लिए 250 से अधिक मैच खेले हैं और अपने शानदार करियर के दौरान 120 से अधिक गोल किए हैं। लेकिन राष्ट्रीय खेलों का मंच अभी भी रानी के जीवन में एक विशेष स्थान रखता है। रानी अपना चौथा राष्ट्रीय खेल खेल रही है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय खेलों का मेरे दिल में एक विशेष स्थान है। मैंने पहली बार 2007 में राष्ट्रीय खेलों में भाग लिया था और वहां मेरे प्रदर्शन के आधार पर मुझे राष्ट्रीय शिविर के लिए चुना गया था। यह वही टूर्नामेंट है जिसने मेरे लिए राष्ट्रीय टीम के दरवाजे खोले। अपने देश के लिए खेलना किसी भी खिलाड़ी के जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण होता है। लेकिन यह याद रखना हमेशा विशेष होता है कि यह सब कहां से शुरू हुआ। उन्होंने पिछले साल टोक्यो ओलंपिक खेलों में भारतीय टीम को चौथे स्थान पर पहुंचाने के तुरंत बाद गुजरात में राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा टीम का नेतृत्व किया था।

अपने राज्य की टीमों के लिए वरिष्ठ अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के खेलने के महत्व के बारे में बोलते हुए रानी ने कहा, जब हम उभरते हुए खिलाड़ी थे, तो टीम में एक वरिष्ठ अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी होने से हमें अतिरिक्त प्रेरणा मिलती थी। हरियाणा की इस टीम ने युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बनाया है और अगर मैं उपस्थिति उन्हें उत्कृष्टता हासिल करने में किसी भी तरह से मदद कर सकती है तो हॉकी के लिए इससे बेहतर योगदान क्या हो सकता है।

रानी इस बात से खुश थी कि गोवा इस साल राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी कर रहा है और उन्होंने कहा कि यह देश भर में बढ़ती खेल संस्कृति को दर्शाता है और उम्मीद है कि राज्य निकट भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय सितारे पैदा करेगा।

## सार संक्षेप

### पेरिस 2024 क्वालीफायर को लेकर कैमरून के कोच आशावादी

**याउंडे।** मुख्य कोच जीन बैप्टिस्ट बिसेक ने कहा कि कैमरून पर कोई दबाव नहीं है और वह मंगलवार को पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के महिला फुटबॉल क्वालीफायर में युगांडा के खिलाफ क्वालीफाई करने की उम्मीद कर रहे हैं। पिछले हफ्ते क्वालीफायर के दूसरे दौर के पहले चरण में युगांडा ने कैमरून को 2-0 से हराया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कैमरून मंगलवार को रीयूनिफिकेशन स्टेडियम में वापसी चरण में युगांडा क्रेस्टेड क्रेन्स की मेजबानी करेगा। बिसेक ने सोमवार शाम प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मेरे पास कोई परियोजना नहीं है। हमें दबाव के बिना, दृढ़ संकल्प के साथ खेलना होगा। कैमरून के डिफेंडर इलियाने माम्बोलाम्बो ने कहा, समूह की मानसिक स्थिति को जानते हुए, मैं कहूंगा कि जीत का प्रतिशत 200 है। युगांडा के अंतरिम मुख्य कोच चार्ल्स अयीकोह लुकुला ने कहा, हमें स्कोर करना चाहिए और जब हम स्कोर कर लेते हैं तो हम बचाव करते हैं।

### पॉल स्टर्लिंग बने आयरलैंड के वाइट बॉल कप्तान

**डबलिन।** पॉल स्टर्लिंग को तत्काल प्रभाव से आयरलैंड के पुरुषों की सफेद गेंद का स्थायी कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि एंड्रयू बालबर्नी उनके रेड बॉल के कप्तान बने रहेंगे। स्टर्लिंग, जिन्हें एंड्रयू बालबर्नी के इस भूमिका से हटने के बाद जुलाई में अंतरिम सफेद गेंद का कप्तान नियुक्त किया गया था। उन्होंने सभी प्रारूपों (6 वनडे, 16 टी20) में 22 बार आयरलैंड का नेतृत्व किया है। स्टर्लिंग ने 376 मौकों पर आयरलैंड के लिए प्रदर्शन किया है और सभी प्रारूपों में 11,756 रन बनाए हैं, वो आयरलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वह तीनों प्रारूपों में शतक बनाने वाले केवल 25 क्रिकेटरों में से एक हैं। अपनी स्थायी नियुक्ति के बारे में बात करते हुए स्टर्लिंग ने कहा, आयरलैंड के लिए खेलना हमेशा मेरे लिए गर्व की बात रही है और स्थायी सफेद गेंद कप्तान के रूप में पुष्टि होना एक ऐसी मान्यता है, जिसे मैं हल्के में नहीं लेता।

### शूटर श्रीयांका सदांगी ने भारत के लिए जीता 13वां ओलंपिक कोटा

**चांगवोन (एस कोरिया)।** श्रीयंका सदांगी ने मंगलवार को चल रही एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहकर भारत के लिए 13वां पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा स्थान हासिल किया। श्रीयंका सदांगी फाइनल में 440.5 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं। दक्षिण कोरिया की यूनसेओ ली (468.5) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीनी निशानेबाज जियायु हान (463.3) और सियू ज़िया (453.3) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किया।

# अमनदीन की हैट्रिक से भारत की जूनियर हॉकी टीम न्यूजीलैंड को 6-2 से हरा सेमीफाइनल में

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। ड्रैग फ्लिकर अमनदीप लाकरा (दूसरे, सातवें और 35 वें मिनट) की हैट्रिक , अरुण साहनी (12 वें 53वें) के दो और पुवन्ना चंडुरा बॉबी (42 वें मिनट) के एक गोल की बदौलत मौजूदा चैंपियन भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम न्यूजीलैंड पर पूल बी में सोमवार को जोहोर बाहरू में 6-2 की धमाकेदार जीत के साथ 11 वें सुलतान ऑफ जोहोर कप 2023 में सेमीफाइनल में स्थान बनाने के साथ अपना खिताब बरकरार रखने की ओर बढ़ गई। पराजित न्यूजीलैंड की ओर से दोनों गोल ल्युक अल्ड्रेड (29 वें और 60 मिनट) ने दागे। भारत ने पाकिस्तान से अपना पहला पूल मैच तीन- तीन से ड्रॉ खेलने के बाद मेजबान मलयेशिया को 3-1 से हराया।



अमनदीप लाकरा ने मैच के दूसरे मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर अचूक और दमदार ड्रैग फ्लिक पर न्यूजीलैंडके गोलरक्षक ल्यूक एल्मस को छका गोल कर भारत की जूनियर टीम कर खाता खोला। अमनदीप लाकरा ने पांच मिनट बाद एक मिले पेनल्टी कॉर्नर पर एक और तेज फ्लिक पर गोल कर भारत की जूनियर टीम के 2-0 कर दिया। कप्तान उत्तम सिंह की अगुवाई मे मौजूदा चैंपियन भारत की अग्रिम पंक्ति ने शुरू से ही न्यूजीलैंड के गोल पर दबाव बनाया। अरुण साहनी मैच के 12 वें मिनट मे गोल कर भारत की बढ़त 3-0 कर दी। न्यूजीलैंड के ल्युक अल्ड्रेड हाफ खत्म होने से मिनट भर पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल स्कोर 1-3 कर दिया। अमनदीप लाकरा ने तीसरे क्वॉर्टर के पांचवें मिनट में गोल कर भारत की बढ़त 4-1 कर दी।

अमनदीप लाकरा ने तीसरे क्वॉर्टर के पांचवें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी करने के साथ भारत की बढ़त 4-1 कर दी। चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के अधबीच पुवम्मा ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर और अगले ही मिनट अरुण साहनी ने मैच काअपना दूसरा गोल कर भारत को 6-1 से आगे कर दिया। मैच के आखिरी क्षणों में न्यूजीलैंड के ल्यूक अल्ड्रेक ने तेज फ्लिक से गोल कर स्कोर 2-6कर दिया। भारत ने इस जीत के साथ सेमीफाइनल में स्थान बना लिया।

# मैंने इतने शतक बनाने के बारे में कभी नहीं सोचा था : विराट



**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों के वनडे रिकॉर्ड की बराबरी करने की कगार पर हैं। उन्होंने कहा है कि इन 12 वर्षों में इतने शतक बनाने के बारे में कभी नहीं सोचा था। मौजूदा वनडे विश्व कप में कोहली का प्रदर्शन शानदार रहा और उन्होंने छह मैचों में 354 रन बनाए हैं। जिसमें पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ एक शतक (48वां शतक) भी शामिल है। हालांकि, रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच में वनडे विश्व कप के इतिहास में पहली बार शून्य पर आउट होने के बाद कोहली ने अपने वनडे विश्व कप करियर में यह अनचाहा रिकॉर्ड जोड़ दिया है। स्टार स्पोर्ट्स से खास बातचीत में कोहली ने अपने विचार रखे कि उनका करियर कैसा रहा। कोहली ने कहा, अगर हम क्रिकेट के बारे में बात करें तो मैंने कभी भी सब कुछ हासिल करने के बारे में नहीं सोचा था। इस समय जहां मेरा करियर है ऐसा मैंने कभी नहीं सोचा था। यह ऊपर वाले की देन है जिसने मुझे इतनी लंबी अवधि के करियर से नवाजा। मैंने केवल सपना देखा था कि मैं ऐसा करूंगा, लेकिन कभी सोचा नहीं था कि चीजें इस तरह से होंगी, कोई भी इन चीजों की योजना नहीं बना सकता। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इन 12 वर्षों में इतने सारे शतक और इतने रन बना पाऊंगा। कोहली क्रिकेट करियर में सबसे तेज 26,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। उन्होंने 567 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की। अपने पूरे करियर के दौरान विराट का पूरा फोकस अपने गेम को बेहतर करने पर था।